सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 6:03
अधिकतम तापमान : 26.0
न्यूनतम : 12.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-255 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 24 फरवरी 2024
13 शाबान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## पीएम मोदी ने काशी को दी 13 हजार करोड़ की सौगात

# काशी का विकास थमेगा नहीं: मोदी

**विपक्ष पर तंज**

- मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं
- मोदी की गारंटी है- हर लाभार्थी को शत-प्रतिशत लाभ



**वाराणसी।** पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार देर रात वाराणसी पहुंच गए थे। शुक्रवार को मोदी ने बनास डेयरी प्लांट समेत 10972 करोड़ की 23 परियोजनाओं का लोकार्पण और 3344 करोड़ की एक दर्जन से ज्यादा परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

कहा कि जब उन्होंने उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला नशेड़ी शब्द सुना तो वह हैरान रह गए। राहुल गांधी का नाम लिए बिना पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस परिवार के राजकुमार कहते हैं कि यूपी के युवा नशेड़ी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, उन्होंने मोदी को गाली देने में दशकों बिताए। लेकिन अब वे अपनी हताशा लोगों पर प्रकट कर रहे हैं। राहुल पर हमला करते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस के युवराज का कहना है कि काशी के नौजवान, यूपी के नौजवान नशेड़ी हैं। जिनके अपने होश ठिकाने नहीं हैं, वो यूपी के, मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी को गाली देते-देते तो इन्होंने 2 दशक बिता दिए और अब ईश्वर रूपी जनता-जनार्दन पर, यूपी के नौजवानों पर ही ये लोग अपनी हताशा निकाल रहे हैं। अरे घोर परिवारवादियों काशी का, यूपी का नौजवान तो विकसित यूपी बनाने में जुटा है, अपना समृद्ध भविष्य लिखने के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा कर रहा है। उन्होंने कहा कि आजकल तो इनके गुस्से का, इनकी बौखलाहट का एक और भी कारण है।

### संयुक्त अरब अमीरात में बना पहला हिंदू मंदिर: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 500 वर्षों के प्रभु श्रीरामलला के वनवास के कालखंड को समाप्त कर अयोध्या धाम में अपनी दूरदर्शिता, वचनबद्धता और कर कमलों से प्रभु को विराजमान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी आए हैं। अयोध्या धाम के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा व प्रयास से संयुक्त अरब अमीरात में पहला हिंदू मंदिर बना है। गत सप्ताह ही उसका लोकार्पण कर पीएम काशी में पधारे हैं। काशी मंदिरों का ही शहर है। अब काशी की आभा वैश्विक मंच पर सांस्कृतिक रूप से बुलंद हो रही है। अबूधाबी में बना मंदिर भी इसका नया उदाहरण है। पीएम का दुनिया की सबसे प्राचीन सांस्कृतिक नगरी काशी में ऐसे समय में आगमन हो रहा है, इसलिए सबसे प्राचीन सांस्कृतिक नगरी में काशीवासियों की तरफ से पीएम का जोरदार अभिनंदन करता हूं।

# चुनाव आयोग जल्द कर सकता है चुनाव की तारीखों की घोषणा

**आवाजाही**

- चुनाव आयोग कई राज्यों का कर रहा दौरा
- 13 मार्च के बाद हो सकता है ऐलान




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग 13 मार्च के बाद लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर सकता है।

चुनाव आयोग के सूत्रों ने कहा कि आयोग आम चुनाव की तैयारियों का आकलन करने के लिए कई राज्यों का दौरा कर रहा है और एक बार यह पूरा होने के बाद तारीखों की घोषणा की जाएगी। केंद्रीय चुनाव निकाय के अधिकारी वर्तमान में तमिलनाडु का दौरा कर रहे हैं, जिसके बाद उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर का दौरा किया जाएगा। राज्य का दौरा 13 मार्च से पहले पूरा होने वाला है। आयोग पिछले कुछ महीनों से तैयारियों का आकलन करने के लिए सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के साथ नियमित बैठकें कर रहा है। अधिकारियों ने बताया कि सीईओ ने समस्या वाले क्षेत्रों, ईवीएम की आवाजाही, सुरक्षा बलों की उनकी आवश्यकता, सीमाओं पर कड़ी निगरानी को सूचीबद्ध किया है। अधिकारियों ने कहा कि विशेष रूप से, चुनाव आयोग इस साल चुनावों के सुचारू संचालन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करने की योजना बना रहा है। चुनाव आयोग ने मई से पहले होने वाले लोकसभा चुनावों के स्वतंत्र और निष्पक्ष संचालन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक तैनात करने का फैसला किया है। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर गलत सूचनाओं को चिह्नित करने और हटाने के लिए ईसीआई के भीतर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए एक समर्पित प्रभाग बनाया गया है।

**जयशंकर ने पश्चिमी देशों को फिर सुनाई खरी-खरी**

# आपकी नीतियों से ही रूस और चीन करीब आए

**निशाना**

- रूस के साथ भारत के संबंध स्थायी और बहुत दोस्ताना
- जी-20 का विस्तार हो सकता है, यूएनएससी का क्यों नहीं



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को मौजूदा भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और उनके दुष्परिणामों का जिक्र किया। इस साथ ही उन्होंने कहा कि रूस शासन कला की एक विशाल परंपरा वाली ताकत है और वह एशिया या दुनिया के गैर-पश्चिम हिस्सों की ओर अधिक रुख कर रहा है। जयशंकर ने रायसीना डायलॉग में मॉस्को और बीजिंग की बढ़ती नजदीकियों के सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की।

विदेश मंत्री ने कहा कि रूस अन्य देशों, खासतौर पर एशिया के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों की नीतियां रूस और चीन को करीब ला रही हैं। एक तरफ आपके पास ऐसे लोग हैं जो नीतियां बनाते हैं। दोनों को एकसाथ लाते हैं और फिर कहते हैं उनके एक साथ आने से सावधान रहें। दोनों देशों की नजदीकियों को लेकर यह सवाल ऑस्ट्रेलिया के लोवी इंस्टीट्यूट के कार्यकारी निदेशक माइकल फुलिलोव ने पूछा था। इससे पहले जयशंकर ने कहा था कि रूस के साथ भारत के स्थायी और बहुत दोस्ताना संबंध हैं। मॉस्को ने कभी भी नई दिल्ली के हितों को नुकसान नहीं पहुंचाया है। यूक्रेन पर मॉस्को के हमले के बावजूद भारत और रूस के संबंध मजबूत बने रहे। कई पश्चिमी देशों की आपत्तियों के बावजूद भारत ने रूस से कच्चे तेल का आयात बढ़ाया है।

## ईडी ने सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस से फिर की पूछताछ



**दिव्यांगों के कृत्रिम अंग व उपकरण बांटने में घपले का मामला**

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिव्यांगों के कृत्रित अंग व उपकरण बांटने में हुए घपले के मामले में कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद से फिर पूछताछ कर उनके बयान दर्ज किए हैं। सूत्रों के अनुसार, ईडी ने गुरुवार को लुईस खुर्शीद को बुलाया था। लुईस ने दिव्यांगों को उपकरण वितरित किए जाने के लिए लगाए गए कैंपों से जुड़े दस्तावेज जांच एजेंसी को सौंपे हैं। दस्तावेजों के परीक्षण के बाद आगे की कार्यवाही होगी। ईडी ने इससे पूर्व 14 व 15 फरवरी को लुईस खुर्शीद से लंबी पूछताछ की थी। उन्हें नोटिस देकर पूछताछ के लिए फिर बुलाया गया था।

# एमएलसी की 13 सीटों पर चुनाव के लिए तारीखों का ऐलान

**लोकतंत्र**

- नामांकन चार मार्च को होंगे शुरू
- 21 मार्च को मतदान होगा
- सपा के लिए तीन सीटें आसान, चौथे के लिए संघर्ष

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से पहले विधान परिषद की 13 सीटों के लिए चुनाव होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने पांच मई को रिक्त होने वाली 13 सीटों के लिए शुक्रवार को चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया। चार मार्च को चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन शुरू हो जाएंगे। 11 मार्च तक नामांकन भरे जाएंगे। 12 को नामांकन पत्रों की जांच व 14 तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 21 मार्च को मतदान होगा। इसी दिन शाम पांच बजे से मतगणना कर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। विधान परिषद की 13 सीटें पांच मई को रिक्त हो रही हैं। इनमें भाजपा के 10, सपा, बसपा व अपना दल (सोनेलाल) के एक-एक सदस्य शामिल हैं।

### नौ सीट आसानी से जीत लेगी भाजपा

इस समय विधानसभा में चार सीटें रिक्त होने के कारण 399 विधायक हैं। ऐसे में तय फार्मूले के तहत प्रत्येक विधान परिषद सीट पर जीत के लिए 29 विधायकों का वोट चाहिए। भाजपा व उसके सहयोगी दलों को मिलाकर कुल 277 विधायक हैं। रालोद ने भी सपा का साथ छोड़कर अपनी प्रतिबद्धता एनडीए में जता दी है, इसलिए उसके नौ विधायकों के समर्थन के बाद यह संख्या 286 हो जाती है।

## राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मुरादाबाद में आज

**अमरोहा।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा शनिवार को पहली बार पार्टी नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगी। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार श्रीमती वाड्रा कल 24 फरवरी को श्री गांधी के साथ भारत जोड़ो न्याय यात्रा में उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में शामिल होंगी और फिर अमरोहा, संभल, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, आगरा होते हुए फतेहपुर सीकरी तक उनके साथ रहेंगी। गौरतलब है श्री गांधी ने 14 जनवरी को मणिपुर से अपनी पूरब से पश्चिम की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की थी। उनकी यह यात्रा 15 राज्यों से होते हुए 20 मार्च को मुंबई में खत्म होगी। यात्रा करीब 6500 किलोमीटर की होगी जो बस से पूरी की जाएगी।

# बिहार विधान परिषद की 11 सीटों पर 21 मार्च को मतदान


**सीट**


- नीतीश कुमार समेत कई दिग्गजों का कार्यकाल हो रहा पूरा


**पटना।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बिहार विधान परिषद की 11 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव की घोषणा की, जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सीट भी शामिल है, जिसका कार्यकाल दो महीने में समाप्त हो जाएगा। जिन लोगों का वर्तमान कार्यकाल 6 मई को समाप्त हो रहा है उनमें पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी (राजद) और उनकी पार्टी के नेता राम चंद्र पूर्वे शामिल हैं। 11 सीटों पर चुनाव के लिए अधिसूचना 4 मार्च को जारी की जाएगी और 11 मार्च तक नामांकन पत्र दाखिल करना होगा। उम्मीदवार 14 मार्च तक अपना पर्चा वापस ले सकते हैं। राज्य विधान सभा के सदस्य 21 मार्च को उम्मीदवारों के लिए अपना वोट डालेंगे और उसी दिन शाम को वोटों की गिनती भी होगी और 23 मार्च तक इसे पूरा करना होगा। 11 सीटों में से तीन पर भाजपा का कब्जा है जिसके प्रतिनिधि पूर्व केंद्रीय मंत्री संजय पासवान और सैयद शाहनवाज हुसैन और पूर्व राज्य मंत्री मंगल पांडे हैं।

# किसानों का दिल्ली कूच 29 तक टला

**नई दिल्ली।** किसानों ने अपनी मांगों को लेकर दिल्ली कूच का ऐलान किया था लेकिन किसानों को हरियाणा पंजाब सीमा पर ही रोक लिया गया था। संयुक्त किसान मोर्चा ने 29 फरवरी तक अपना दिल्ली चलो मार्च स्थगित करने का फैसला किया है। किसान संगठन के नेता सरबन सिंह पंढेर ने खनौरी सीमा पर मीडिया से बातचीत में यह बात बताई। उन्होंने बताया कि आगे की रणनीति पर 29 फरवरी को फैसला होगा और हम सभी दुखी हैं, हमने अपने युवा किसान शुभकरण सिंह को खोया है। हमने फैसला लिया है कि 24 फरवरी यानी कल हम कैंडल मार्च निकालेंगे। किसान नेता पंढेर ने बताया कि 26 फरवरी को डब्ल्यूटीओ की एक बैठक है और 25 को शंभू और खनौरी दोनों जगहों पर हम सेमिनार करेंगे कि डब्ल्यूटीओ किसानों को कैसे प्रभावित कर रहा है. किसान नेता ने बताया, हम डब्ल्यूटीओ का पुतला जलाएंगे। डब्ल्यूटीओ ही नहीं हम कॉरपोरेट और सरकार का भी पुतला जलाएंगे। किसान नेताओं का यह भी कहना है कि किसानों की संख्या कम नहीं हो रही बल्कि वह खनौरी बॉर्डर की ओर शिफ्ट हो गए हैं। खनौरी बॉर्डर पर शुभकरण व अन्य किसानों को श्रद्धांजलि देते हुए शनिवार 24 फरवरी को शंभू और खनौरी बॉर्डर पर कैंडल मार्च निकाला जाएगा।







# फर्टिलाइजर्स दुकान पर प्रशासन का छापा, प्रोपराइटर पर एफआईआर

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायत का डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने त्वरित संज्ञान लेकर जांच के लिए तहसीलदार निघासन भीमसेन की अध्यक्षता में समिति गठित की। टीम ने निगम फर्टिलाइजर्स बिनौरा पर छापेमार कार्रवाई करते हुए प्रोपराइटर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते हुए गोदाम एवं दुकान को सील किया।समिति ने तहसीलदार भीमसेन की अगुवाई में जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी, पीपीओ सत्येंद्र सिंह ने पुलिस बल के संग गत 21 फरवरी को मैसर्स निगम फर्टिलाइजर्स बिनौरा ब्लॉक निघासन का संयुक्त रूप से निरीक्षण करते हुए जाँच की। निरीक्षण के वक्त दुकान, पास में बने गोदाम एवं दुकान के पास खड़ी मिली वाहन (पिकअप) संख्या यूपी 31 टी 7121 की जांच की। जांच के दौरान दुकान-गोदाम में विभिन्न प्रकार के उर्वरक एवं रसायन भण्डारित मिले



तथा प्रतिष्ठान के बाहर पिकअप संख्या यूपी 31टी 7121 में उर्वरक एमओपी च20-60%, नमक बोरी एवं बोरी सिलाई मशीन रखी मिली।गठित समिति ने बरामद उर्वरकों कीटनाशकों एवं उर्वरक विनिर्माण से सम्बन्धित सामग्री के बारे में फर्म के प्रोपराइटर शिव पंकज पुत्र तुलसीराम निवासी ग्राम बिनौरा ब्लॉक निघासन से पूछताछ किये जाने पर कोई सन्तोषजनक उत्तर नहीं मिला एवं प्रस्तुत किये गये उर्वरक प्राधिकार पत्र पर गोदाम की चौहद्दी अंकित नहीं मिली तथा कीटनाशक विक्रय एवं उर्वरक विनिर्माण की सामग्री आदि से सम्बन्धित कोई भी अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गये। दुकान, गोदाम एवं पिकअप से उर्वरकों के कुल 08 नमूने एवं कीटनाशकों के कुल 05 नमूने ग्रहीत किये जाने के बाद बरामद किये गये उपरोक्तानुसार उर्वरक, रसायन एवं समस्त सामग्री को संदिग्धावस्था के कारण उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत नियमानुसार सीज करते हुये सील कर दिया गया। फर्म के प्रोपराइटर शिव पंकज पुत्र तुलसी राम निवासी ग्राम बिनौरा के विरूद्ध सम्बन्धित थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई।

## स्कूल पढ़ने आए मासूम बच्चों से स्कूल में झाड़ू लगाते बच्चो का मामला आया सामने



**मोहम्मदी खीरी।** स्कूल पढ़ने आए मासूम बच्चों से स्कूल में झाड़ू लगाते बच्चो का मामला सामने आया है। सविलियन प्राथमिक विद्यालय ग्राम खेतहरा में मासूम बच्चों से स्कूल के भीतर झाड़ू लगाने का वीडियो व फोटो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। स्कूल में मासूम छात्रों को पढ़ाने की बजाय उनसे काम करवाया जाए तो क्या होगा। जहां स्वजन अपने नौनिहालों के भविष्य को संवारने के लिए स्कूल भेजते हैं, लेकिन स्कूल में शिक्षकों के द्वारा मासूम छात्रों के नन्हे हाथों में झाड़ू दे दी जाए तो क्या होगा। जाहिर सी बात है इससे उनकी पढ़ाई पर विपरीत असर पड़ेगा। वे पढ़ाई में कम और दूसरी चीजों पर ज्यादा ध्यान देंगे। दरअसल, मोहम्मदी तहसील क्षेत्र के ग्राम खेतहरा सविलियन विद्यालय में हो भी यही रहा है। स्कूल में पढ़ने के लिए आने वाले बच्चों को शिक्षक अच्छी तालीम देने के बजाय उनसे साफ सफाई करवा रहे हैं, जिसका वीडियो व फोटो सोशल साइड में तेजी से वायरल हो रहे है। इसमें स्कूल के मासूम छात्र-छात्राएं अपने नाजुक हाथों में झाड़ू लेकर स्कूल परिसर में साफ-सफाई करते हुएनजर आ रहे हैं इन मासूम छात्रों को साफ तौर पर देखा जा सकता है। वही इस विषय पर बीओ से जानकारी लेनी चाही तो उन होने बताया की बच्चे और टीचर एक साथ साफ सफाई कर सकते हैं।

# भारी संख्या में मेला मैदान मोहल्ले के महिलाएं पहुंची नगर पालिका

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** ईओ नगर पालिका के खिलाफ भारी संख्या में मेला मैदान मोहल्ले के महिलाएं पहुंची नगर पालिका पानी की टंकी का काम जो आप के द्वारा रुकवाने पर महिलाओं में भारी आक्रोश नगर पालिका में मौजूद मोहल्ला शिवपुरी वार्ड के लोगों ने हम को पानी चाहिए हम को पानी चाहिए ईओ साहब हाय हाय, ईओ साहब हाय हाय से गूंजी नगरपालिका।

## नेपाल में तस्करी हेतु ले जाते समय 18.50 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना गौरीफंटा के नेतृत्व में दिनांक 23.02.2024 को थाना गौरीफंटा पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा गस्त व चेकिंग के दौरान अभियुक्त राजेश कुमार गुप्ता पुत्र रामस्वरूप गुप्ता निवासी मोहल्ला रंगरेजान प्रथम कस्बा व थाना पलिया जनपद खीरी को 18.50 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर को नेपाल राष्ट्र में तस्करी हेतु ले जाते समय गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में मु0अ0स0 04/2024 धारा 8/22/23 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत करके अग्रिम विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है।

## बिना लाइसेंस दवाईयों के अवैध भंडारण करने पर मारा छापा



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** बिना लाईसेंस के एक गोदाम में अवैध रूप से दवाईयों कै भडारण का खुलासा कर मंडल औषघि विभाग की टीम ने छापा मार लाखों रूपये की दवाईयों को सीज किया है। मंडल औषधि विभाग की टीम ने बेहट रोड स्थित अग्रसेन वाटिका में बिना लाईसेस के एक गोदाम में दवाईयों का भंडारण करने का खुलासा कर लाखों रूपये की दवाईयों को सीज किया है। सहायक आयुक्त औषधि दीपक शर्मा ने कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें सूचाना मिली थी एक व्यक्ति द्वारा बिना लाइसेंस के दवाईयों का अवैध भंडारण किया गया है। उन्होंने सूचना पर कार्रवाई करने को मंडल स्तर की टीम का गठन किया, जिसमें जिला औषधि निरीक्षक लवकुश प्रसाद, शामली ड्रग निरीक्षक सुश्री निधि पांडेय, मुजफ्फरनगर से औषधि निरीक्षक पवन कुमार को रखा गया और उनके नेतृत्व में आज छापा मार कार्रवाई की गयी। आज टीम बेहट रोड स्थित अग्रसेन वाटिका पहुंची। जिसमें गुप्ता ड्रग्स एवं केमिस्ट के गोदाम पर जांच की गई, जहां बिना लाइसेंस के अवैध गोदाम पर दवाइयों का अवैध भंडारण पाया गया। उन्होंने बताया कि श्रीमती योगिता पत्नी अनुज गुप्ता निवासी गंगोत्री विहार के नाम पर यह कार्य होना पाया गया। उन्होंने बताया कि सभी दवाईयों को सीज किया जा रहा है और पांच नूमने जांच के लिए गए हैं। अनुमानित लगभग 30 लाख की औषधि पकड़ी गयी है जिसे विभागीय कार्रवाई के उपरांत न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

## शिवालिक इंस्टीट्यूट के छात्र ने प्रथम स्थान पाकर किया परिवार एवं संस्थान का नाम रोशन

**सहारनपुर।** माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षान्त समारोह में कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश शासन आनंदीबेन पटेल एवं पदमश्री योगाचार्य भारत भूषण व कुलपति डॉ.एचएस सिंह द्वारा जनमंच सभागार में शिवालिक इंस्टीट्यूट ऑफ़एजुकेशन सहारनपुर के होनहार छात्र आदित्य प्रताप को शिक्षा शास्त्र बीएड में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर संस्थान के सचिव डॉ.जेसी शर्मा ने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की उन्होंने कहा कि अंतिम ध्येय विद्या प्राप्ति है और इसी विद्या प्राप्ति के द्वारा अंधकार से मुक्ति पाई जा सकती है। सभी छात्र अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद जब अलग अलग संस्थानो से जुड़ते हैं तब आपको एक बात ध्यान रखनी चाहिए कि उस संस्था की प्रगति ही आपकी प्रगति होगी।

## स्वच्छ बसंत प्रतियोगिता में सहारनपुर पुरस्कार के लिए नामित



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** प्रदेश के नगर विकास विभाग ने स्वच्छ बसंत प्रतियोगिता में सहारनपुर नगर निगम को पुरस्कार के लिए नामित किया है। यह प्रतियोगिता प्रदेश के सभी निगमों, नगर पालिकाओं व नगर पंचायत स्तर पर 12 जनवरी से 24 फरवरी 2024 तक आयोजित की गयी थी। 17 नगर निगमों में से सहारनपुर के अलावा लखनऊ एवं कानपुर को भी पुरस्कार के लिए नामित किया गया है।

अपर नगरायुक्त एस के तिवारी ने बताया कि शासन के निर्देश पर निकाय स्तर पर गत 12 जनवरी से 24 फरवरी तक स्वच्छ वसंत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें निकायों द्वारा प्रतियोगिता के नियमानुसार आयोजित गतिविधियों के आधार पर प्रदेश नगर विकास विभाग ने प्रदेश के 17 नगर निगमों में से तीन नगर निगमों सहारनपुर, लखनऊ व कानपुर को पुरस्कार के लिए नामित किया है। अपर नगरायुक्त ने बताया कि प्रतियोगिता के तहत जिन गतिविधियों को निगमों द्वारा दर्शाया गया है लखनऊ से एक टीम उक्त निगमों में पहुंचकर उनका स्थलीय निरीक्षण और सत्यापन करेगी। उसके अधार पर ही तीनों निगमों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिया जायेगा।

तिवारी ने बताया कि नगर निगम सहारनपुर ने अपने कर्मचारियों के अलावा सहयोगी एनजीओ उमंग, फोर्स व स्पेस सोसायटी वालंटियर्स के सहयोग से वार्डो में जाकर लोगों को अपने आंगन, टेरिस व बॉलकनी आदि में गार्डन बनाने के लिए तथा पार्को में वाल पेंटिंग के माध्यम से स्वच्छता के प्रति संदेश, कॉलोनियों में कचरा प्रबंधन आदि के सम्बंध में लोगों को प्रेरित किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य लोगों को अपनी कॉलोनी व सोसायटी को स्वच्छता और अपने परिवेश को स्वच्छ रखने तथा अपने घर व प्रतिष्ठान के आसपास के क्षेत्र को पेड़-पौधों से साज सज्जा करने के प्रति जागरुक करना था। उन्होंने बताया कि बेस्ट ऑफिस गॉर्डन, बेस्ट टेरिस गॉर्डन, बेस्ट बॉलकनी गॉर्डन, बेस्ट होम कम्पोस्टिंग, बेस्ट रिसाइकिल पॉट्स, बेस्ट रिसाइकिल इनोवेशन आदि वर्गो में प्रतियोगिता आयोजित की गयी।

## मिल सुचारू रुप से न चलने व घटतौली की शिकायत पर जीएम का करेंगे घेराव



**लखीमपुर खीरी।** निघासन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह सैकड़ो किसानों के साथ पहुंचे बेलरायां चीनी मिल मिल सुचारू रुप से न चलने व घटतौली की शिकायत पर जीएम का करेंगे घेराव।

## वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना खमरिया पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 71/24 धारा 363/366/376 भादवि व ङ पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त सुनील पुत्र अवतारी यादव नि0 ग्राम खमरिया पंडित थाना खमरिया जिला खीरी को गिरफ्तार किया गया, अग्रिम विधिक कार्यवाही करके अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा गया।

# दीनशाह गौरा में जल जीवन मिशन कार्यक्रम का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** ब्लॉक दीनशाह गौरा में जल जीवन मिशन जल गुणवत्ता के योजनान्तर्गत ड्ड्क्त ढ्ढश्वष्ट का कार्यक्रम का आयोजन किया गया प्रत्येक राजस्व ग्राम पंचायत में जल की जांच करके स्नञ्ज्य महिलाओं के माध्यम से पानी की जांच ,की शुद्धता असुधता के बारे में बताया जायेगा , सोसल मैपिंग के माध्यम घर में आने जाने से कई प्रकार के गंदगी से होने वाली बीमारी के बारे में बताया जायेगा ,प्रोजेक्टर के माध्यम से FTK महिलाओं को शुद्ध पेयजल पीने और उससे होने वाले बीमारी से बचाव के बारे में बताया जायेगा विकास खण्ड के सहायक विकास अधिकारी ,प्रधान और ब्लॉक के सचिव लोगो के उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारभ द्वह्र द्वद्ग सहायक विकास अधिकारी जी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमे जिला के डीपीसी मेराज अनवर जी, एडीपीसी गुलजार अली, अमजद खान, सूरज तिवारी, अशोक शुक्ला, आदि लोग मौजूद रहे।

# सौरभ कुमार एडवोकेट का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत



*अवधनामा संवाददाता*


महराजगंज रायबरेली। तहसील परिसर में समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा द्वारा नवनियुक्त किए गए बछरावां विधानसभा अध्यक्ष सौरभ कुमार एडवोकेट का अधिवक्ताओं ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। जानकारी हो की प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सभा सिकंदर यादव एडवोकेट के निर्देशन में समाजवादी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल द्वारा सौरभ कुमार की बछरावां विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर नव नियुक्त समाजवादी अधिवक्ता सभा बछरावां विधानसभा अध्यक्ष सौरभ कुमार ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अधिवक्ता के हित में व उनके सम्मान के लिए हमेशा लड़ाई लड़ेंगे तथा किसी भी अधिवक्ता के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। इस मौके पर अर्जुन सिंह, फिरोज अहमद, विजय कनौजिया, जितेन्द्र गौतम, सर्वेश गौतम, हर्षित चौधरी, राजेंद्र मौर्य, मोहम्मद जावेद, रमेश राजवंशी, बिंदेश राव, कन्धई लाल सहित भारी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# राज्यपाल को जिलाधिकारी ने स्वयं लिखित पुस्तक काल प्रेरणा एवं कर्म निर्णय की भेंट

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने स्वयं लिखित एवं राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश द्वारा अमृत लाल नागर पुरस्कार प्राप्त पुस्तक ÷काल प्रेरणा÷ तथा कर्म निर्णय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदी बेन पटेल जी को भेंट की। जिस पर महामहिम द्वारा जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र के साहित्यिक प्रयासों की सराहना की गई।

जिलाधिकारी द्वारा लिखित पुस्तक कर्म निर्णय का विमोचन केरल भवन में शिक्षक दिवस के अवसर पर केरल के महामहिम राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान द्वारा किया गया था। महामहिम ने इस पुस्तक की सारगर्भिता, प्रासंगिकता और उपयोगिता पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए संदेश भेजा था कि डा.दिनेश चन्द्र सिंह की पहली



पुस्तक काल प्रेरणा की तरह इस नई रचना कर्म निर्णय में भी जितने विषयों पर चर्चा की गई है, उन सब में जो बात प्रमुखता से उभर कर आती है, वह भारतीय सांस्कृतिक जगत का सार्वभौमिक दृष्टिकोण है, जिसके सन्दर्भ में वह विभिन्न समस्याओं के समाधान ढूँढने का प्रयास करते हैं। पुस्तक का यह पहलू ऐसा है जो निश्चित ही हमारे युवा वर्ग को अपनी सांस्कृतिक विरासत को और ज्यादा समझने के लिये प्रेरित करेगा।

महामहिम से सम्मान पाकर डॉ दिनेश चंद्र ने बतौर लेखक अपने भावनात्मक उद्गार प्रकट किए और कहा कि इस पुस्तक कर्म निर्णय में जो भी लिखा वह स्वयं देखा और महसूस किया और मां सरस्वती के आशीर्वाद से उनको शब्दो में व्याख्यायित किया।

राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग बृजेश सिंह, योग गुरु पदम भारत भूषण, परमेश्वर सिंह सहित समाज के अन्य बुद्धिजीवियों द्वारा भी जिलाधिकारी की कण्ठमुक्त से सराहना की गई है। कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश शासन आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में गुरूवार को सहारनपुर में माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षान्त समारोह एवं आंगनवाडी केन्द्रों को शैक्षणिक किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

## प्रमुख सचिव का एम्स दौरा, तैयारियों का लिया जायजा

**रायबरेली।** सीएम योगी आदित्यनाथ के एम्स रायबरेली दौरे के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा पार्थसारथी सेन शर्मा और एमपी एनएचएम डॉ पिंकी जोवेल एम्स पहुँचे। प्रमुख सचिव ने डीएम हर्षिता माथुर, एसपी अभिषेक अग्रवाल के साथ एम्स के डायरेक्टर और अन्य अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियों को परखा। पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा 25 फरवरी को राजकोट में एम्स के शिलान्यास के साथ निर्मित पाँच एम्स को राष्ट्र को समर्पित करने के कार्यक्रम है। इस दिन मुख्यमंत्री एम्स में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मवड़िया केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, सहित आधा दर्जन से अधिक मंत्री शामिल होंगे।

# संत रविदास के विचार प्रेरणादायकः घनश्याम जायसवाल



*अवधनामा संवाददाता*


**तरबगंज गोंडा।** संत शिरोमणि गुरु रविदास ने अपने विचारों के माध्यम से समाज को अधिक जागरूक बनाने का काम किया था। उनका संदेश था कि हमें आपसी बैर और भेदभाव को छोड़कर समाज की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया था कि दूसरों की मदद करने से हमें आनंद मिलता है और ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त होता है। उक्त विचार भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य घनश्याम जायसवाल ने नगर पंचायत तरबगंज डॉ भीमराव अंबेडकर वार्ड हरिजन बस्ती में लोगों को संबोधित करते हुए कहीं।

जायसवाल ने उक्त वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाया तथा छात्रों को निशुल्क पुस्तक और बिस्कुट भेंट करने के उपरांत संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु रविदास जी का संदेश संतता, त्याग, दया और विवेकपूर्ण जीवन जीने के लिए था। उन्होंने दरिद्रता और असामाजिकता के खिलाफ लड़ाई लड़ी और समाज को एकता और समानता की ओर ले जाने का संदेश दिया। उन्होंने अपने जीवन के माध्यम से सभी को यह संदेश दिया कि हम सभी भगवान के बच्चे हैं और हमारी संतता, धर्म और जाति का कोई महत्व नहीं है। उन्होंने समाज में असामाजिक तथा दलितों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी।

एक दिन रविदास जी को एक गुरु मिले जिन्होंने उन्हें संत माना और उन्हें संत मत का ज्ञान दिया। इसके बाद से रविदास जी ने अपना जीवन संतों के उपदेशों और धर्म के मार्ग पर चलने के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से लोगों को धर्म और संतों के महत्व के बारे में समझाया था। इस तरह, गुरु रविदास जी ने संतों के मार्ग पर चलने का निर्णय लिया और उन्होंने संत मत के सिद्धांतों के माध्यम से लोगों को उन्हें समझाना और अपने जीवन को संतों के उपदेशों के अनुसार जीने की सीख देना था। गुरु रविदास जी की उपलब्धियों में उनकी रचनाओं का एक बड़ा संग्रह है, जिनमें उन्होंने संतों के महत्व के बारे में बताया है।

नगर पंचायत के अधिशासी अभियंता ने मौके पर पहुंचकर सफाई नायकों के द्वारा हरिजन आबादी की साफ सफाई कराई तथा ब्लीचिंग पाउडर डलवा कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।स्थानीय लोग युवा भाजपा नेता का काम की तारीफ कर रहे हैं।

## भाजपा किसान मोर्चा द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**गोंडा।** भाजपा किसान मोर्चा के द्वारा ग्राम परिक्रमा यात्रा के अंतर्गत ग्राम चौपाल का आयोजन तरबगंज विधानसभा के अमदही मंडल में सोनौली मोहम्मदपुर ग्रामसभा में किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विद्या भूषण द्विवेदी ने की और संयोजक भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रहे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह 'गप्पू' और विशिष्ट अतिथि राकेश शर्मा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा उपस्थित रहे।क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोनीत होने के बाद अरूण कुमार सिंह का गोंडा जिले में प्रथम आगमन पर कर्नलगंज से ही भव्य स्वागत शुरू हुआ। मुख्य अतिथि ने सर्वप्रथम मां वाराही देवी के दर्शन पूजन किए उसके उपरांत मंदिर प्रांगण में झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान चलाया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।कार्यक्रम में मंच संचालन देव नारायण मिश्र जिला महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा ने किया।ग्राम चौपाल में मुख्य अतिथि ने उपस्थित सभी किसानों को डबल इंजन सरकार की योजनाओं के बारे में बताया और सभी की समस्याओं को सुनकर उनके निदान का आश्वासन दिया।भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विद्या भूषण द्विवेदी ने सभी किसानों को देशी गायों के पालन के लिए प्रोत्साहित किया और गौ आधारित प्राकृतिक खेती के गुण बताए और बताया कि एक देशी गाय के गोमूत्र और गोबर के द्वारा जीवामृत,पंचामृत और कीटनाशक बनाकर 10 एकड़ की जैविक खेती आसानी से की जा सकती है।

# शादी का झांसा देकर तीन साल से कर रहा था दुष्कर्म एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**गोण्डा।** मोतीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती को शादी का झांसा देकर एक युवक पिछले तीन साल से दुष्कर्म करता रहा। इस बीच उसने दूसरी जगह शादी तय कर ली। इसकी जानकारी होने पर युवती ने शादी का दबाव बनाया तो उसने धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने में हीला-हवाली की। इस पर मामला पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचा। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मोतीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती व उसके परिजन पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल से मिले और आप बीती बताई। इस पर एसपी ने थानाध्यक्ष मोतीगंज को मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया। इसके बाद पुलिस ने आनन-फानन में आरोपी युवक के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। युवती ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि आरोपी पिछले 3 वर्ष से फोन पर उससे बातें करता था और शादी का झांसा देकर आए दिन शारीरिक संबंध बनाता था। इस बीच आरोपी युवक ने अपनी शादी अलग तय कर ली। जब उसने उस पर शादी का दबाव बनाया तो उसने पीड़िता के साथ ही उसके पिता और भाई को भी जान से मारने की धमकी दी। बताते चलें कि एक सप्ताह पूर्व भी मोतीगंज थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में दो किशोरियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हुई थीं। थानाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने बताया कि भोरहा गांव निवासी वीरेन्द्र सिंह के खिलाफ जान से मारने की धमकी व दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार करके न्यायालय भेज दिया गया।

## मकान का छज्जा गिरने से पंचायत सहायक की मौत

**गोण्डा।** जिले के तरबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिशुनपुर में शुक्रवार की सुबह एक निर्माणाधीन मकान का छज्जा गिरने से पंचायत सहायक की मौत हो गयी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तरबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिशुनपुर के रहने वाले भोला सिंह अपने मकान का निर्माण करा रहे हैं। शुक्रवार की सुबह इस निर्माणाधीन मकान का छज्जा भर-भराकर गिर गया। छज्जा गिरने से भोला सिंह की बेटी ललिता सिंह (23 वर्ष) मलबे में दब गई और गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गयी। बताया जाता है कि मृतका युवती पंचायत सहायक के पद पर कार्यरत थी।

# सरकारी दफ्तरों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, हड़कंप

अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** जनपद में सरकारी विभागों मे काम की स्थली जांच को लेकर जिलाधिकारी ने कई सरकारी विभागों में औचक निरीक्षण कर हकीकत खंगाली तो हड़कंप मच गया। उन्होंने कमियों को लेकर जहां अपनी नाराजगी जताई तो वहीं मानक अनुसार योजना का लाभ पात्रों तक पहुंचाने का निर्देश भी दिया।

शुक्रवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने कम्पोजिट विद्यालय हाजीपुर पतौना, ऑगनबाड़ी केन्द्र हाजीपुर पतौना, नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सेलरहा पश्चिम, प्राथमिक विद्यालय सौंरई खुर्द, गौ-आश्रय स्थल नगियामई एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराथू का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कम्पोजिट विद्यालय हाजीपुर पतौना के



आकस्मिक निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया तथा प्रधानाध्यापिका से छात्रों की संख्या आदि जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि अभिभावकों को जागरूक कर बच्चों की उपस्थिति और बढ़ाई जाय। उन्होंने कक्षा-1 के छात्रों से दीवाल पर लगे चार्ट में उल्लिखित शब्दों को बच्चों से पढ़वाकर शिक्षा की गुणवत्ता को परखा एवं अध्यापकों को निर्देशित किया कि बच्चां को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किया जाय। उन्होंने रसोई घर के निरीक्षण के दौरान बन रहें भोजन की जानकारी प्राप्त करते हुए मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन बच्चों को प्रदान करने के निर्देश दिये। उन्होंने ऑगनबाड़ी केन्द्र हाजीपुर पतौना के निरीक्षण के दौरान बच्चों की संख्या आदि जानकारी प्राप्त करते हुए सहायिका को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान ऑगनबाड़ी कार्यकत्री अनुपस्थित पायी गई। जिलाधिकारी ने नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सेलरहा पश्चिम में

**जिलाधिकारी ने गुणवत्तापूर्ण भोजन बच्चों को प्रदान करने के दिये निर्देश**

उपस्थिति पंजिका के अवलोकन करने पर पाया कि एएनएम द्वारा दिनांक 24 फरवरी 2024 की तिथि में भी हस्ताक्षर कर दिया गया था, जिस पर एएनएम ने बताया गलती से हस्ताक्षर हो गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसी गलती दोबारा न किया जाय, अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करायी जाय। उन्होंने उपस्थित मरीजों से वार्ता कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त करते हुए पूँछा कि अस्पताल से स्वास्थ्य सुविधायें मिल जाती है, किसी प्रकार की कोई समस्या तो नहीं आती, जिस पर मरीजों ने बताया कि बेहतर चिकित्सीय सुविधा मिलती है।

# डा. इंद्रेश कुमार हमारे राष्ट्र नायक हैं : डा. अली जफर




अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्गदर्शक डा. इन्द्रेश कुमार जी भाई साहब के जन्म सप्ताह ( 18 फरवरी से 25 फरवरी) को मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यकर्ताओं ने सदभावना सप्ताह के रूप में मनाने का आह्वान किया था। उसी कड़ी में आज मुस्लिम राष्ट्रीय गौरक्ष प्रान्त के सह संयोजक डा. अली जफर ने रा. इ. कालेज लैलखुर्द में ज़रूरत मंद छात्र छात्राओं में पाठ्य सामग्री और मिष्ठान वितरण सदभावना सप्ताह मनाया साथ ही इंद्रेश कुमार जी की स्वस्थ लम्बी आयु के लिए प्रार्थना भी कराई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कालेज के प्रधानाचार्य राम स्नेही पाराशर जी की विशेष उपस्थिति रही। डा. अली जफर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि डा. इंद्रेश कुमार जी जिनके जन्म सप्ताह को हम आज सदभावना सप्ताह के रूप में मना रहे हैं वह देश के राष्ट्र नायक और हमारे स्वाभिमान हैं उन्होंने जिस तरह से भारतीय समाज को जागरूक करने का कार्य किया है वो सराहनीय है।

# रास्ते के विवाद को लेकर दो पट्टीदारों मे मारपीट

अवधनामा संवाददाता

**दोनों तरफ से तीन लोग घायल**

**लोटन सिद्धार्थनगर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चनरैया में रास्ता के आपसी बिवाद को लेकर दो पट्टीदारों में जमकर लाठी डंडा चले जिसमें कुछ लोग बुरी तरह घायल हो गए है। घटना बृहस्पतिवार देर रात की बताई जा रही है। दोनों पट्टीदारों के बीच रास्ते को लेकर कई महीने से विवाद चल रहा था। दोनों पक्ष थाने से लेकर तहसील तक भाग दौड़ किया। लेकिन मामला निस्तारण न होने से दोनों पक्षों में काफी नाराजगी थी। जिसको लेकर पुलिस ने दोनों पक्षों पर 107/116 भी की हुई थी। इसके बावजूद बृहस्पतिवार रात में गोपाल अपने घर रास्ता पकड़ कर जा रहा था कि मंजीत, अमरजीत पुत्र जय श्री व विपक्षी गोपाल में कहां सुनी होते होते विवाद बढ़ता गया दोनों पक्षों के जुटने के बाद लाठी डण्डा चलने लगा जिसमें अमरजीत के सर में गंम्भीर चोट लगने से मौके पर गिर पड़ा व बेहोश हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुच कर अमरजीत को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोटन लाकर उपचार कराना चाहा लेकिन डाक्टर ने हालत गम्भीरता देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहीं घायल महिला श्रीकान्ती पत्नी गोपाल, पूनम पत्नी रिंकू को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया। वहीं पुलिस ने मदन गोपाल व रिंकू को पकड़ कर कानूनी कार्यवाही में जुटी हूई है। प्रभारी लोटन विजय शंकर सिंह का कहना है कि दोनों तरफ से तहरीर मिली है। कानूनी कार्यवाही में पुलिस लगी हुई है।

## गैस रिसाव के बाद सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** चाय बनाते समय सिलेंडर से गैस रिसाव



होने के बाद तेज धमाके के साथ सिलेंडर के चिथड़े हो गये। सिलेंडर फटने से मकान धराशाई हो गया। परिजनों ने भागकर जान बचाई। प्राप्त विवरण के अनुसार घटना उरई के चुर्खी रोड मोहल्ला पटेलनगर की है, जहाँ के रहने बाले अजय कुमार बैंड बजाने का कार्य करते है। सुबह चाय बनाते समय सिलेंडर से गैस रिसाव होने लगा जिससे सिलेंडर में आग लग गई। परिजनों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग ने विकराल रूप ले लिया और सिलेंडर आग का गोला बन गया। यह देख घर के लोग भागकर घर से बाहर निकल आये कुछ देर में तेज धमाके के साथ सिलेंडर ब्लास्ट हो गया जिससे प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बना मकान क्षतिग्रस्त हो गया। सिलेंडर धमाके से आस पास हड़कम्प मच गया। फायर बिग्रेड और स्थानीय पुलिस ने कड़ी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक घर मे रखा 15 लाख का सामान जलकर राख हो गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जाँच में जुट गई है।

## नौनिहाल और गर्भवती को नहीं मिल रहा राशन



**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आंगनबाड़ी के द्वारा नौनिहाल बच्चों का गर्भवती महिलाओं को बटने वाला पोषाहार नहीं पहुंच रहा। विकास खंड राजेपुर की ग्राम पंचायत चिड़िया महोलिया में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के द्वारा पोषाहार का वितरण नहीं किया जा रहा है। सीमा शान्ति उषा ने बताया आंगनबाड़ी कार्यकत्री के तहत नवंबर माह में राशन बांटा गया था। तब से अभी तक राशन का वितरण नहीं किया गया है राजेपुर सीडीपीओ कार्यालय से दो बार पोषाहार का उठान हो चुका है। महिलाओं द्वारा कहा गया कि मुझे आंगनबाड़ी कार्यकत्री कहती हैं। कि हमको भी रुपए कार्यालय में देने पड़ते हैं। इसलिए हम प्रति महीने राशन वितरण नहीं कर पा रहे हैं। राशन वितरण की जानकारी जब सीडीपीओ राजेपुर से ली तो उन्होंने कहा कि सुपरवाइजर को भेज कर जांच कराई जाएगी दोषी सिद्ध होने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। अब देखना है कि विभाग नौनिहाल बच्चों और गर्भवती महिलाओं को राशन दिलवाएगा या फिर जांच के नाम पर खाना पूर्ति की जाएगी।

## अग्निवीर सेवा करने के इच्छुक युवा करें पंजीकरण

**कौशाम्बी।** जिले के युवाओं के लिए अग्निवीर बन्ने का बेहतरीन मौका है। आर्मी भर्ती कार्यालय, अमेठी द्वारा भारतीय सेना में अग्निपथ योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में अग्निवीर सेवा के लिए इच्छुक अविवाहित पुरूष उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमन्त्रित किये गये हैं। ऑनलाइन आवेदन 13 फरवरी 2024 से 22 मार्च 2024 तक होगा। ऑनलाइन परीक्षा की तिथि 22 अप्रैल 2024 है। इच्छुक उम्मीदवार की जन्मतिथि 01 अक्टूबर 2003 से 01 अप्रैल 2007 के बीच होनी चाहिए, अर्थात वे उम्मीदवार जिनकी न्यूनतम आयु 17 वर्ष 06 माह एवं अधिकतम आयु 21 वर्ष हो, पात्र होंगे। अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर ऑफिस असिस्टेण्ट, अग्निवीर ट्रेड्समैन आदि पदों पर भर्ती किया जाना हैं। जनपद कौशाम्बी के युवाओं के लिए ये बेहतरीन अवसर है। वेबसाइट पर पंजीकरण कर सुनहरे अवसर का लाभ उठायें।

# सांसद हरीश द्विवेदी ने बनकटी में 500 छात्राओं को बांटा टैबलेट, स्मार्टफोन



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** बनकटी ब्लाक मुख्यालय पर स्थित चन्द्रगुप्त मौर्य प्रभावंश महिला महाविद्यालय में सांसद हरीश द्विवेदी ने 422 छात्राओं को स्मार्ट फोन और 94 छात्राओं को टेबलेट बांटा। छात्राओं से संवाद करते हुये उन्होने कहा भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा है कि छात्रायें इण्टरनेट से जुड़ें और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी जानकारियां बढ़ेंगी। उन्होने कहा 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र तथा 2027 तक आर्थिक रूप से सम्पन्न राष्ट्र बनाना है। इसमें युवाओं का योगदान महत्वपूर्ण होगा। उन्होने छात्राओं से कहा पढ़ लिखकर बड़े होने पर कंधों के ऊपर जब परिवार और समाज की जिम्मेदारी आये तो राष्ट्र को प्रथम रखना होगा। प्रधानमंत्री हमेशा कहते हैं नेशन फर्स्ट, पार्टी सेकण्ड और अपना कार्य सबसे बाद में। मंच से उन्होने आगामी लोकसभा चुनाव के लिये भाजपा के लिये समर्थन भी मांगा। इससे पहले सांसंद हरीश द्विवेदी का महाविद्यालय के प्रबंधक डा. अनिल कुमार मौर्य, संस्थापक वंशराज मौर्य, प्राचार्य डा. अनीता मौर्य, श्रीमती नीलम मौर्य, श्रीमती सरोज मौर्य आदि ने फूल मालाओं, प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। मोबाइल व टैबलेट वितरण के समय नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि इंजी. अरविन्द पाल, सांसद प्रतिनिधि जगदीश शुक्ल, थानाध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह, जि.पं.स. सुरेन्द्र तिवारी, काशी प्रसाद पाण्डेय तथा पत्रकार अशोक श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# एंटी रोमियो स्कायड टीम ने किया भ्रमण

**बाजार स्कूल व मंदिर क्षेत्र में गश्त कर शोहदों को दी गई चेतावनी**

एजाज़ सिद्दीक़ी

**इटवा सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर के इटवा थाना क्षेत्र में नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाए जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत इटवा में उपनिरीक्षक शाइस्ता खान ने एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम के साथ स्कूल कालेज कोचिंग संस्थानों मंदिर भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चैकिंग की गई। बालिकाओं महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया।



शुक्रवार को प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत इटवा में थानाध्यक्ष महिला थाना/शक्ति मोबाइल/प्रभारी एण्टी रोमियो स्कवाड महिला उ0नि0 शाइस्ता द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो चेकिंग कार्यवाही के अन्तर्गत थाना इटवा के अलफारुख इण्टर , कस्बा इटवा, बिस्कोहर रोड, राम मनोहर इण्टर कॉलेज, बढ़नी रोड, ऑटो स्टैंड इटवा और स्कूल-कॉलेज/कोचिंग सेन्टर के पास तथा थानाक्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों, रेलवे स्टेशन पर चेकिंग की गयी ।

**एंटी रोमियो टीम एसआई शाइस्ताने छात्राओं को दिये टिप्स** : एंटी रोमियो स्क्वाड प्रभारी शाइस्ता खान कहा कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर काफी गंभीर है। इसी क्रम में मिशन शक्ति अभियान चलाकर छात्राओं व महिलाओं को जागरूक भी किया गया है। जब महिलाएं निडर होकर रहेंगी तो उनका उत्पीड़न नहीं हो सकेगा। उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। कहा कि छेड़खानी व कहीं किसी अनहोनी की आशंका हो तो तुरंत महिला हेल्प लाइन नंबर 1090, डायल 112, 1076 पर सूचना दें। जिससे त्वरित कार्रवाई की जा सके। इस दौरान महिला आरक्षी मधु भारती, महिला पीआरडी सोनी, महिला पीआरडी संजू आदि टीम में शामिल रहीं।

## परीक्षा देकर लौट रही छात्रा की ट्रक से कुचलकर मौत

**ग़ाज़ीपुर अवधनामा संवाददाता।** यूपी बोर्ड की परीक्षा देकर बाईक पर सवार घर जा रही इंटर की छात्रा पूजा की ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। वही बाईक चालक रिश्तेदार को मामूली चोटे आई। मृतका 5 भाई बहनों में सबसे छोटी थी और इंटरमीडिएट के बाद आगे पढ़ना चाहती थी। हादसे में छात्रा की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। हादसा जंगीपुर क्षेत्र में हुआ जबकि मृतका जमानियां थाना क्षेत्र की रहने वाली है। जमानिया थाना क्षेत्र के टीसौरा गांव निवासीनी पूजा शर्मा (17) अपने जीजा के भाई रंजीत ठाकुर निवासी वीरपुर थाना भावरकोल के साथ बाइक से मरदह थाना क्षेत्र के बोगना स्थित परीक्षा केंद्र से इंटर की परीक्षा देकर घर जा रही थी। तभी वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन हाइवे पर शेखपुर के पास मऊ की तरफ से तेज गति से आ रहीं ट्रक ने पीछे से धक्का मार दिया, जिससे बाईक चालक अनियंत्रित हो गया। वही बाईक पर पीछे बैठी पूजा ट्रक के पहिए के नीचे आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ट्रक चालक ट्रक सहित मौके से फ़रार हो गया। जंगीपुर थानाध्यक्ष अमित पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# सामुदायिक शौचालय का ताला न खुलने से ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** केयरटेकर को मानदेय मिलने



के बाद भी सामुदायिक शौचालय का ताला बंद रहने से ग्रामीणों में नाराजगी जताई। ग्रामीण खुले में शौच जाने को मजबूर हैं द्य ग्रामीणों ने ताला खुलवाए जाने की मांग की है। विकासखंड राजेपुर की ग्राम पंचायत चिड़िया महोलिया में सामुदायिक शौचालय तो बना हुआ है लेकिन सामुदायिक शौचालय में ताला लटकता रहता हैं। केयर टेकर ने ग्राम प्रधान और सचिव से ले देकर अपना मानदेय 72 हजार रुपए भी लगवा लिया। उसके बाबजूद शौचालय में ताला लटक रहा है। जब इसकी जानकारी ग्रामीणों से ली तो उन्होंने नाम न खोलने की शर्त पर बताया कि हम महिलाओं और पुरुष को खुले में शौच करने जाना पड़ता हैं। इतना ही नहीं गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नालियां गंदगी से बच बजा रही हैं जब इस संबंध में ग्राम प्रधान से बात की तो उन्होंने बताया की सफाई लगातार हो रही है। और जब सामुदायिक शौचालय बंद होने की बात कही तो उन्होंने कहा हमें मालूम कैसे बंद है केयरटेकर तो पर दिन शौचालय खोल रही है। ग्राम पंचायत अलादपुर भटौली में भी सामुदायिक शौचालय में ताला जड़ा हुआ था। केयरटेकर का कोई अता पता नहीं था। जब इस संबंध में ग्राम प्रधान अलादपुर भटौली जयचंद राजपूत से बात की तो उन्होंने बताया कि केयरटेकर मेरे यहां पांच माह से सामुदायिक शौचालय को नहीं खोल रही है मेरे द्वारा कई बार केयरटेकर से कहा गया है इसके बावजूद भी केयरटेकर सामुदायिक शौचालय को खोलने को मजदूर नहीं है। जब इसकी जानकारी केयरटेकर से ली तो उन्होंने बताया कि मुझे समूह द्वारा पैसे नहीं दिए गए हैं।

# मेला श्रीराम नगरिया में लगी भीषण आग मची भगदड़, धूं-धूं कर जलीं राउटियां

अवधनामा संवाददाता

**फर्रूखाबाद।** मेला श्री रामनगरिया क्षेत्र में आधी रात के समय आग लगने से कई गैस सिलेंडर फटे, जिससे अफरा तफरी, मच गई। आग लगने के बाद एक करीब 12 वर्षीय बालक लापता हो गया है। परिजन उसे ढूंढने में लगे हुए हैं। माघ मेला श्रीराम नगरिया क्षेत्र में करीब आधा सैकड़ा कल्पवासियों की राउटियों (झोपड़ियों) में आग लगने से राउटियों में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया है। आग की चपेट में आने से आधा दर्जन से अधिक कल्पवासी झुलसे, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया गया है। आग से झुलसी महिला समेंत तीन लोगों की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने जिला अस्पताल लोहिया से कानपुर के लिए रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी डॉक्टर विजय कुमार सिंह व एसपी विकास कुमार ने जिला अस्पताल लोहिया



पहुंचकर आग से झुलसे मरीजों से घटना के सम्बन्ध में जानकारी ली है। घटना के बाद जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मेला श्रीराम नगरिया में लगी आग का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद जायजा लिया और दिशा निर्देश दिए हैं। कल्पवासी शिव मोहन ने बताया कि सार्टसर्किट से आग लगते ही कल्पवासियों की झोपड़िया में रखें कई गैस सिलेंडर भी आग लगने से फट गए हैं। नाम न लिखने की शर्त पर एक महिला कल्पवासी ने बताया की वंच केवल में आग लगने के बाद उसकी जलती हुई प्लास्टिक राउटी के ऊपर गिरने से ही आग लगी है। मामले पर तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडे ने बताया कि सात मरीजों को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया गया है, तीन मरीजों को कानपुर के लिए रेफर किया गया है। गनीमत रही कि आग गंगा घाट की तरफ इटावा बरेली हाईवे पर बने पुल के पूर्व की तरफ लगी यदि आग पुल के पश्चिम की तरफ मेला क्षेत्र में पहुंच जाती तो भीषण अग्निकांड हो सकता था। मेला क्षेत्र में मौजूद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां तत्काल मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

## पत्रकार के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**करारी।** अजुहा के पत्रकार आकाश सिंह चंदेल के दुर्घटना में हुई मौत के बाद न्यू प्रेस क्लब मंझनपुर के पत्रकारों ने करारी कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया। इस मौके पर दिवंगत पत्रकार की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। ईश्वर से प्रार्थना की कि दुख की इस घड़ी में उनके स्वजनों को सहन शक्ति प्रदान करें। अजुहा के पत्रकार आकाश सिंह चंदेल की बुधवार को दुर्घटना में मौत हो गई। इस बात की जानकारी जैसे ही न्यू प्रेस क्लब सदर तहसील के साथियों को हुई। उनमे शोक व्याप्त हो गया। वृहस्पतिवार को न्यू प्रेस क्लब सदर तहसील के करारी कार्यालय एक शोक सभा का आयोजन किया गया। न्यू प्रेस क्लब सदर तहसील के अध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्र ने कहा कि पत्रकार आकाश सिंह चंदेल के निधन से समाज एवं पत्रकारिता जगत को अपूर्णीय क्षति पहुंची है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें। उनके परिवार को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

## पिछली बातों को भूलकर नयी ऊर्जा के साथ काम करें

**ग़ाज़ीपुर अवधनामा संवाददाता।** गांव चलो अभियान के तहत देवकली ब्लाक के बूथ संख्या 345 कोलवर, भितरी शक्तिकेंद्र पर कार्यक्रम के संयोजक मिठाईलाल विश्वकर्मा के आवास पर जन चौपाल आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप मे उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के पुत्र अभिनव सिन्हा ने भाग लिया। चौपाल में शक्ति केंद्र, बूथ अध्यक्ष सहित काफी संख्या मे ग्रामीण नागरिक मौजूद थे। संबोधित करते हुए अभिनव सिन्हा ने कहा की पिछली बातो को भूलकर अब नयी ऊर्जा के साथ काम करने की ज़रूरत है ग़ाज़ीपुर में विकास की गंगा सिर्फ़ नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के नेतृत्व में हुआ जिसमें मुख्य भूमिका महामहिम मनोज सिन्हा का रहा। कार्यक्रम का संचालन सनाउल्लाह शन्ने ने किया। बैठक में दयाशंकर पांण्डेय, प्रवीण त्रिपाठी, नरेंद्र पाठक, कमलेश पाण्डेय, सूर्यदेव राय, मोजीबुर रहमान, ज़फ़रूल हसन, दिनेश यादव, अखिलेश कुशवाहा, गुरुप्रसाद गुप्ता, राजेश गुप्ता, श्रीकांत सिंह आदि लोग प्रमुख रुप से मौजूद थे। संचालन सनाउल्लाह शन्ने ने किया।

# करारी स्थित रौजे पर बीबी जनाबे जैनब की याद में आयोजित हुआ जश्ने जैनब

अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत करारी में जनाबे जैनब की याद में अंजुमने महदिया के तत्वावधान में जश्ने जैनब का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुकामी और बाहरी शायरों ने कलाम पेश कर वाह वाही बटोरी। कार्यक्रम की शुरुआत मोहम्मद जवाद ने कुरआन ए मजीद की तेलावत से किया। कार्यक्रम रात आठ बजे शुरू हो कर देर रात तक चला।

बुधवार की रात नगर पंचायत करारी स्थित नेतानगर वार्ड के वादीउस्सलाम रौजा ए जनाबे जैनब में जश्ने जैनब महफिल का आयोजन अंजुमने महदिया के तत्वावधान में किया गया। इस तरही महफिल में जहां मुकामी शायरों ने शिरकत की तो वहीं बाहरी शायरों ने भी बेहतरीन कलाम पेश कर वाह वाही बटोरी। कार्यक्रम में सबसे पहले मौलाना सैयद जमीर हैदर रिजवी ने तकरीर किया। उन्होंने बताया कि



अगर आप मानवता का इतिहास देखें तो इस संसार में जनाबे जैनब जैसी बहन नहीं मिलेगी कि जिसने कर्बला के मैदान में अपने भाई इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम को बचाने के लिए अपने बच्चों को कुर्बान कर दिया। कहा जैनब उस हस्ती का नाम है कि जिसने शहादते इमाम हुसैन के बाद कर्बला से कुफा और फिर शाम(सीरिया) तक यजीदी फौज के अत्याचार सहे लेकिन कभी उफ तक नहीं किया। तकरीर के बाद जावेद अमीर इलाहाबादी ने जनाबे जैनब की शान में शेर पढ़कर लोगों को तारीफ करने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने पढ़ा- सहरा ए अतश आज है गुलजार इसी से, लाजिम है मये जामे वेला सबको पिलाओ। इसके बाद डॉक्टर कमर आबिदी ने भी अपने बेहतरीन अंदाज में कलाम पेश कर महफिल में चार चांद लगा दिया। उन्होंने पढ़ा-ऐवाने सितमगर को अजाखाना बनाओ, शब्बीर के मकसद का अलम उसपे सजाओ। रौशन करारवी ने पढ़ा- कुर्बान पूरी नस्ल को भाई पा कर दिया, जैनब सी जमाने में बहन हो तो बताओ। जफर कौशाम्बी ने भी बेहतरीन शेर पढ़ा- अब्बास अगर लड़ते तो आजाती कयामत, जैनब ने उन्हें रोक दिया शुक्र मनाओ। कार्यक्रम का बेहतरीन संचालन अनीस जायसी ने किया। इसके बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगा कर मुबारकबाद दी। इस मौके पर मौलाना सैयद हैदर अली जैदी, हसन इलाहाबादी, मिन्हाल मंझनपुरी, फहमी, अली सरदार रिजवी, सैफ रिजवी, शराफत कोरालवी, फुरकान रिजवी और अफरोज आदि काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# रोजगार मेले का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश कौशाल विकास मिशन एवं दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 22.02.2024 को विकासख स्तरीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन विकासखण्ड रजापुर के प्रांगण में किया गया। रोजगार मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री अजीत पाल त्यागी (विधायक मुरादनगर), श्री राहुल चौधरी तथा अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया। माननीय श्री अजीत पाल त्यागी, विधायक मुरादनगर द्वारा रोजगार मेले में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर अपना शुभ-आशिष प्रदान किया गया एवं उन्होने सभी बेरोजगारों को जब तक रोजगार नहीं मिलता है तब तक समय-समय पर जनपद में ऐसे रोजगार मेलों का आयोजन किया जायेगा। मा0 श्री राहुल चौधरी ने चयनित अभ्यर्थियों को अपना शुभ




आशिष प्रदान किया। जिला समन्वयक उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन , गाजियाबाद श्री पीयूष चन्द्र राय द्वारा उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना एवं इससे सम्बन्धित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लाभ से अभ्यर्थियों को अवगत कराया गया एवं साथ ही साथ यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन का मूल उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार उपलब्ध कराना है। उन्होंने यह भी कहा कि जनपद में कार्यरत सभी प्रशिक्षण प्रदाताओं को प्रत्येक माह रोजगार मेले लगाने कि आवश्यकता है जिससे अधिक से अधिक युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सकें। रोजगार मेले में 548 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना एवं जिले के अन्य प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित थे। रोजगार मेले में 12 अधिष्ठानों द्वारा 1931 रिक्तियों के सापेक्ष अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही पूर्ण की गई, जिसमें उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के 137 अभ्यर्थी एवं अन्य कुल 187 प्रशिक्षणार्थियों को चयनित किया गया। मा0 विधायक मुरादनगर, खण्ड विकास अधिकारी एवं जिला समन्वयक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन् गाजियाबाद ने चयनित अभ्भार्थियों को उनके भविष्य के लिये शुभकामनायें दी।

## सोशल अप्रूवल ऑफ इंटरवेनिंग का आयोजन



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में विश्विद्यालय के माननीय कुलपति प्रो.एन.बी.सिंह के मार्गदर्शन में ब्रेकथ्रू द्वारा आयोजित जी.बी.वी ( जेंडर बेस्ड वायलेंस )के अंतर्गत चल रहे कैंपेन दखल दो के चरण दो सोशल अप्रूवल ऑफ इंटरवेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय में स्तिथ अटल सभागार में दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसी के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सभागार में उपस्थित फिज़ा जमीरुद्दीन, सलमान अंसारी, मेहविश और अन्य छात्र -छात्राओं ने अपनी कहानी साझा की। सभागार में उपस्थित मुख्य अतिथि मेनका सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपनी सुरक्षा के लिए सबसे पहले हमको खुद कदम उठाना होगा और आपकी सुरक्षा के लिए हम हमेशा तत पर हैं मगर पहल आपको ही करनी होगी एवं श्री सुनील ने कहा कि हमें गलत होते हुए देखना नही है हमें दखल देना है हमारी एक दखल समाज में बड़ा बदलाव ला सकती है। कार्यक्रम में सब इंस्पेक्टर, महिला थाना, बी. के.टी से मेनका सिंह एवं कांस्टेबल क्षमा चौहान , सरिता पटेल तथा ब्रेक थ्रू से सीनियर को ऑर्डिनेटर श्री सुनील और सुश्री ज़ैनब मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को समापन की ओर बढ़ाते हुए विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डा. नीरज शुक्ला ने अतिथियों को शाल और पौधा अर्पण किया

# बजाज ऑटो का बहुप्रतीक्षित इलेक्ट्रिक वाहन का भव्य लांच

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** बजाज के इलेक्ट्रिक ऑटो का भव्य लांच शुक्रवार को होटल पंचशील में हुआ। जैसा कि सर्वविदित है बजाज सिर्फ भारत में ही नहीं अपितु विश्व में जाना माना नाम है व कई वर्षों से बजाज उच्च स्तरीय उत्पाद बनाकर ग्राहकों के दिलों व दिमाग पर राज कर रहा है। इसी श्रृंखला में बजाज ऑटो ने इलेक्ट्रिक ऑटो का भव्य लांच कर सबको एक बेहतरीन उत्पाद दिया है। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सुश्री ऋतु सिंह संभागीय परिवहन अधिकारी अयोध्या एवं अर्नव गुहा वाईस प्रेसिडेंट बजाज ऑटो लिमिटेड के कर कमलों द्वारा किया गया। बजाज के प्रति लोगों का भरोसा ही है जो कि लांच के दिन तक 60 से ज्यादा बजाज इलेक्ट्रिक ऑटो की एडवांस बुकिंग हो चुकी है, व 11 वाहनों की डिलीवरी भी की गयी। यह जानकारी साई ऑटो बजाज के डायरेक्टर धीरज सिंह और कृपा शंकर सिंह ने दी। साई ऑटो बजाज के डायरेक्टर ने बताया कि बजाज इलेक्ट्रिक ऑटो पूर्णतया सुरक्षित व हमारे जलवायु व पर्यावरण को देखते हुए बनाया गया है। यह बजाज इलेक्ट्रिक ऑटो उत्कृष्ट श्रेणी की बिल्ड क्वालिटी व बेहतरीन फीचर्स के साथ साथ 50-60 रुपये की बिजली की खपत पर लगभग 178 किलोमीटर तक का सफ़र प्रदान करती है। संभागीय परिवहन अधिकारी ऋतु सिंह ने कहा कि आजकल के वातावरण को देखते हुए हमें प्रदुषण से निजात दिलाएगा। जबकि ई-रिक्शा वाहन जो की पूर्ण रूप से असुरक्षित है, बजाज के इलेक्ट्रिक ऑटो एक बेहतरीन और सुरक्षित सफर का अनुभव देगा। सड़क सुरक्षा अभियान के बारे में लोगों को जागरूक करने की अपील भी की।इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बजाज ऑटो के आर एम सेल्स मुरारी कुमार, आर एम सर्विस अनिल कुमार, ए एस एम सेल्स नवनीत यादव व ए एस एम सर्विस सूर्य प्रकाश शुक्ल व साई ओटो के मैनेजर अम्बुज सिंह और मुकेश कुमार सहित अयोध्या के अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।



# गांवो के विकास से ही देश व प्रदेश का विकास: शिवेंद्र सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**पूरा बाजार-अयोध्या।** रामपुर सरधा गांव में ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह, प्रधान संघ के जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सूर्यवंशी अंकुर ने संयुक्त रूप से राजकीय खाद्य रसद विभाग के लिए अन्न भंडारण भवन के लिए भूमि पूजन वैदिक मंत्रों के बीच विधि विधान से किया। खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह ने बताया कि अन्य भंडारण के लिए विकासखंड पूरा बाजार में 10 ग्राम पंचायत का चयन हुआ है जिसमें गंगौली, अंजना कर्मा कोड़री में पूर्व में भूमि पूजन हो चुका है। बताया कि इसकी लागत 8 लाख 59 हजार है जिसमें 7 लाख 41 हजार मनरेगा से खर्च होगा और 1 लाख 18 हजार राज्य वित्त से खर्च किया जाएगा। ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि भंडारण भवन न होने से अनाज का काफी नुकसान होता था अब किसान आसानी से अनाज भंडारण कर सकेंगे उन्होंने गांव के विकास के लिए प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा अब गांव के लोगों को शहर के तरफ नहीं भागना पड़ेगा उन्होंने कहा कि गांव के विकास से ही देश प्रदेश का विकास संभव है इसी उद्देश्य की पूर्ति को ध्यान में रखकर गांव का विकास किया जा रहा है जो फलीभूत भी हो रहा है कार्यक्रम में प्रधान संघ के जिला महासचिव अनूप वर्मा, प्रधान राकेश कुमार , योगेंद्र सिंह, सूर्यभान सिंह , एपीओ ज्योतिर्मय गुप्ता, सचिव कोमल मिश्रा, पंचायत सहायक नेहा गुप्ता, देवनारायण सिंह, विकास सिंह, राजेश्वर सिंह, सुलेमान, गीता, शिवम, दिनेश, पूजन, आदि मौजूद रहे।



# इंडिया गठबंधन के लोकसभा अयोध्या के प्रत्याशी नें कांग्रेस के पूर्व सांसद निर्मल खत्री से शिष्टाचार मुलाकात की

**अयोध्या।** अयोध्या 54 लोकसभा इंडिया गठबन्धन के लोकसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने समाजवादी पार्टी के नेताओं के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व संसद निर्मल कुमार खत्री से उनके आवास पर मुलाकात कर लोकसभा चुनाव पर चर्चा व विचार विमर्श किया। पूर्व सांसद निर्मल कुमार खत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अवधेश प्रसाद को चुनाव जिताने में अपनी महत्व पूर्ण भूमिका निभाएगी और 24 में इण्डिया गठबन्धन की सरकार बनेगी। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय ने कहा कि दोनों दलों के साथ आने से गठबन्धन मजबूत हुआ है। जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि जिस तरह से दोनों दलों के कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है, जीत निश्चित है। इस अवसर पर मुख्य रुप से मो फिरोज खान गब्बर,महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, जिला महासचिव बख्तियार खान, महानगर महासचिव हामिद जफर मीसम, जिला उपाध्यक्ष एजाज़ अहमद, जयसिंह यादव, श्री चन्द्र यादव, कांग्रेस नेता उग्रसेन मिश्रा, शिवांशु तिवारी, राकेश पांडेय, गौरव पांडेय, वीरेंद्र गौतम, रियाज अहमद, शुऐब खान, लकी खान, राम नाथ पासी आदि लोग उपस्थित थे।

# स्वैच्छिक रक्तदान कर महादानी बनें सचिन शुक्ला

अयोध्या। जरूरतमंद लोगों के बीच कई ऐसे समाजसेवी है जो अपना खून देकर किसी की जान बचाने में अहम भूमिका निभाते है। इनको सिर्फ मालूम यह हो जाए कि कोई भी व्यक्ति किसी गंभीर बीमारी व रक्त की कमी से उसकी जान जा सकती है उनकी मदद व ब्लड देने में पीछे नहीं हटते हैं। ये मानते हैं कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। यह पुण्य काम है। इसमें लोगों को बढ़कर हिस्सा लेनी चाहिए। ऐसे ही युवा समाजसेवी सचिन शुक्ला है जो रक्तदान करने में आगे रहते हैं। जिनकी जान में खतरे में रहती है उन्हें रक्त देने के लिए तैयार रहते हैं। सचिन शुक्ला ने बताया रामकृष्ण फाउंडेशन के शिविर में वह कई बार रक्तदान कर चुके हैं और उन्होंने रक्तदान कर कई लोगों की जीवन रक्षा की है। श्री शुक्ल ने बताया कि वह अब तक 15 बार रक्तदान कर चुके हैं।

# रामभक्तों का सपना पूर्ण होने से हृदय प्रफुल्लित: राजीव गुप्ता




*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता भगवान राम के दर्शन हेतु अयोध्या के लिए रवाना हुए हैं।


भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष शाक्य ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले भर से 5100 राम भक्त भाजपा कार्यकर्ता 102 बसों एवं दर्जनों कारों द्वारा अयोध्या के लिए जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता के नेतृत्व में रवाना हुए हैं।उन्होंने बताया कि रामभक्तों के काफिले को दातागंज से भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। उन्होंने बताया कि यहां से जाने वाले सभी राम भक्त 24 फरवरी को प्रभु श्री राम के प्रातः काल में दर्शन करेंगे,जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि यह क्षण भावनात्मक है, लगभग 500 सालों के संघर्ष के बाद भव्य रूप से प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा हुई है उन्होंने कहा प्रत्येक भारतवासी के लिए प्रभु श्री राम का दर्शन करना एक सपने जैसा है आज वह सपना राम भक्तों का पूरा हो रहा है तो हृदय प्रफुल्लित है। इस अवसर पर शैलेंद्र मोहन शर्मा धीरज सक्सेना पंकज शर्मा संदीप चौहान अनुभव उपाध्याय गुलशन प्रताप सिंह सचिन गुप्ता चंदन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# अयोध्या में मोरारी बापू ऐतिहासिक रामकथा सुनाएंगे

## 24 फरवरी से 3 मार्च तक भक्तगण मानस राम मंदिर कथा का रसपान करेंगे

*अवधनामा संवाददाता*
*जय प्रकाश गुप्ता*

**अयोध्या।** जानेमाने आध्यात्मिक गुरू और श्री राम के परम साधक मोरारी बापू 24 फरवरी से 3 मार्च तक अयोध्या में भक्तो को पवित्र रामकथा का रसपान कराएंगे। हाल ही में अयोध्या में हुई भव्य राम मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा के ठीक बाद यह रामकथा का आयोजन हो रहा है। इस महोत्सव से निश्चित रूप से इस धार्मिक नगर की आध्यात्मिक धरोहर को मज़बूती मिलेगी और उसकी महत्ता को और बढ़ाया जाएगा। अपने गहन ज्ञान और रामचरितमानस की आध्यात्मिक उत्थानकारी कथाओं के लिए दुनिया भर में सम्मानित, मोरारी बापू अपनी उपस्थिति से अयोध्या की पवित्र धरा की शोभा बढाएंगे। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए दीर्धकाल से चले आ रहे आंदोलन में सहायक रहे संगठन, राम जन्मभूमि न्यास ने उन्हें



मानस राम मंदिर कथा का प्रस्तुतिकरण करने लिए हार्दिक निमंत्रण दिया है जिसे उन्होंने आनंदपूर्वक स्वीकार किया है। पूज्य मोरारी बापू ने भगवान श्री राम और रामायण के ज्ञान के प्रसार के लिए अपने जीवन के 64 वर्ष समर्पित किए है। वह अब तक दुनिया भर में 931 रामकथाएं आयोजित कर चुके है और अपनी रामकथा के माध्यम से सभ्य एवं सुसंस्कृत समाज के निर्माण के लिए उन्होंने करोडो लोगो में उच्च मानव मूल्य का सिंचन किया है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर पूज्य मोरारी बापू ने गहरी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, ÷मेरे लिए यह बहुत खुशी की बात है कि मुझे अयोध्या में मानस राम मंदिर कथा सुनाने का एक अनूठा अवसर मिला है। छह दशकों से अधिक समय से मेरी अंतरआत्मा से यह इच्छा रही है के भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो और उसके पश्चात मुझे रामकथा सुनाने का मौका मिले। अपने पूरे जीवनकाल में, मैंने अभी तक किसी मंदिर के उद्घाटन के लिए भारत में मनाएं गए ऐसे भव्य उत्सव को नहीं देखा है। कुछ महिने पहले राम जन्मभूमि ट्रस्ट द्वारा मुझे रामकथा सुनाने का निमंत्रण मिला था जिसे मैंने पूरे दिल से स्वीकार किया था। उन्होंने आगे कहा, ÷राम केवल एक ऐतिहासिक व्यक्ति नहीं हैं, वह एक साधु हैं, सत्यस्वरूप हैं, पुरुषार्थ के प्रतीक हैं। अपनी असीम उदारता दिखाकर, राम ने समाज के हर वर्ग के जीव, चाहे वह केवट, शबरी, वानर, या यहां तक कि असुर ही क्यों न हों, उनका पूरे भाव से स्वीकार किया है। यह दिखाता है कि राम सबके है और सभी राम के है। एक साधारण छोटे से बच्चे को भी हम भगवान का रूप मानते है, तो जरा सोचिए की अगर परमतत्व परमात्मा जब एक छोटे से बालक का रूप लेते हैं, तो इसका शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता। राजा राम सदैव पूजनीय हैं लेकिन रामलला का स्वरूप शिवतत्त्वरूपी है। राम मंदिर से एक नए युग की शुरुआत हुई है और मुझे लगता है कि अब पूरे विश्व का कल्याण भारत के माध्यम से होनेवाला है। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा समारोह में जहां देश भर के साधु-संत शामिल हुए थे, इस शुभ अवसर के साक्षी बनने के लिए पूज्य मोरारी बापू भी वहां उपस्थित थे। यह आयोजन भारत की सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक विरासत में एक महत्वपूर्ण क्षण था। पूज्य मोरारी बापू ने मंदिर में रामलला के मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा को पूरे विश्व के लिए त्रेता युग की शुरुआत बताया।

# जिलाधिकारी अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजनान्तर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों एवं प्रत्यावेदनों पर विचार हेतु गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा के अन्तर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों में से स्वीकृत आवेदनों से सम्बंधित लाभार्थियों के खाते में उपलब्ध धनराशि को नियमानुसार क्रम से शीघ्र भेजने के निर्देश अपर जिलाधिकारी प्रशासन को दिये। इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने योजनान्तर्गत लम्बित आवेदन पत्रों के सापेक्ष बजट की डिमांड भी शासन को भेजने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने योजना के अन्तर्गत प्राप्त दावों की सम्बंधित लेखपाल को गम्भीरता से शासनादेश के अनुरूप विधिवत परीक्षण कर समय से रिपोर्ट तैयार कर तहसील को भेजने तथा सम्बंधित तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार प्राप्त रिपोर्ट की क्रॉस चेकिंग कराकर समय से जनपद स्तर पर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिये और फिर जनपद पर नियमानुसार परीक्षण कर स्वीकृत दावों से संबंधित लाभार्थियों के खाते में योजनान्तर्गत निर्धारित धनराशि नियमानुसार अंतरित करने के निर्देश दिये।

# 02 शातिर ऑटोलिफ्टर गिरफ्तार, चोरी की 6 बाइक बरामद



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** थाना कोतवाली नगर पुलिस ने 02 शातिर ऑटोलिफ्टर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे, निशांदेही से चोरी की 06 मोटर साइकिलें बरामद की हैं। अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत पूर्व में 16 चोरी की मोटर साइकिलों के साथ 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था, उसी क्रम में पूर्व जानकारी व मैनुअल इंटेलीजेन्स की मदद से थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा 02 अन्य शातिर ऑटोलिफ्टर नान बाबू पुत्र छेट्टन निवासी सकरौरा थाना करनैलगंज व रहीस पुत्र शरीफ निवासी नई बाजार थाना करनैलगंज जनपद गोण्डा को सूतमिल तिराहा थाना कोतवाली नगर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे/निशांदेही पर विभिन्न स्थानों से चोरी की गई 06 अदद मोटर साइकिल बरामद की गई।

पूछताछ से प्रकाश में आया कि अभियुक्तगण द्वारा जनपद बाराबंकी, लखनऊ एवं आस-पास के जनपदों में भीड़-भाड़ वाले स्थानों की रेकी कर मोटर साइकिलों का लॉक मास्टर चाभी से खोलकर गाड़ियों की चोरी की जाती है तथा चोरी की मोटर साइकिलों को सस्ते दामों पर अंजान लोगों को बेच दिया जाता है। अभियुक्तगण द्वारा मोटरसाइकिल की वास्तविक नम्बर प्लेट के स्थान पर कूटरचित नम्बर प्लेट का भी प्रयोग किया जाता था। अभियुक्तगण के आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की जा रही है।

# राज्यमंत्री ने किया कोल्ड स्टोरेज का शुभारंभ

**सूरतगंज बाराबंकी।** सूरतगंज इलाके के चंद्रसिहाली गांव में स्थित श्री लोधेश्वर महादेव कोल्ड स्टोरेज के शुभारम्भ के मौके पर पहुंचे राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि किसानों को एक नया शीतगृह मिला है। ये नव निर्मित स्टोरेज क्षेत्र के समस्त किसान का आलू रखने में भी कारगर साबित होगा। किसान आलू का भंडारण कर उसको अच्छे दामों में भी बेच सकेंगे। उन्होंने परिसर में स्थित ऋष्टामुक्तेश्वर महादेव मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा में भी हिस्सा लिया।तो इस मौके में सांसद उपेन्द्र सिंह रावत, जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, एमएलसी अंगद सिंह, पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, अर्चना मिश्रा, लकी सिंह, शेखर हयारण, रामनरेश मिश्रा शास्त्री, विवेक निगम, विष्णु गुप्ता, मिस्टर निगम आदि मौजूद रहे।

# पुलिस की सक्रियता से परिजनों को मिला पाल्य

**सूरतगंज बाराबंकी।** थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र में एक मासूम बालक रास्ता भटक कर दूर चला गया। वह अपना पता नाम नही बता सका। पुलिस ने जानकारी कर बालक को सकुशल उसके परिजनों के हवाले कर दिया। क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम मसुरिहा के पास एक 04 वर्षीय बालक रास्ता भटक कर आ गया था। लोगों ने उसे देखा तो उससे जानकारी लेनी शुरू की काफ़ी कोशिश के बाद भी वह अपना व अपने परिजनों का नाम पता नही बता पा रहा था। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस चौकी सूरतगंज को दी। सक्रिय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तत्परतापूर्वक आस-पास के लोगों से जानकारी करनी शुरू की। काफ़ी देर बाद ज्ञात हुआ कि उक्त बच्चा ग्राम केवटली थाना मोहम्मदपुर खाला का रहने वाला है। पुलिस ने बच्चे के परिजनों से सम्पर्क कर सकुशल उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। पुलिस के इस सराहनीय कार्य की आम जनमानस में भूरि भूरि प्रंशसा की गयी।

# मुठभेड़ के बाद शातिर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** थाना बिल्सी पुलिस एवं शातिर युवक के बीच हुई मुठभेड़ के बाद थाना पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार बुधवार को प्रमोद देवी पत्नी नरेश गुप्ता द्वारा थाने पर उनके कान से कुंडल छीन कर भाग जाने से संबंधित मुकदमा दर्ज कराया गया था,जिसके बाद पुलिस विवेचना में प्रकाश में आए अभियुक्त शादाब पुत्र गुड्डू को मुखबिर की सूचना पर थाना पुलिस द्वारा बृहस्पतिवार/शुक्रवार रात्रि लगभग 2 बजे मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस का कहना है कि पुलिस टीम द्वारा उसे रुकने हेतु कहा गया तो शादाब ने रुकने के बजाय पुलिस टीम पर फायर कर दिया और भागने लगा जिस पर पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ फायर किया, जिससे शादाब घायल हो गया इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया गिरफ्तार अभियुक्त के बाएं पैर में गोली लगी है। घायल अवस्था के कारण पुलिस द्वारा अभियुक्त शादाब को बिल्सी सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध घटना के संबंध में एक अन्य मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस को इसके कब्जे से सोने के कुंडल सहित नकदी बरामद हुई है।एसपी आरए राम मोहन सिंह ने बताया कि शादाब पुत्र गुड्डू(26) मोहल्ला नंबर 8 कस्बा बिल्सी का रहने वाला है, यह अकेले रहकर बिना किसी गैंग के 60 वर्ष से ऊपर की बुजुर्ग महिलाओं के कुंडल छीनने की घटनाएं करता था।उन्होंने बताया कि लगातार 10 तारीख से घटनाएं कर रहा था पुलिस तभी से लगातार इसके पीछे लगी हुई थी, बृहस्पतिवार रात्रि पुलिस द्वारा इसको मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है।उन्होंने बताया इसके कब्जे से पुलिस को लूटे गए कुंडल बरामद हुए हैं,पुलिस ने कुंडल बेचने का भी इसको मौका नहीं दिया।



## रामचरित मानस सम्मेलन 25 को

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** पेचरुआ गांव में 25 फरवरी को 67वां रामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक सीताकांत अवस्थी ने बताया कि सम्मेलन में दो दर्जन से अधिक मानस विद्वान संतों के प्रवचन होंगे। इनमें प्रमुख रूप से नागौर राजस्थान के बाल भरत जी महराज, मथुरा के कमलेश कुमार द्विवेदी, नैमिष के अवधेश कुमार शुक्ल, अयोध्या के बाबा सुकृपादास, अमेठी के अखिलेश्वर अवस्थी व महंत लालता दास आदि शामिल हैं।

## भाजपा युवा मोर्चा की हुई बैठक

**बीकापुर- अयोध्या।** युवा शक्ति को सम्माहित कर आने वाले चुनाव में मिशन 80 का नारा बुलंद करने वाली भाजपा युवा मोर्चा ने जमीन पर तैयारियां शुरू कर दी। इसी कड़ी में बीकापुर मंडल में बीते बृहस्पतिवार को जिला अध्यक्ष सुनील मिश्रा की नेतृत्व में मंडल की बैठक आहूत की गई। बैठक में मंडल में 20 स्थान पर युवजन चौपाल का आयोजन कर युवाओं से सीधे संवाद करने की योजना को मूर्त रूप दिया गया। भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अंकित गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 स्थान पर आयोजित होने वाली जन चौपाल में युवाओं से सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे तथा सरकार द्वारा युवाओं के निमित्त चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बाबत जानकारी साझा की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा सुनील मिश्रा भरत श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष अंकित गुप्ता शिवम मोदनवाल प्रदीप तिवारी अंकित पांडे विपिन भट्ट मौजूद रहे।

# एसपी ने किया पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण कर उन्होंने मातहतों को दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने क्वार्टर गार्ड पर सलामी लेकर गार्द का निरीक्षण किया। जवानों से स्टैन्टू कॉल की कार्यवाही कराई। प्रतिसार निरीक्षक कार्यालय, कैश कार्यालय, शस्त्रागार, गार्द रूम व जीडी एयर गणना कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण कर लाइन के कर्मचारियों की विभिन्न ड्यूटियों और समय से रवानगी, वापसी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कैश कार्यालय में वेतन प्रपत्रों व अन्य पत्रवालियों के सही रखरखाव व अद्यतन करने का निर्देश दिया। स्टोर रूम का निरीक्षण कर राजकीय संपत्ति के ठीक से रखरखाव के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। परिवहन शाखा का निरीक्षण कर वाहनों से संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया। पुलिस लाइन और थानों के समस्त वाहनों का निश्चित समयावधि में मेंटेनेंस कराते रहने का निर्देश दिया। वार्षिक निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन, प्रतिसार निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

# ऋण वितरण का लाभ किसान छोटे व्यापारी सहित सभी लोगों को मिला हैं: निर्मला सीतारमण

## क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त मंत्री ने किया संबोधित

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद के दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नवीन मंडी स्थल धनेवा धनेई में आयोजित क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में विशाल जनसभा को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने लगभग 1143 करोड़ रुपए का ऋण वितरण लगभग 40 हजार लोगों को करने की बात कही। जिससे जनपद की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

उन्होंने कहा कि महाराजगंज के बदलते वित्तीय परिवेश को ऋण जमा अनुपात (सीडी रैशीयो) से समझा जा सकता है। वर्ष 2018 में उत्तर प्रदेश का ऋण-जमा अनुपात 53 प्रतिशत था, जबकि महाराजगंज का ऋण जमा अनुपात मात्र 42 प्रतिशत ही था। विगत 06 वर्षो में उत्तर प्रदेश का ऋण जमा अनुपात 58 प्रतिशत तक पहुंच गया। लेकिन आप सब लोगों को बताते हुए खुशी हो रही है कि इस दौरान महाराजगंज का ऋण जमा अनुपात 42 प्रतिशत से बढ़कर 66 प्रतिशत तक पहुंच गया। यह वृद्धि जनपद के आर्थिक विकास को प्रतिबिंबित करती है।

उन्होंने कहा कि इस ऋण वितरण का लाभ अंत्योदय वर्ग, किसान, छोटे व्यापारी सहित सभी वर्गों को मिला है। इनके अलावा मत्स्य और पशु पालकों को भी विभिन्न ऋण योजनाओं का लाभ मोदी सरकार में प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र होना चाहिए और सरकार उनके इसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्य कर रही है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में एक-एक देशवासी की भूमिका महत्वपूर्ण है और इसी कारण मोदी सरकार अंतिम व्यक्ति के सशक्तिकरण के लिए अनवरत प्रयासरत है। उन्होंने कहा की मुझे पूरा विश्वास है कि मोदी जी को इस प्रयास में आपका आशीर्वाद और प्यार आगे भी मिलता रहेगा।

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा बहुत कम ऐसे लोग होते हैं जो अपने दम पर, हर कदम पर, नया युग रचते हैं और नवीन इतिहास के रचना करते हैं। हमारी वित्त मंत्री ऐसी ही युगांतरकारी व्यक्तित्व हैं। उन्होंने कहा कि वाणिज्य मंत्री के रूप में नैरोबी में 2014 में वित्त मंत्री जी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा के नए युग की शुरुआत हुई। कहा कि हमारे वित्त मंत्री भारत की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री के रूप में 06 बजट प्रस्तुत करके विकास के नए युग की शुरुआत की है। उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को फ्रेजाइल 05 अर्थव्यवस्था से निककालकर टॉप फाइव अर्थव्यवस्था में पहुंचाने का कीर्तिमान रचा है। कहा कि 2014 में जो एनपीए लगभग 18% बड़ा था उसको उन्होंने 04% तक कम करने का कार्य किया है, जिसका परिणाम आज इस आउटरेज कार्यक्रम के रूप में देखने को मिल रहा है जिसमें वास्तविक जरूरतमंदों को लगभग



1150 करोड रुपए का ऋण केसीसी योजना, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जाति धर्म की राजनीति के बजाय सबका साथ और सबका विश्वास के नारे के साथ बिना किसी भेदभाव के कार्य कर रही और सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक बिना भेदभाव के मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फ योजनाओं को लागू करने से संतुष्ट नहीं होते हैं। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से मोदी की गारंटी वैन को गांव-गांव भेजकर अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को गारंटी के रूप में प्रदान करने का कार्य किया है। कार्यक्रम को सचिव वित्त सेवा विभाग विवेक जोशी, अध्यक्ष स्टेट बैंक ऑफ इंडिया दिनेश कुमार खारा और विधायक सदर जयमंगल कन्नौजिया ने भी संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन बैंक ऑफ बड़ौदा के एमडी और सीईओ देवदत्त चंद नेकिया। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति भेंट कर मा वित्तमंत्री का जनपद आगमन के लिए आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व वित्त मंत्री ने एसबीआई के सौजन्य से 02 एंबुलेंस (एक स्वास्थ्य विभाग और एक भारद्वाज सेवा संस्थान) और जिला लोक अदालत को 03 प्रचार वाहन प्रदान किया और झंडी दिखाकर उन्हे रवाना किया। उनके द्वारा महराजगंज सिटी बैंक शाखा का उद्घाटन भी वर्चुअली किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने वित्त मंत्री को स्वनिर्मित उत्पादों का उपहार भेंट किया।कार्यक्रम में नाबार्ड के चेयरमैन शाजी के.वी., जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, विधायक पनियरा ज्ञानेंद्र सिंह, विधायक सिसवा प्रेम सागर पटेल, विधायक नौतनवा ऋषि त्रिपाठी, संयुक्त सचिव वित्त सेवा विभाग प्रशांत बोरे सहित अन्य गणमान्य अतिथि और विशाल जनसमूह उपस्थित रहा।

## लोकसभा चुनाव की तैयारी : भाजपा का लाभार्थी सपंर्क अभियान की कार्यशाला हुई आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**इटवा सिद्धार्थनगर।** भारतीय जनता पार्टी ने अब लाभार्थी संपर्क अभियान शुरू कर दिया है। इसके तहत कार्यकर्ता लाभार्थियों से संपर्क करेंगे। प्रत्येक कार्यकर्ता लाभार्थियों की सूची दी जाएगी। जो रोज इसकी रिपोर्ट अपने मंडल संयोजक को देंगे। यह जानकारी शुक्रवार को भाजपा के जिला मंत्री कृष्णा मिश्रा ने दी। इसको लेकर भाजपा कार्यालय पर कार्यशाला भी आयोजित की गई।

**रोजाना 40 लाभार्थियों से संपर्क करेंगे कार्यकर्ता**

कृष्णा मिश्रा ने कहा की मोदी सरकार पिछले 10 साल से लगातार गरीब, मजदूर, किसान, महिला, यूवा, अनुसुचित आदि सहित समाज के सभी वर्गो लिए कार्य कर रही है जिन लोगों को इस दौरान सरकार से लाभ मिला है उनके संपर्क हेतु कार्यकर्ताओ की सूची बनाकर एक कार्यकर्ता को सम्पर्क हेतु कमसे कम 40 लाभार्थियों सूची दी जाएगी। जिसका वो प्रतिदिन की रिपोर्ट देंगे, 25 फरवरी से 5 मार्च तक यह विशेष अभियान है। सभी कार्यकर्ता लाभार्थियो से जरुर संपर्क करें। इस दौरान इटवा मंडल अध्यक्ष शदीपनरायन त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष रामकृपाल चौधरी, वरिष्ट नेता अमित मिश्रा, रामशबद उपाध्याय, रमाकांत, माया मिश्रा, समानता मिश्रा, राकेश मिश्रा, शिवा विश्वकर्मा, गुड्डू यादव, टाइगर पटेल आदि भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीएम ने शिक्षकों को किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालयों में से निपुण घोषित 44 विद्यालय के शिक्षकों का शुक्रवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल व मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार ने प्रशस्ति पत्र व शाल देकर सम्मानित किया। साथ ही अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के शिक्षकों को भविष्य में बेहतर करने के लिए प्रेरित किया।

लोहिया कला भवन में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि छोटे बच्चों को शिक्षा देना चुनौतीपूर्ण होता है। जब शिक्षक बच्चों के साथ अपनापन की भावना के साथ शिक्षण कार्य करता है तो आनंददायक लगता है। डीएम ने शिक्षकों में उत्साह भरते हुए कहा कि सभी शिक्षक अपनी विशिष्ट योग्यता के आधार पर ही शिक्षक बने हैं। वे चुनौती को स्वीकार करते हुए इस विश्वास के साथ बच्चों को निपुण बनाएं कि वे ही इस कार्य को कर सकते हैं। सीडीओ ने कहा कि निपुण न हो पाने वाले विद्यालय के शिक्षक निपुण विद्यालयों से प्रेरणा लेकर नए उत्साह के साथ मिशन मोड में जुट जाएं। इसके पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि बीते दिसंबर माह में जनपद के सभी 1267 प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में कक्षा एक से तीन तक के बच्चों का डायट से रैंडम आवंटित डीएलएड प्रशिक्षुओं के माध्यम से आनलाइन परीक्षा कराई गई थी। इसमें से 44 विद्यालय में 80 प्रतिशत छात्र निपुण लक्ष्य को पूरा किए थे।

इस आधार पर इन्हें निपुण घोषित किया गया है। कार्यक्रम में समस्त जिला समन्वयक, एसआरजी, एआरपी व बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

**बांसी अव्वल तो बर्डपुर फिसड्डी** – बांसी में सबसे अधिक नौ विद्यालय निपुण घोषित हुए हैं, जबकि उस्का बाजार व भनवापुर में आठ -आठ विद्यालय, शोहरतगढ़, इटवा व खुनियांव में तीन -तीन, खेसरहा, मिठवल व लोटन में दो -दो, जोगिया, डुमरियागंज, बढ़नी और नौगढ़ में एक - एक विद्यालय निपुण हुए हैं। जबकि बर्डपुर में कोई विद्यालय निपुण नहीं हो सका है।

**प्राथमिक विद्यालय में उपलब्ध होंगे डेस्क-बेंच** – जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने जनपद को मिले पुरस्कार फंड से प्राथमिक विद्यालयों में डेस्क - बेंच की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की घोषणा करते हुए कहा कि जूनियर कक्षाओं के लिए विभाग व अन्य मद से डेस्क बेंच उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्राथमिक कक्षाओं में इसकी कमी है जिसे आकांक्षी जनपद में बेहतर कार्य होने पर मिले रिवार्ड फंड से पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

## भागवत कथा के श्रवण से ही मुक्ति संभव : कमलेश्वरानंद जी



**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** कुदरहा विकास क्षेत्र के छरदही गांव में चल रहे ग्यारह दिवसीय भागवत कथा मे ज्योतिष पीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य महराज जी के प्रिय शिष्य कमलेश्वरानंद जी पहुंचे और मुख्य यजमान पं मुरलीधर द्विवेदी स्वागत किए। शंकराचार्य जी महराज ने प्रवचन सत्र में कहा कि सुख और दुख मानव जीवन का प्रारब्ध बताया जाता है। मानव जीवन मे लाभ-हानि, मान-अपमान प्रारब्ध के अनुरूप मिलता है। कर्म प्रधान है इसलिए हमे जीवन का हर क्षण धर्म के कार्यो मे लगाना चाहिए। भागवत कथा के श्रवण से ही मुक्ति संभवन है। संसार का सुख भगवान के ही शरण है। कथा को आगे बढाते हुए वृन्दावन धाम से पधारे कथा व्यास आलोकानन्द जी महाराज ने कहा कि गोकुल का अर्थ है इंद्रियों का संचालन केन्द्र। जब ज्ञान का पूरा समावेश आचरण में होने लगे तो समझो कि हमारी आत्मोनति हो रही है। श्रीकृष्ण के जन्म के साथ अच्छाई व बुराई एक साथ चल रही है। जन्म के छठे दिन स्तन में जहर लगाकर पूतना आती है। भगवान बुराई रुपी जहर छोड़ दूध ग्रहण कर लेते हैं। फिर पूतना मर जाती है। जन्म के सत्ताईसवें दिन बैलगाड़ी के रूप में सकठासुर, बवण्डर के रूप में तृणावर्त, वृक्ष रूप में यमनार्जुन आता है। इसके बाद सबको मोक्ष देने के पश्चात भगवन माखन चोरी करते हैं। नगरवासियों को देवराज इन्द्र के कोप से बचाने और इन्द्र के दम्भ को चूर चूर करने के भगवान श्रीकृष्ण गोवर्धन पर्वत को अंगुली पर उठा कर अपने भक्तों की रक्षा करते हैं।

# पीढ़ा वितरण कार्यक्रम हिंदू संस्कृति को बचाने का एक प्रयास है : सतीश द्विवेदी

### पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी उर्फ पीढा बाबा ने किया पीढ़ा वितरण

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिले के कपिया चौराहे पर शुक्रवार को 481 गरीब कन्याओं के विवाह हेतु पीड़ा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी उर्फ पीढा बाबा ने किया।

प्रति वर्ष पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा लालजी त्रिपाठी उर्फ लाल बाबा करीब 1000 से ऊपर कन्याओं के विवाह के लिए पीड़ा दान करते हैं और अब तक वो 19 हजार पीढ़ा दान कर चुके हैं इसी कड़ी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, जिला प्रभारी भजपा हरिचरण कुशवाहा और रामकुमार कुंवर लोकसभा संयोजक ने शिरकत की। इस दौरान पूर्व मंत्री सतीश द्विवेदी ने कहा कि पीढ़ा वितरण का कार्यक्रम कोई मामूली पीढ़ा वितरण का कार्यक्रम नहीं बल्कि हिंदू संस्कृति को बचाने का एक प्रयास है उन्होंने कहा कि इस पीढ़े पर पहली बार पति और पत्नी बैठते हैं और उनकी शादी होती है और फिर इसी तरह मृत्यु तक साथ रहते हैं उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम हमेशा होना चाहिए ताकि हिंदू संस्कृति का लोग ज्यादा से ज्यादा पालन कर सकें। कार्यक्रम के आयोजक लाल जी त्रिपाठी उर्फ पीढ़ा बाबा कहा कि वह 1996 से इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष वह 1000 से ऊपर कन्याओं को विवाह के लिए पीड़ा दान करते हैं और आज 481 गरीब लोगों को शादी के लिए पीड़ा दान किया गया है उन्होंने कहा कि इसी तरह वह हिंदू संस्कृति को बचाने के लिए आगे भी कार्यक्रम करते रहेंगे।

## बोर्ड परीक्षा का डीआईओएस ने किया निरीक्षण



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के दुसरे दिन प्रथम पाली में जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश सिंह ने सुभाष राष्ट्रीय इंटर कालेज सैदहीं का निरीक्षण किया। केंद्र व्यवस्थापक अवनीश कुमार तिवारी ने पुष्प भेंट कर डी आई ओ एस का स्वागत किया। निर्विघ्न चल रही परीक्षा पर डी ओ एस ने केंद्र व्यवस्थापक की सराहना किया।स्टेटिक मजिस्ट्रेट बृजेश तिवारी,पर्यवेक्षक शिवकुमार जायसवाल की निगरानी में परीक्षार्थी नागरिक शास्त्र की परीक्षा दे रहे थे। उक्त अवसर पर वाह्यय केंद्र व्यवस्थापक निधी मिश्रा, अनिल कुमार शुक्ला, रमापति पाठक व आलोक कुमार पाठक उपस्थित रहे।

## पुलिस लाइन ग्राउंड में परेड की सलामी ली

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक ने शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड को दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल व व्यायाम करवाया करवाया गया, ड्रिल देखकर उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए निर्देशित किया, तत्पश्चात पुलिस लाइन में साप्ताहिक अर्दली रूम के दौरान विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यतन रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए व प्रतिसार निरीक्षक राजीव राय व अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे।

# लाभार्थी सम्पर्क अभियान आरंभ हेतु मंडल की बैठक का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा लाभार्थी सम्पर्क अभियान अंतर्गत मण्डल स्तरीय कार्यशाला व बैठक बजरंगी चौक बेवां स्थित हनुमान मन्दिर प्रांगण में आहूत की गई। जिसमें लाभार्थी सम्पर्क अभियान व बूथ स्तर तक संगठनात्मक विषयों पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को विस्तृत चर्चाकर जानकारी दी गई।

शुक्रवार को दोपहर में डुमरियागंज मण्डल में भाजपा द्वारा चलाए जाने वाले लाभार्थी सम्पर्क अभियान की कार्यशाला व कामकाजी बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मण्डल प्रभारी राजेन्द्र पाण्डेय ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का आरम्भ पं. दीन दयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यापर्ण, पुष्प अर्पितकर वन्देमातरम गान से किया गया। कार्यक्रम में मण्डल की बैठक में पहली बार पधारें मण्डल प्रभारी राजेन्द्र पाण्डेय को पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। मण्डल प्रभारी राजेन्द्र पाण्डेय ने कहां कि मोदी सरकार पिछले 10 साल से लगातार गरीब, मजदूर, किसान, महिला, युवा आदि सहित समाज के सभी वर्गो के हित के लिए कार्य कर रही है, जिन लोगों को इस दौरान भाजपा सरकार में विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला है, लाभार्थी सम्पर्क अभियान अंतर्गत उन लाभार्थियों से

**भाजपा डुमरियागंज मण्डल की कामकाजी बैठक व लाभार्थी सम्पर्क अभियान अंतर्गत कार्यशाला आहूत की गई**

संपर्क हेतु कार्यकर्ताओ की सूची बनाकर दिया गया हैं।

एक कार्यकर्ता को सम्पर्क हेतु 20 लाभार्थियों सूची दी जाएगी, जिसका वो प्रतिदिन की रिपोर्ट अपने मण्डल संयोजक व मण्डल अध्यक्ष को देंगे, यह अभियान 1 से 3 मार्च को विशेष रूप से चलाया जायेगा, अभियान में सभी पधाधिकारी व कार्यकर्ता लाभार्थियो से संपर्क कर भाजपा को वोट करने का अपील करेंगे।

पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा 2024 में जन-जन का समर्थन जुटाने के लिए 25 फरवरी से 5 मार्च तक लाभार्थी संपर्क अभियान के जरिए अपनी संगठनात्मक शक्ति के साथ पूरे मनोवेश से जुटी हुई है। इस अभियान में मण्डल अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी पधाधिकारी व कार्यकर्ता सभी बूथों पर लाभार्थी व उनके परिवारजनों से सम्पर्क करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी लाभार्थी संपर्क कर उनके फोन से 9638002024 पर मिस्ड कॉल करवाए, दिए गए पत्रक देकर एवं उनके घर पर स्टीकर लगाए। अगर किसी लाभार्थी का मोबाइल नम्बर बदल गया है तो उनका नया नं0 लिख लाना है। लाभार्थी के साथ फोटो एवं उनके अनुभव का विडियो बनाकर सोशल मीडिया, नमो ऐप एवं सरल पोर्टल पर अपलोड करना। कार्यक्रम के अंत में मण्डल अध्यक्ष अमरेंद्र त्रिपाठी ने सभी को लाभार्थी सम्पर्क अभियान में जुट जाने का आवाहन कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन रमेश सोनी ने किया। इस अवसर पर चंद्र प्रकाश चौधरी, मेवालाल वर्मा, जवाहर चौरसिया, महंथ अशोक दास, मनोज निषाद, दरोगा दुबे, अजय अग्रहरि, राजेश, अजय दुबे, अमित मिश्रा, माधवेंद्र मिश्रा, रमेश पाण्डेय, प्रेम पाण्डेय, धर्मेश पाण्डेय, संतोष अग्रहरि, बच्चाराम पासवान, अनिल, राजू आदि सहित भारी संख्या में कार्यकर्तागण व पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज क्षेत्र के कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय भारत भारी में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय एवं कबीर सेवा संस्थान बस्ती द्वारा तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में कबीर सेवा संस्थान के कोऑर्डिनेटर मेंहदी हसन द्वारा बताया गया कि ऐसे आयोजन करने का उद्देश्य विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र छात्राओं में विज्ञान के प्रति रूचि एवं ज्ञान अर्जित करना है।

विज्ञान प्रदर्शनी के तीसरे दिन कोऑर्डिनेटर मेंहदी हसन द्वारा विद्यालय के छात्र छात्राओं से विज्ञान से संबंधित प्रश्नोतरी की गई जिसका विद्यालय के बच्चों द्वारा समुचित उत्तर दिया गया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सौर ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में रूपांतरित कर उसका उपयोग दैनिक जीवन में करने, प्रकाश संश्लेषण, रेशम कीट से कोकून प्राप्त करने, सेव वाटर सेव लाइफ आदि विषयों से से संबंधित पोस्टर बनाये। विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।बच्चों ने देश रंगीला रंगीला, हम बच्चे हिंदुस्तान के, फिर भी दिल है हिंदुस्तानी आदि गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि सभासद आकाश पाण्डेय द्वारा सभी प्रतिभागी बच्चों को मेडल एवं मोमेंटो देकर पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम में रागिनी, अनीशा सोनी, जमुना, प्रिंस, आयुष, देवांश, सुमैया आदि बच्चों को पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में कोऑर्डिनेटर मेंहदी हसन द्वारा मुख्य अतिथि सभासद आकाश पाण्डेय एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक मोहम्मद नदीम को मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों द्वारा वाटर हार्वेस्टिंग, मिसाइल्स ऑफ इंडिया, सोलर सिस्टम, इलेक्ट्रिक बस, ग्लोब आदि प्रोजेक्ट बनाया गया। इस अवसर पर मोहम्मद नदीम ने कहा कि इससे बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न होगा एवं बच्चों में विज्ञान के प्रति उत्सुकता बढ़ेगी और बच्चे मानवहित में विज्ञान से संबंधित संसाधनों का निर्माण करेंगे। विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य सहायक अध्यापक इश्तियाक अहमद एवं विकास मद्धेशिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर इश्तियाक अहमद, विकास मद्धेशिया, तनवीर अहमद, अजय कुमार उपाध्याय, विश्वदेव चौधरी, रामेन्द्र मणि त्रिपाठी, केशरी मिश्रा, नीतू शुक्ला आदि शिक्षक सहित छात्र छात्राऐं उपस्थित रहे।

## अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** मालीपुर पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। मालीपुर थाने के उप निरीक्षक हवलदार सिंह यादव हेड कांस्टेबल मोहम्मद रसूल व विनोद प्रचेता 22 फरवरी को क्षेत्र भ्रमण के लिए निकले थे तभी महारानी गीता देवी स्कूल गांव करीमपुर के पास से थाना क्षेत्र के मंसूरपुर गांव निवासी अशोक वर्मा के पास से एक किलो 100 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ। जिन्हें गिरफ्तार कर एनडीपीएस के तहत न्यायालय भेज दिया गया है।

# डीएम को अपने द्वार देख लखपती दीदी का सपना हुआ साकार

अवधनामा संवाददाता




**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह को विभिन्न माध्यमों से यह ज्ञात हुआ था कि विकास खण्ड जलालपुर के गौसपुर ककरहिया ग्राम की रीतादेवी के नेतृत्व में सरसवती आजीविका समूह की महिलाओं द्वारा समूह के सीसीएल एवं सीआईएफ की धनराशि से कपड़ों की सिलाई का कार्य सफलता पूर्वक प्रारम्भ करते हुए प्रतिदिन 5000 से अधिक के लोवर, टीशर्ट, बच्चों एवं महिलाओं के वस्त्र तैयार किये जा रहे है। जिलाधिकारी द्वारा उनका मनोबल बढ़ाने के लिए पूरे प्रशासनिक अमले के साथ रीता देवी के घर पहुँच गये। जहाँ समूह की महिलाएँ सिलाई का कार्य कर रही थीं।

जिलाधिकारी को अपने बीच पाकर महिलाओं के आश्चर्य एवं हर्ष की सीमा न रही।जिलाधिकारी ने समूह की समस्त महिलाओं से सीधे वार्तालाप किया। समूह की महिलाओं द्वारा बताया गया कि मा0 मुख्यमन्त्री जी एवं मा0 प्रधानमन्त्री जी की विराट सोच का यह परिणाम है कि हम महिलाएँ भी स्वावलम्बी हो रही है।

जिलाधिकारी द्वारा महिलाओं के यह बताने पर कि स्थान एवं संसाधन कम होने के कारण अन्य महिलाओं को इससे जोड़ा नहीं जा पा रहा है। जिससे मॉग के सापेक्ष आपूर्ति कम है, जिलाधिकारी ने अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देश दिये कि उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए क्रिटिकल फन्ड की धनराशि से यहाँ पर एक सिलाई सेन्टर कम बारात घर का निर्माण कराया जाय। इस बरात घर की आय को समूह की महिलाओं द्वारा इसके रख-रखाव में खर्च किया जायेगा। यह सुनते ही महिलाओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि यह समूह लखपति दीदी के क्लब से मात्र 20 हजार रूपये की दूरी पर है। जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों से अपील की कि समूह से निर्मित 20 ट्रैक सूट का आर्डर दिया जाय एवं जिलाधिकारी द्वारा स्वयं इसका भुगतान यह कहते हुए दिया गया कि सारे अधिकारी अपने ट्रैक सूट की धनराशि उन्हें वापस कर देगें।इस पर महिलाओं समेत समस्त अधिकारी प्रसन्नचित दिखे। मुख्यमन्त्री जी के उत्तर प्रदेश की वन ट्रिलियल डालर इकोनोमी बनाने एवं मा0 प्रधानमंत्री जी के पाँच ट्रिलियन डालर इकोनोमी बनाने के सपने को साकार करने हेतु विकास खण्ड जलालपुर के ग्रान-गौसपुर ककरहिया को समूह की महिलाओं द्वारा किया गया प्रयास सराहनीय है।जिलाधिकारी द्वारा ग्राम में सी0सी0रोड, नाली, सिलाई सेन्टर, बारातघर आदि का निर्माण कराने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा ग्राम की महिलाओं द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की गयी, जिससे समूह की महिलाएँ सशक्त हो रही है एवं मिशन शक्ति के रूप में उभर कर सामने आ रही है। इन महिलाओं को निजी विद्यालयों में ड्रेस आपूर्ति के लिए भी विद्यालयों के प्रबंधकों के साथ बैठक की जायेगी। इसी तरह विकास खण्ड भीटी की ग्राम पंचायत अढ़नपुर में भी बरातघर एवं सिलाई सेन्टर का शिलान्यास इसी सप्ताह मा0 जनप्रतिनिधियाँ की उपस्थिति में कराते हुए मा0 मुख्यमन्त्री जी की मन्शा के अनुरूप महिलाओं को आर्थिक रूप से संपन्न बनाया जाएगा । इस दौरान मौके पर उप जिलाधिकारी जलालपुर, उपायुक्त स्वत रोजगार,जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, खंड विकास अधिकारी जलालपुर उपस्थित रहे।

# बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में ब्लाक पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**उसका सिद्धार्थनगर।** बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों, ग्राम प्रधान व प्रधानाध्यापक का ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि सदर विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले और सरकार द्वारा उपलब्ध सुविधाओं को सुगमता से बच्चो तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। स्कूली शिक्षा व्यवस्था में डीबीटी के कारण काफी परिवर्तन हुआ है।विधायक ने शिक्षकों से विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था, छात्र संख्या, प्रांगण की साज सज्जा को बढ़ाने में भरपूर प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम आयोजक बीईओ महेंद्र कुमार ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों, योजनाओं व सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, स्कूल बैग व स्टेशनरी क्रय हेतु डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के बैंक खाते में पैसा प्रेषित किया जाता है, इसका उपयोग इन्हीं कार्यो के लिए किया जाए तथा आपरेशन कायाकल्प एवं निपुण भारत अभियान के प्रति जागरूक करना है। वर्तमान में कई विद्यालयों में बाउंड्रीवाल, पीने का स्वच्छ पानी, रनिंग वाटर सप्लाई, समरसेबुल, शौचालय आदि संसाधनों से पूर्ण किया गया हैं व कई विद्यालय में यह कार्य हो रहें हैं। इस दौरान हेमंत कुमार जायसवाल, रामनिवास यादव, बीडीओ अनिशि मणि पांडेय, अध्यक्ष श्रीष प्रताप यादव, राकेश आर्या, हरिशंकर सिंह, गुलाम जिलानी, रामसेवक गुप्ता, अजीजुर्रहमान, सतीश चौधरी, लवकुश राजभर, राकेश सिंह, शिवकुमार शुक्ल, शिवपाल सिंह, शिवाकांत दुबे, अपर्णा मिश्रा, सुमन धुलिया, अंकिता सिंह आदि मौजूद रहे।

## कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक

**बस्ती।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए नियुक्त कार्मिको व टीमों का प्रशिक्षण मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। उन्होने कार्मिको को व्यय प्रेक्षक, सहायक प्रेक्षक, वीडियों निगरानी, अवलोकन टीम, उड़न दस्ता, स्टेटिक निगरानी टीम, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति, लेखाकरण टीम, शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष तथा काल सेण्टर सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होने प्रत्याशी द्वारा व्यय को सीमित रखने तथा गैर कानूनी व्यय को रोकने के कानून प्राविधानों की जानकारी दिया। उन्होने बताया कि प्रत्येक लोकसभा प्रत्याशी को अधिकतम 95 लाख रूपये की सीमा तक व्यय करने की अनुमति होंगी, उसे अपना नया बैंक एकाउण्ट खोलना होंगा, ऐसा ना करने पर उसे तीन साल के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है। उसके द्वारा प्रकाशित की जाने वाली सामग्री बैनर, पोस्टर, पम्पलेट पर मुद्रक, प्रकाशक का नाम व पता तथा संख्या छपवाना अनिवार्य होंगा।

## चुनावी बान्ड योजना रद्द

सुप्रीम कोर्ट चुनावी बान्ड योजना को रद्द कर दिया है। रद्द करने की वजह बताई है यह संविधान में प्रदत्त सूचना के अधिकार बोलने तथा अभिव्यक्ति के अधिकार का उलंघन करती है। बान्ड के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई के जवाब में यह निर्णय आया है।

चुनावी बान्ड के माध्यम से राजनैतिक दलों को चन्दा दिया जाता है। पहली बार 2017-2018 के बजट में आया। बान्ड में एक वचन पत्र जारी किया जाता है। जिसमें धारक को राशि देने का वादा होता है। इसमें खरीदार मुक्तान कर्ता, स्वामित्व की जानकारी नही होती है। राजनितिक दल इसका मालिक होता है। बान्ड 1000, 10 हजार, एक लाख, 10 लाख, एक करोड़ गुणवत्ता वाले होते है। बान्ड के 15 दिन के अन्दर नहीं भुनाये जाने पर राशि प्रधानमंत्री राहत कोष में चली जाती है। पार्टियों को चुनाव आयोग में सालाना चन्दे का विवरण जमा करने के दौरान बान्ड के जरिये चन्दा देने वालों के नाम व पता देने की जरूरत नहीं होती।


कभी चुनावी चन्दे के मामले में सबसे अमीर पार्टी कांग्रेस थी आज भाजपा है। कभी कांग्रेस की आप 598 करोड़ थी भाजपा की 673.8 करोड़ थी। 2022-23 में भाजपा को 2360 करोड़ मिला था और कांग्रेस को 452 करोड़ इसमें चन्दा और बान्ड दोनों की राशि शामिल है।

चुनावी बान्ड को लेकर 14 सितम्बर 2017 को एनजीओ एसोसियेशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म ने बान्ड के खिलाफ याचिका दायर की थी। 2017 वित्त विधेयक में चुनावी बान्ड योजना पेश की गई थी। इसमें शक नही की चुनाव लड़ने के लिये राजनीतिक पार्टियों को पैसो की जरूरत होती है जो उन्हें चन्दे से मिलती थी। चुनावी बान्ड आजाने पर बान्ड और चन्दे दोनो से पैसे मिलने लगे। पर बोन्ड का पलड़ा भारी रहा है। बोन्ड पर प्रक्रिया देते हुये कोर्ट ने कहा लोकतन्त्र चुनावों के साथ प्रारम्भ और समाप्त नही होता है। सरकार को लोकतान्त्रिक स्वरूप बनाये रखने के लिये चुनावी प्रक्रिया की शुचिता महत्वपूर्ण है। अदालत ने भारत में चुनावी प्रक्रिया की शुचिता पर धन के हानिकरक प्रभाव की ओर लगातार इशारा किया है। कोर्ट ने कहा संविधान की प्रस्तावना में भारत को एक लोकतान्त्रिक गणराज्य के रूप में वर्णित किया गया है। एक ऐसा लोकतन्त्र जिसमें नागरिकों को जाति और वर्ग से परे राजनीतिक समानता की गारन्टी दी जाती है। जहां प्रत्येक वोट का मूल्य समान है। धन और बाहुबलियों के प्रवाह से सारी पवित्रता और अधिकार दूषित हो जाते है।

लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष सुमित्र महाजन का कहना है चुनाव के लिये सभी पार्टियों को कोष की जरूरत होती है। चुनावी बान्ड के जरिये सरकार ने चुनावी बोन्ड योजना के जरिये राजनीतिक दलों को चन्दे जरिये पैसे पाने के लिये अच्छी पद्धति पेश की थी। महाजन का कहना है इस पद्धति में जो दोष है उसे सुधारा जाना बेहतर होता।

सबसे बेहतर विकल्प यह होता कि जिस तरह रैलियां और प्रचार के लिये भीड़ ओर पैसा इकट्ठा किया जाता है उसमें भ्रष्टाचार, नागरिक के स्वतन्त्रता के अधिकार का अधिक हनन होता है। हर दल का अपना मैनीफेस्टो होता है। उसका सिद्धान्त होता है पार्टी के लिये तय किये अदर्शो के अनुरूप जनता को सुधार वित्तीय कानूनी प्रक्रिया प्रक्रिया और अन्य सहूलियत देने का वादा करता है। उसे अखबारों के ज़रिये प्रसारित करें। अब साक्षरता काफी बढ़ गई है। अर्से से मतदान करते जनता होशियार हो गई है। टीवी पर हर पार्टी के प्रवक्ता और चुनाव लड़ने वालो को बुलाकर अपनी कार्यपद्धति अपना स्कीमो जनता को बताने का मौका देना चाहिये। इससे बेकार का भाग दौड़ बचेगी प्रशासन और पुलिस पर भी व्यवस्था के लिये कोई अतिरिक्त श्रम नहीं करना पड़ेगा। विद्यार्थी समय से अपनी परीक्षा दे सकेगे। पार्टियो को चुनाव में भारी खर्चे की जरूरत ही नहीं पड़गी।

## पेड़ के प्राण लेना अक्षम्य है!


के. विक्रम राव

वन की परिभाषा क्या है? अब इस जानेमाने शब्द के आशय पर गत सप्ताह से भारत का सर्वोच्च न्यायालय माथापच्ची कर रहा है, सिर खपा रहा है। मुद्दा उठा था जब प्रधान न्यायाधीश धनंजय चंद्रचूड़ की खंडपीठ ने गत दिनों भारत सरकार को निर्दिष्ट किया कि शब्दकोश में उल्लिखित वन की परिभाषा को मान्य रखें। यह निर्णय 1996 में टीएन गोविंद रमन तिरुमूलपादवाली याचिका के निर्णय में निहित है। वर्तमान बहस का आधार था वन संरक्षण कानून 2023 के प्रावधानों पर सुनवाई। इसके साथ पशु सफारी पार्क और वनप्राणी स्थल पर भी उच्च न्यायालय का आग्रह था कि वही परिभाषा स्वीकारें। देखने पढ़ने में तो यह निर्धार सरल और सुगम दिखता है। पर वस्तुतः इतना बोधगम्य नहीं है। न्यायालय का प्रयास रहा कि वन कानूनों का प्रतिकूल प्रभाव चिड़ियाघरों, इको पर्यावरण, टोही सर्वेक्षणों जैसी परियोजनाओं पर न पड़े। यह 1980 वाला एक्ट भी निर्दिष्ट करता है कि वनों में कुछ क्रियाकलाप किए जा सकते हैं, जैसे चेक पोस्ट लगाना, फेंसिंग करना और पुल बनाना। चिड़ियाघर चलाने, सफारी और इको-टूरिज्म सुविधाओं की भी अनुमति देता है।

कानून वनों की कटाई या गैर-वानिकी उद्देश्यों के लिए वन भूमि के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाता है। केंद्र सरकार की पूर्व अनुमति से ऐसे प्रतिबंध हटाए जा सकते हैं। गैर-वानिकी उद्देश्यों में बागवानी फसलों की खेती या रीफॉरेस्टेशन के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए भूमि का उपयोग शामिल है। मगर वस्तुस्थिति आज क्या है ? वन की भूमि सदियों से लोभी तस्करों की गिद्ध दृष्टि में है। इसीलिए उच्चतम न्यायालय का सरोकार वाजिब है। भारतीय वन एक्ट, 1927, को लकड़ी और दूसरे वन संसाधनों के प्रबंधन के उद्देश्य से बनाया गया था। यह कानून राज्य सरकारों के लिए प्रावधान करता है कि वे अपने स्वामित्ववाली किसी वन भूमि को आरक्षित या संरक्षण वन अधिसूचित कर सकती हैं। ऐसी भूमि सभी भू अधिकार एक्ट के प्रावधानों के अधीन हैं। वन (संरक्षण) एक्ट, 1980 को बड़े पैमाने पर वनों की कटाई को रोकने के लिए लागू किया गया था। अगर वन भूमि को गैरवानिकी उद्देश्यों के लिए परिवर्तित करना है तो इस कानून के तहत केंद्र सरकार की मंजूरी लेनी जरूरी है। विडम्बना देखें कभी कहा जाता था कि डकैत जंगल में रहते हैं। अब ये लोग जंगलों में ही डकैती करने लगे हैं। पशुओं के बहुमूल्य खालों की, शेरों के हड्डियों की, गेंडे के छाल की, हाथी दांत की, हिरन के मांस की, चंदन की तस्करी की। अर्थात वनक्षेत्र भी आज डकैती का केंद्र हो गया है। इसीलिए एक याचिका की सुनवाई करते गत सप्ताह प्रधान न्यायाधीश धनंजय चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जमशेद पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्र ने निर्दिष्ट किया था कि नया चिड़ियाघर खोलने या वन भूमि पर सफारी शुरू करने के लिए सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी अनिवार्य होगी। शीर्ष अदालत ने 2023 के संशोधित वन संरक्षण कानून की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए देश भर में वन संरक्षण के लिए कई निर्देश जारी किए। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने इस दलील पर ध्यान दिया कि वन संरक्षण संबंधी 2023 के संशोधित कानून के तहत जंगल की परिभाषा में लगभग 1.99 लाख वर्ग किमी वन भूमि को वन के दायरे से बाहर रखा गया है जिसका उपयोग अन्य उद्देश्यों के लिए किया जासकता है। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले विवरण को 15 अप्रैल तक अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध कराएगा। अदालत ने कहा, पूर्व अनुमति के बिना वन भूमि के तहत किसी चिड़ियाघर/सफारी को अधिसूचित नहीं किया जाएगा।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**


**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**


धर्म के वास्तविक स्वरूप को उजागर करने, भक्ति और ध्यान में गुरु रविदास का जीवन समर्पित रहा। उन्होंने भक्ति के भाव से कई गीत, दोहे और भजनों की रचना की। पवित्रता, मानवीयता, आत्मनिर्भरता, सहिष्णुता और एकता उनके मुख्य धार्मिक संदेश थे। हिंदू धर्म के साथ ही सिख धर्म के अनुयायी भी गुरु रविदास के प्रति श्रद्धा भाव रखते हैं। यही कारण है कि रविदासजी की 41 कविताओं को सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव ने पवित्र ग्रंथ आदिग्रंथ या गुरुग्रंथ साहिब में शामिल कराया था। वे समाज सुधारक थे, तत्कालीन रूढ़ियों, आडम्बरों एवं दुराचारों को समाप्त कर स्वस्थ समाज संरचना करने में भी उनका विशेष योगदान रहा।

# रविदासजी एक सिद्ध एवं अलौकिक समाज-सुधारक संत थे


ललित गर्ग

जब भारतीय समाज और धर्म का स्वरूप रूढ़ियों एवं आडम्बरों में जकड़ा एवं अधंकारमय था तब संत गुरु रविदास एक रोशनी बनकर समाज को दिशा दी। वे अध्यात्म की सुदृढ़ परम्परा के संवाहक थे। वे ईश्वर को पाने का एक ही मार्ग जानते थे और वो है 'भक्ति', इसलिए तो उनका एक मुहावरा आज भी बहुत प्रसिद्ध है कि, 'मन चंगा तो कठौती में गंगा'। हर जाति, वर्ग, क्षेत्र और सम्प्रदाय का सामान्य से सामान्य व्यक्ति हो या कोई विशिष्ट व्यक्ति हो - सभी में विशिष्ट गुण खोज लेने की दृष्टि उनमें थी। गुणों के आधार से, विश्वास और प्रेम के आधार से व्यक्तियों में छिपे सद्गुणों को वे पुष्प में से मधु की भाँति उजागर करने में सक्षम थे। परस्पर एक-दूसरे के गुणों को देखते हुए, खोजते हुए उनको बढ़ाते चले जाना रविदासजी के सर्वधर्म समभाव या वसुधैव कुटुम्बकम् के दर्शन का द्योतक है। संत शिरोमणि गुरु रविदासजी एक महान संत और समाज सुधारक थे। भक्ति, सामाजिक सुधार, मानवता के योगदान में उनका जीवन समर्पित रहा।

रविदासजी के जन्म को लेकर कई मत हैं। लेकिन रविदासजी के जन्म पर एक दोहा खूब प्रचलित है- 'चौदस सो तैंसीस कि माघ सुदी पन्दरास, दुखियों के कल्याण हित प्रगटे श्री गुरु रविदास- इस पंक्ति के अनुसार गुरु रविदास का जन्म माघ मास की पूर्णिमा को रविवार के दिन 1433 को हुआ था। इसलिए हर साल माघ मास की पूर्णिमा तिथि को रविदास जयंती के रूप में मनाया जाता है जोकि इस वर्ष 24 फरवरी 2024 को है। रैदास पंथ का पालन करने वाले लोगों में रविदास जयंती का एक विशेष महत्व है। रविदासजी का जन्म उत्तर प्रदेश के वाराणसी के गोवर्धनपुर गाँव में एक मोची परिवार में हुआ था। वे कबीरजी के समकालीन थे और अध्यात्म, धर्म, समाज-व्यवस्था पर कबीरजी के साथ उनके कई संवाद उपलब्ध हैं। मध्यकाल की प्रसिद्ध संत मीराबाई भी रविदासजी को अपना आध्यात्मिक गुरु मानती थीं। रविदासजी ने लोगों को एक नई राह दिखाई कि घर-गृहस्थी में रहकर और गृहस्थ जीवन जीते हुए भी शील-सदाचार और पवित्रता का जीवन जिया जा सकता है तथा आध्यात्मिक ऊंचाइयों को प्राप्त किया जा सकता है। अपनी सामान्य पारिवारिक पृष्ठभूमि के बावजूद भी रविदासजी भक्ति आंदोलन, हिंदू धर्म में भक्ति और समतावादी आंदोलन में एक प्रमुख पुरोधा पुरुष के रूप में उजागर हुए। 15 वीं शताब्दी में रविदास जी द्वारा चलाया गया भक्ति आंदोलन उस समय का एक बड़ा आध्यात्मिक आंदोलन था। धर्म के वास्तविक स्वरूप को उजागर करने, भक्ति और ध्यान में गुरु रविदास का जीवन समर्पित रहा। उन्होंने भक्ति के भाव से कई गीत, दोहे और भजनों की रचना की। पवित्रता, मानवीयता, आत्मनिर्भरता, सहिष्णुता और एकता उनके मुख्य धार्मिक संदेश थे। हिंदू धर्म के साथ ही सिख धर्म के अनुयायी भी गुरु रविदास के प्रति श्रद्धा भाव रखते हैं। यही कारण है कि रविदासजी की 41 कविताओं को सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव ने पवित्र ग्रंथ आदिग्रंथ या गुरुग्रंथ साहिब में शामिल कराया था। वे समाज सुधारक थे, तत्कालीन रूढ़ियों, आडम्बरों एवं दुराचारों को समाप्त कर स्वस्थ समाज संरचना करने में भी उनका विशेष योगदान रहा। इन्होंने समाज से जातिवाद, भेदभाव और सामाजिक असमानता के खिलाफ जनजागृति का वातावरण निर्मित कर समाज को समानता और न्याय के प्रति प्रेरित किया। गुरु रविदासजी ने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और अपने शिष्यों को उच्चतम शिक्षा पाने के लिए प्रेरित किया। रविदासजी एक सिद्ध एवं अलौकिक संत थे। एक कथा के अनुसार रविदासजी बचपन में अपने साथियों के साथ खेल रहे थे। उनमें से एक साथी अगले दिन खेलने नहीं आता है तो रविदासजी उसे ढूंढ़ते हुए उसके घर तक पहुंच जाते हैं। उसकी मृत्यु हो गई और वे मृत शरीर को देखकर बहुत दुखी होते हैं और अपने मित्र को बोलते हैं कि उठो ये समय सोने का नहीं है, मेरे साथ खेलो। इतना सुनकर उनका मृत साथी खड़ा हो जाता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि संत रविदासजी को बचपन से ही आलौकिक शक्तियां प्राप्त थी। लेकिन जैसे-जैसे समय निकलता गया उन्होंने अपनी शक्तियों को भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की भक्ति में लगाई। इस तरह धीरे-धीरे लोगों का भला करते हुए वे जन-जन के प्रिय अलौकिक संत बन गए।




संत गुरु रविदास ने स्वयं को ही पग-पग पर परखा और निथारा। स्वयं को भक्त माना और उस परम ब्रह्म परमात्मा का दास कहा। वह अपने और परमात्मा के मिलन को ही सब कुछ मानते। शास्त्र और किताबें उनके लिये निरर्थक और पाखण्ड था, सुनी-सुनाई तथा लिखी-लिखाई बातों को मानना या उन पर अमल करना उनको गंवारा नहीं। इसीलिये उन्होंने जो कहा अपने अनुभव के आधार पर कहा, देखा और भोगा हुआ ही व्यक्त किया, यही कारण है कि उनके दोहे इंसान को जीवन की नई प्रेरणा देते थे। रविदासजी शब्दों का महासागर हैं, ज्ञान का सूरज हैं। उनके बारे में जितना भी कहो, थोड़ा है, उन पर लिखना या बोलना असंभव जैसा है। सच तो यह है कि बूंद-बूंद में सागर है और किरण-किरण में सूरज। उनके हर शब्द में गहराई है, सच का तेज और ताप है।

संत गुरु रविदास सर्वधर्म सद्भाव के प्रतीक थे, साम्प्रदायिक सद्भावना एवं सौहार्द को बल दिया। उनको हिन्दू के अलावा अन्य संप्रदायों में बराबर का सम्मान प्राप्त था। उन्होंने मानव चेतना के विकास के हर पहलू को उजागर किया। श्रीकृष्ण, श्रीराम, महावीर, बुद्ध के साथ-ही-साथ भारतीय अध्यात्म आकाश के अनेक संतों-आदि शंकराचार्य, नानक, रैदास, मीरा आदि की परंपरा में रविदासजी ने भी धर्म की त्रासदी एवं उसकी चुनौतियों को समाहित करने का अनूठा कार्य किया। जातिवाद एवं सम्प्रदायवाद के खिलाफ वातावरण बनाया। जीवन का ऐसा कोई भी आयाम नहीं है जो उनके दोहों-विचारों से अस्पर्शित रहा हो। अपनी कथनी और करनी से मृतप्रायः मानव जाति के लिए रविदासजी ने संजीवनी का कार्य किया। इतिहास गवाह है, इंसान को ठोंक-पीट कर इंसान बनाने की घटना रविदासजी के काल में, रविदासजी के ही हाथों, उनकी रचनाओं-विचारों एवं कार्यो से हुई। शायद तभी रविदासजी कवि मात्र ना होकर युगपुरुष और युगस्रष्टा कहलाए। न तो किसी शास्त्र विशेष पर उनका भरोसा रहा और ना ही उन्होंने जीवन भर स्वयं को किसी शास्त्र में बाँधा। रविदासजी ने समाज की दुखती रग को पहचान लिया था। वे जान गए थे कि हमारे सारे धर्म और मूल्य पुराने हो गए हैं। नई समस्याएँ नए समाधान चाहती हैं। नए प्रश्न, नए उत्तर चाहते हैं। नए उत्तर, पुरानेपन से छुटकारा पाकर ही मिलेंगे।

संत गुरु रविदास ने धरती और धरती के लोगों की धड़कन को सुना। धड़कनों के अर्थ और भाव को समझा। इन धड़कनों को वे जितना आत्मसात करते चले, उतना ही उनका जीवन ज्ञान एवं संतता का ग्रंथ बनता गया। यह जीवन ग्रंथ शब्दों और अक्षरों का जमावड़ा मात्र नहीं, बल्कि इसमें उन सच्चाइयों एवं जीवन के नए अर्थो-आयामों का समावेश है, जो जीवन को शांत, सुखी एवं उन्नत बनाने के साथ-साथ जीवन को सार्थकता प्रदान करते हैं। उनके अनुभवों और विचारों ने एक नई दृष्टि प्रदान की।

# चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर ऐतिहासिक फैसला

लोकतंत्र की प्रक्रिया को धोखाधड़ी से नाकाम करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। जहां असाधारण स्थितियां बनती हैं, वहां अदालत को दखल देना पड़ता है, ताकि बुनियादी जनादेश को संरक्षित किया जा सके। अनुच्छेद 142 के तहत अदालत का यह पहला 'सुप्रीम फैसला' है। इससे पहले भोपाल गैस त्रासदी कांड के पीड़ितों को राहत पहुंचाने और उन्हें मुआवजा दिलाने, राजीव गांधी के हत्यारे पेरारिवलन को जेल में 30 लंबे साल की सजा काटने के बाद रिहाई दिलाने और अयोध्या की श्रीराम जन्मभूमि के संदर्भ में अनुच्छेद 142 के तहत फैसले सुनाए गए थे।


रोहित माहेश्वरी

सर्वोच्च न्यायालय ने चंडीगढ़ के महापौर चुनाव में हुई गड़बड़ी पर सख्त रवैया अपनाते हुए जिस तरह आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के संयुक्त उम्मीदवार को निर्वाचित घोषित किया उसकी सर्वत्र प्रशंसा हो रही है । न्यायपालिका की यही निडरता देश में लोकतंत्र की जड़ें मजबूत करने में सहायक है । यद्यपि राजनेताओं को ये अच्छा नहीं लगता और अनेक मर्तबा इस बात को लेकर बहस भी चली कि न्यायाधीश अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर निकलकर कार्यपालिका और विधायिका के दैनंदिन कार्यों में भी हस्तक्षेप करते हैं। चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर चुनाव पर सर्वोच्च न्यायिक पीठ ने जो न्याय किया है, वह ऐतिहासिक और क्रांतिकारी है। संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत सर्वोच्च अदालत ने, चुनाव जैसे मुद्दे पर, जिस विशेषाधिकार का इस्तेमाल किया है, वह अभूतपूर्व है। यह ऐसा फैसला है, जिसे कोई चुनौती नहीं दे सकता। न्यायपालिका ने लोकतंत्र और उसमें निहित जन-शक्ति को बचाकर मिसाल कायम की है। वोट की लूट नहीं मचाई जा सकती और न ही चुनाव प्रक्रिया में धांधलियां कामयाब हो सकती हैं। सर्वोच्च अदालत ने अपने फैसले के जरिए यह संदेश पूरे देश को दिया है। मेयर चुनाव के पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह को 'कदाचार' का दोषी भी करार दिया गया है। अब उनके खिलाफ मुकदमा चलेगा और 3 से 7 साल तक की सजा भी दी जा सकती है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में तीन न्यायाधीशों ने पहली बार अदालत में ही किसी चुनाव के वोट जांचे और नतीजा घोषित किया।

न्यायाधीशों ने कहा कि चुनावी लोकतंत्र की प्रक्रिया को धोखाधड़ी से नाकाम करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। जहां असाधारण स्थितियां बनती हैं, वहां अदालत को दखल देना पड़ता है, ताकि बुनियादी जनादेश को संरक्षित किया जा सके। अनुच्छेद 142 के तहत अदालत का यह पहला 'सुप्रीम फैसला' है। इससे पहले भोपाल गैस त्रासदी कांड के पीड़ितों को राहत पहुंचाने और उन्हें मुआवजा दिलाने, राजीव गांधी के हत्यारे पेरारिवलन को जेल में 30 लंबे साल की सजा काटने के बाद रिहाई दिलाने और अयोध्या की श्रीराम जन्मभूमि के संदर्भ में अनुच्छेद 142 के तहत फैसले सुनाए गए थे।

बेशक चंडीगढ़ मेयर चुनाव का मुद्दा अपेक्षाकृत छोटा है, लेकिन इसके प्रभाव व्यापक होंगे, क्योंकि यह आम चुनाव के कुछ दिन पहले ही सामने आया है और अदालत ने 19 दिनों में हस्तक्षेप कर फैसला सुनाया है। अब भाजपा की चुनावी साजिशों और मंसूबों पर लगातार सवाल उठाए जाएंगे। न्यायिक पीठ ने 30 जनवरी को घोषित मेयर का चुनाव खारिज कर दिया और अवैध मतपत्रों को 'वैध' करार दिया और उन्हीं के आधार पर आम आदमी पार्टी (आप) एवं कांग्रेस के साझा प्रत्याशी कुलदीप कुमार को चंडीगढ़ का मेयर घोषित कर दिया।



भाजपा के रणनीतिकार, पैरोकार दलीलें देते रहे कि चुनाव दोबारा कराया जाए। चूंकि भाजपा ने 'आप' के तीन पार्षदों को तोड़ कर बहुमत का जुगाड़ कर लिया था, लेकिन सर्वोच्च अदालत ने उन दलीलों को खंडित कर कइयों को बेनकाब किया है। अकेला पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह इतनी बड़ी धांधली का 'मसीहा' नहीं हो सकता, जाहिर है कि इस साजिश में बड़ी मछलियां भी संलिप्त होंगी। अदालत के फैसले में उन्हें पर्दाफाश नहीं किया जा सका, लेकिन मसीह पर जो मुकदमा चलेगा, संभवतः उसके दौरान साजिशकार बेनकाब हों! 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने इस सीमित धांधली को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य दे दिया है कि जो मेयर के चुनाव में धोखाधड़ी कर सकते हैं, वे लोकसभा चुनाव में कितनी व्यापक धांधली कर सकेंगे, यह सोचकर ही रूह कांपने लगती है। बहरहाल, शीर्ष अदालत के फैसले ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व को प्राणवायु दे दी है। दिल्ली के मुख्यमंत्री व आप सुप्रीमो ने पुरानी कहावत दोहराते हुए कहा भी कि 'सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं'। अब वे सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भाजपा पर नये सिरे से हमलावर हो रहे हैं। बल्कि वे भाजपा के आगामी लोकसभा चुनाव में जीत के दावों को लेकर भी सवाल उठा रहे हैं। दरअसल, चंडीगढ़ मेयर पद पर आप व कांग्रेस के साझे प्रत्याशी की जीत को अब इंडिया गठबंधन की जीत के रूप में दर्शाया जा रहा है। कहा जा रहा है कि पिछले महापौर चुनाव में ऊंच-नीच हुई थी, लेकिन मामला इतनी चर्चा में नहीं आया। अब तो राष्ट्रीय स्तर पर लोकसभा चुनाव को लेकर आप व कांग्रेस के तालमेल को लेकर नये सिरे से चर्चा होने लगी है। केजरीवाल आज खुश और उत्तेजित हैं कि भाजपा के चंगुल से जीत छीन कर लाई भी जा सकती है। बहरहाल इस संदर्भ को राष्ट्रीय व्यापकता में आंकना उचित नहीं है, क्योंकि 10 लाख से ज्यादा ईवीएम के जरिए जनादेश दिया जाता है। बहरहाल इस गड़बड़ी के लिए चुनाव आयोग बिल्कुल भी जिम्मेदार नहीं है, क्योंकि यह चुनाव उसके दायरे में नहीं था। चंडीगढ़ के उपायुक्त ने मनोनीत पार्षद मसीह को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त करके शायद गलती की।

निश्चित रूप से लोकतंत्र में निर्वाचित प्रतिनिधियों को न्यायसंगत ढंग से अपने वोट का इस्तेमाल करने का अधिकार होना चाहिए। वहीं लोकतंत्र में संख्याबल का सम्मान किया जाना चाहिए। मेयर चुनाव में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का मजाक बनाने वाले पीठासीन अधिकारी को शीर्ष अदालत की लताड़ निश्चित रूप से अन्य लोगों के लिये सबक साबित होगा। सवाल यह भी है कि पीठासीन अधिकारी ने यह कृत्य पार्टी के प्रति वफादारी जताने के लिये किया या फिर उस पर बाहरी दबाव था। निश्चित रूप से भाजपा नेतृत्व को भी हालिया घटनाक्रम से असहज स्थिति का सामना करना पड़ा है। उसकी छवि पर भी इसका प्रभाव पड़ सकता है। निस्संदेह, किसी लोकतंत्र की विश्वसनीयता तभी कायम रह सकती है जब चुनाव प्रक्रिया छल-बल के प्रभाव से मुक्त हो सके। हमारे तंत्र को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जनादेश का सम्मान करते हुए कोई चयन प्रक्रिया संपन्न हो। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी दबंगई कानूनों का प्रयोग करते हुए इसमें सीधा हस्तक्षेप किया और स्वयं ने वोटों की फिर से गिनती करवाकर सही रूप से विजयी आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी को महापौर के रूप में घोषणा की, सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव के नियमों का हवाला देते हुए उसमें की गई अनियमितताओं का भी उल्लेख किया और पीठासीन अधिकारी द्वारा अमान्य आठ मतों को मान्य कर संशोधित परिणाम घोषित कर दिया सर्वोच्च न्यायालय का यह कदम अब तक के भारतीय इतिहास का एक महत्वपूर्ण कदम बन गया, जो इसके इतिहास में दर्ज हो गया। चंडीगढ़ की इस छोटी सी घटना ने देश के प्रजातंत्री इतिहास में सर्वोच्च न्यायालय की अहम् भूमिका पुनः एक बार दर्ज करा दी।

# जागरूकता से कैंसर के खतरे को किया जा सकता है कम

राष्ट्रीय कैंसर पंजीकरण कार्यक्रम के आंकड़ों के अनुसार जहां वर्ष 2011 में 4556 कैंसर पीड़ितों की संख्या दर्ज की गई थी, वहीं साल 2012 में 4848, 2013 में 5068, 2014 में 5568, 2015 में 6358, साल 2016 में 15652, 2017 में यह आंकड़ा बढ़कर 16480 और साल 2018 में कैंसर रोगियों की संख्या बढ़कर 17351 तक पहुंच गई है। जम्मू में कैंसर रोगियों के पिछले 4 वर्षों में 51000 केस दर्ज हुए हैं। इनमें 25 प्रतिशत मैदे के कैंसर के मरीज हैं। 13.2 प्रतिशत लंग्स कैंसर के और 16 प्रतिशत ब्रेस्ट कैंसर के मामले दर्ज किए गए हैं।


फ़िरोज़ा अंसारी

मुझे करीब पांच साल पहले गले के कैंसर के बारे में पता चला। पहले मुझे कान के पास एक छोटी सी गांठ हो गई थी। जिस पर मैंने बहुत गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। धीरे-धीरे मेरी भूख बंद हो गई। जब मैंने चेकअप करवाया तो पता चला कि मुझे कैंसर हो चुका है। मेरा इलाज पीजीआई चंडीगढ़ में चल रहा है। परंतु जब मुझे कैंसर का पता चला तब यही लगा था कि अब मैं नहीं बच पाऊंगा, परंतु यह मेरी गलतफहमी थी। इस बीमारी का अगर इलाज समय रहते करवाया जाए तो इससे बचा जा सकता है। अब मैं पूरी तरह से स्वस्थ हो चुका हूं और पिछले कुछ महीनों से अपना व्यवसाय भी कर रहा हूं। यह कहना है जम्मू के गोरखा नगर के रहने वाले 25 वर्षीय प्रीत कुमार का, जिन्हें लगभग 20 साल की आयु में गले का कैंसर हो गया था।

दरअसल, कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसमें शरीर के किसी भी हिस्से की कोशिकाएं निरंतर रूप से विभाजित होने लगती हैं। यह शरीर के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में फैलता है। यदि इसे शुरुआती लक्षण में ही पहचान लिया जाए, तो इसे खतरनाक स्थिति तक पहुंचने से रोका जा सकता है। लेकिन शुरू में लोग जागरूकता के अभाव में शरीर में होने वाले परिवर्तन को नज़रअंदाज़ कर देते हैं, जो भविष्य में कैंसर का रूप ले लेता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार पूरी दुनिया में हर साल 8.8 मिलियन लोगों की कैंसर से मौत हो जाती हैं। द लैंसेट जर्नल पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में इसके बढ़ते खतरे को लेकर गंभीर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत सहित सात देशों में तंबाकू से होने वाले कैंसर के कारण हर साल 13 लाख से अधिक लोगों की जान चली जाती है। इन सात देशों में भारत, चीन, ब्रिटेन, ब्राजील, रूस, उत्तरी और दक्षिणी अमेरिकी देश शामिल हैं।

यदि केवल भारत में कैंसर से पीड़ितों की बात करें तो यह आंकड़ा 13 लाख को पार कर चुका है। वहीं हर साल 12 फ़ीसदी की दर से केस बढ़ रहे हैं। अनुमान है कि कैंसर के मामलों की संख्या 2025 तक 15 लाख को पार कर सकती है। वर्ष 2020 में जारी की गई नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम की रिपोर्ट पर नजर डालें तो वर्ष 2020 तक भारत में 679421 पुरुष कैंसर से ग्रसित थे। बढ़ते मामलों के आधार पर यह अनुमान लगाया गया कि वर्ष 2025 तक यह आंकड़ा बढ़कर 763575 तक पहुंच सकता हैं। वहीं कैंसर पीड़ित महिलाओं की संख्या वर्ष 2020 में 7127583 थी, जो 2025 तक 806218 तक पहुंचने का अनुमान है। बीते वर्ष 2023 में लोकसभा में कैंसर रोगियों के आधिकारिक संख्या पर जवाब देते हुए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के हवाले से बताया था कि देश में कैंसर के मामले की कुल संख्या साल 2022 में 1461427 रही थी।



वहीं अगर केंद्र प्रशासित जम्मू कश्मीर की बात करें तो यहां पर भी कैंसर के मामलों में पिछले कुछ वर्षों में तेजी आई है। राष्ट्रीय कैंसर पंजीकरण कार्यक्रम के आंकड़ों के अनुसार जहां वर्ष 2011 में 4556 कैंसर पीड़ितों की संख्या दर्ज की गई थी, वहीं साल 2012 में 4848, 2013 में 5068, 2014 में 5568, 2015 में 6358, साल 2016 में 15652, 2017 में यह आंकड़ा बढ़कर 16480 और साल 2018 में कैंसर रोगियों की संख्या बढ़कर 17351 तक पहुंच गई है। जम्मू में कैंसर रोगियों के पिछले 4 वर्षों में 51000 केस दर्ज हुए हैं। इनमें 25 प्रतिशत मैदे के कैंसर के मरीज हैं। 13.2 प्रतिशत लंग्स कैंसर के और 16 प्रतिशत ब्रेस्ट कैंसर के मामले दर्ज किए गए हैं। कैंसर विशेषज्ञों के अनुसार पुरुषों में पाए जाने वाले कैंसर के लक्षण और महिलाओं में पाए जाने वाले लक्षण थोड़े अलग हैं। मुंह, फेफड़े, पेट, और बड़ी आंत के कैंसर भारतीय पुरुषों में सबसे अधिक पाए जाते हैं, वहीं महिलाओं में मिलने वाले कैंसर के मामले में स्तन कैंसर आम है। हालांकि ग्रामीण महिलाओं में अब भी सर्वाइकल और गर्भाशय जैसे कैंसर के मामले सबसे अधिक मिलते हैं।

कुछ ऐसे भी मरीज हैं जो समय रहते इस बीमारी से छुटकारा पा चुके हैं। रेगुलर चेकअप के दौरान जो कैंसर मरीज ठीक हुए हैं, उनमें जम्मू के मिश्रीलाल इलाके के रहने वाले 67 वर्षीय सुखदेव राज भी हैं। जो पिछले कई सालों से छाती में कैंसर के मरीज रहे हैं। सुखदेव राज का कहना है मैं काफी लंबे समय से इस बीमारी से जूझ रहा हूं। पहले मेरा इलाज जम्मू चला। जब वहां कुछ खास आराम नहीं आया तो मैं चंडीगढ़ चला गया। वहां लगभग 3 महीने मेरी ट्रीटमेंट चली। इसके उपरांत मुझे अब थोड़ा आराम है। प्रारंभ में मुझे छाती में थोड़ी प्रॉब्लम नजर आई, मुझे कुछ रसौलियां बन गई थी। जिसमें धीरे धीरे दर्द रहने लगा। जब मेरा चेकअप हुआ तो पता चला कि मुझे कैंसर है। वह कहते हैं कि यदि समय-समय पर चेकअप होती रहे तो यह बीमारी जल्द पकड़ी जा सकती है, जिसका इलाज भी संभव है। वहीं 60 वर्षीय बेबी देवी कहती हैं कि मुझे ब्रेस्ट कैंसर हुआ था। जो पहली स्टेज में ही पकड़ा गया था। मेरा चंडीगढ़ में काफी लंबा इलाज चला। अब मैं बिल्कुल ठीक हूं। अगर समय रहते मैं अपना चेकअप ना करवाती तो मुझे मेरी बीमारी जानलेवा हो चुकी होती।

विशेषज्ञों का यह मानना है कि कैंसर के सभी रूपों का इलाज संभव है। लेकिन इसके लिए लोगों को स्वयं जागरूक होने की जरूरत है। उन्हें अपने शरीर में होने वाले किसी भी बदलाव को नज़रंदाज़ नहीं करनी चाहिए। समय समय पर चेकअप इस बीमारी को गंभीर होने से पहले समाप्त कर सकता है। वहीं व्यायाम, पौष्टिक भोजन और तंबाकू उत्पादों के सेवन से परहेज इसके खतरे को कम करने में मददगार साबित होता है। हालांकि हर वर्ष 4 फरवरी को कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विश्व कैंसर दिवस भी मनाया जाता है। लेकिन इसके बावजूद यदि यह बीमारी फैल रही है तो सरकार, प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक संगठन और समाज के प्रबुद्ध नागरिकों का यह कर्तव्य बनता है कि वह जागरूकता की इस प्रकार की नीति बनाए जहां एक आम आदमी भी इस खतरे को आसानी से पहचान सके। (चरखा फीचर)

अवधनामा



# रेनी के साथ पार्टी में पहुंचे मुनव्वर फारुकी


## दोनों को साथ देख कर लोग हुए हैरान



पिछले महीने संपन्न हुए बिग बॉस 17 के विजेता के रूप में उभरने के बाद से मुनव्वर फारुकी सुर्खियां बटोर रहे हैं। बुधवार रात मुनव्वर को एक पार्टी में स्टाइल में पहुंचते देखा गया। वह ऑफ-व्हाइट को-ऑर्ड सेट में हमेशा की तरह हैंडसम लग रहे थे, जिसे उन्होंने मैचिंग स्नीकर्स की एक जोड़ी के साथ पहना था। बिग बॉस 17 के विजेता मुनव्वर फारुकी के लिए एक और पार्टी आयोजित की गयी। 7 फरवरी की रात मुंबई में एक पार्टी आयोजित की गई और इसमें भारतीय मनोरंजन उद्योग के लोकप्रिय नाम शामिल हुए। मुनव्वर फारूकी ने पार्टी में आते ही पपराज़ी के लिए पोज़ दिया। उन्हें सुष्मिता सेन की बेटी रेनी सेन के साथ पोज देते हुए स्पॉट किया गया था। पार्टी में ओरी भी शामिल हुए। पार्टी में अन्य मेहमानों में सुजैन खान और उनके बॉयफ्रेंड अर्सलान गोनी, अभिनेता वाणी कपूर, तारा सुतारिया और मंदिरा बेदी शामिल थे। पिछले महीने संपन्न हुए बिग बॉस 17 के विजेता के रूप में उभरने के बाद से मुनव्वर फारुकी सुर्खियां बटोर रहे हैं। बुधवार रात मुनव्वर को एक पार्टी में स्टाइल में पहुंचते देखा गया। वह ऑफ-व्हाइट को-ऑर्ड सेट में हमेशा की तरह हैंडसम लग रहे थे, जिसे उन्होंने मैचिंग स्नीकर्स की एक जोड़ी के साथ पहना था। हालाँकि, जिस चीज़ ने सभी का ध्यान खींचा वह रात के लिए मुनव्वर की कंपनी थी। पार्टी में मुनव्वर एक्टर सुष्मिता सेन की बेटी रेनी सेन के साथ पहुंचे। दोनों एक ही कार में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।

मुनव्वर और रेनी के साथ सोशल मीडिया सेंसेशन ओरी उर्फ ओरहान अवत्रामानी भी शामिल हुए। आउटिंग के लिए रेनी ने इसे कैज़ुअल रखा। उन्होंने पीच स्ट्रैपी क्रॉप टॉप और ब्लू डेनिम पहना था और हाई हील्स के साथ अपने लुक को पूरा किया था। हालांकि मुनव्वर और रेनी एक साथ पहुंचे, लेकिन उन्होंने पपराज़ी के लिए एक साथ पोज़ नहीं दिया। कहने की जरूरत नहीं है, नेटिज़न्स उन्हें एक साथ देखकर आश्चर्यचकित थे। एक ने कमेंट किया, सुष्मिता सेन की बेटी उनके साथ क्या कर रही है? एक अन्य ने पूछा, सुष्मिता सेन की बेटी वहां क्यों है?÷ एक तीसरे यूजर ने लिखा, वह रेनी है? सुष्मिता सेन की बेटी? रेनी ने अपने अभिनय की शुरुआत 2021 में सुट्टाबाजी नामक लघु फिल्म से की। उन्होंने सुष्मिता की वेब सीरीज ताली में महामृत्युंजय मंत्र को भी अपनी आवाज दी थी। अभिनय में कदम रखने के बारे में वोग इंडिया से बात करते हुए रेनी ने कहा था, मैं अपने जूते खुद बनाऊंगी और उन्हें भरूंगी। मैं अपनी मां का प्रतिरूप नहीं हूं, इसलिए मैं उनकी दूसरी तरह नहीं बनना चाहता। हम सभी व्यक्ति हैं, और वह हमेशा हमें अपना व्यक्ति बनने के लिए प्रोत्साहित करती है अपनी राय रखें और किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाए बिना सम्मानपूर्वक अपनी राय साझा करें। इस बीच, मुनव्वर फारुकी ने हाल ही में बिग बॉस 17 जीतने के बाद मुंबई में अपने दोस्तों के लिए एक अंतरंग पार्टी की मेजबानी की। पार्टी के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए।

# क्या एकता कपूर के शो में मुख्य भूमिका निभाएंगी अंकिता लोखंडे? अभिनेत्री की आयी प्रतिक्रिया



ऐसी खबरें आई हैं कि एकता कपूर के शो में मुख्य भूमिका निभाने के लिए अंकिता लोखंडे को फाइनल कर लिया गया है। अब इस खबर पर अंकिता ने रिएक्ट किया है। बिग बॉस 17 खत्म होने के बाद से ही अंकिता लोखंडे चर्चा का विषय बनी हुई हैं। महिला बिग बॉस 17 की सबसे पसंदीदा प्रतियोगियों में से एक रही है। बिग बॉस में उनकी अद्भुत यात्रा को देखते हुए कई लोगों ने उन्हें विजेता माना था। अंकिता ने अपने पति विक्की जैन के साथ प्रवेश किया और हमने देखा कि इस जोड़े के लिए चीजें कितनी खराब हो गई। उनकी शादी और निजी जिंदगी शहर में चर्चा का विषय बनी रही। जबकि अंकिता अभी भी बिग बॉस 17 का हिस्सा थीं, उनके एकता कपूर के शो, नागिन 7 को हासिल करने की खबरें आने लगीं। ऐसा कहा जा रहा था कि वह नागिन 7 में मुख्य भूमिका निभाएंगी। अब, पिंकविला से बात करते हुए, अंकिता ने नागिन 7 में शामिल होने की अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि उनसे नागिन 7 के लिए संपर्क नहीं किया गया है और वह शो नहीं कर रही हैं। इससे पहले, रिपोर्टों में यह भी कहा गया था कि शो में मुख्य भूमिका निभाने के लिए अंकित गुप्ता से संपर्क किया गया है। हालाँकि, इस बारे में कोई पुष्टि नहीं है। कथित तौर पर अंकित गुप्ता और अंकिता लोखंडे से जुड़ने के लिए अभिषेक कुमार से भी संपर्क किया गया था। अभिषेक ने इस शो के लिए संपर्क किये जाने से भी इनकार किया है. हालाँकि, कथित तौर पर उन्हें रोहित शेट्टी की खतरों के खिलाड़ी 14 के लिए संपर्क किया गया है। वह मन्नारा चोपड़ा के साथ एक संगीत वीडियो भी कर रहे हैं। अंकिता लोखंडे वीर सावरकर नाम की फिल्म में रणदीप हुडा के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म इसी साल 22 मार्च को रिलीज होने के लिए तैयार है। बिग बॉस 17 की बात करें तो मुनव्वर फारुकी ने शो जीता जबकि अभिषेक कुमार शो के फर्स्ट रनर अप बने। मन्नारा चोपड़ा शो की सेकेंड रनर अप हैं। चौथे स्थान पर अंकिता लोखंडे और पांचवें स्थान पर अरुण मैशेट्टी रहे। अभिषेक कुमार ने बिग बॉस 17 रीयूनियन पार्टी की मेजबानी की थी। मुनव्वर फारुकी, आयशा खान, ओरी, जिग्ना वोरा, नवीद सोले, मन्नारा चोपड़ा और अन्य लोग पार्टी में शामिल हुए और वीडियो, तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो गई हैं।

# फिल्म में कृति सेनन और शाहिद कपूर इंटीमेट सीन्स पर सेंसर ने चलाई कैंची

तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को सेंसर बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से यू/ए सर्टिफिकेट मिला है। सीबीएफसी ने फिल्म में कुछ बदलाव का भी सुझाव दिया है। इनमें अंतरंग दृश्यों को कम करना भी शामिल है। कृति सेनन और शाहिद कपूर की स्टारर फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह एआई तकनीक को प्रदर्शित करने वाली फिल्म है जिसमें शाहिद और कृति मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। रिलीज से पहले फिल्म को सेंसर बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से/सर्टिफिकेशन मिला था। हालांकि, सीबीएफसी ने फिल्म में कुछ बदलावों का भी सुझाव दिया है, जिसमें कुछ अंतरंग दृश्यों को कम करना भी शामिल है। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में कुछ अंतरंग दृश्यों को काटने का सुझाव दिया है। बोर्ड की गाइडलाइन के मुताबिक, फिल्म से 25 फीसदी तक इंटीमेट सीन हटाने होंगे. पहले तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में 36 सेकेंड का इंटीमेट सीन था जिसे अब घटाकर 27 सेकेंड कर दिया गया है। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया के दूसरे भाग में दारू (शराब) शब्द का इस्तेमाल किया गया है, जिसे ड्रिंक शब्द से बदलने का सुझाव दिया गया है। इसके अलावा सीबीएफसी ने निर्माताओं से बड़े फॉन्ट में हिंदी में धूम्रपान विरोधी संदेश लिखने को भी कहा है। इन सभी बदलावों के बाद बोर्ड ने इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म को/सर्टिफिकेशन दे दिया है। सीबीएफसी के तमाम कट्स और बदलावों के बाद अब शाहिद-कृति स्टारर इस फिल्म का रन टाइम 2 घंटे 23 मिनट और 15 सेकंड हो गया है। अमित जोशी और आराधना शाह द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शाहिद कपूर और कृति सेनन मुख्य भूमिका में हैं। शाहिद कपूर इतने लंबे समय के बाद रोमांटिक कॉमेडी में नजर आने वाले हैं, जबकि कृति सेनन एआई रोबोट की भूमिका निभाएंगी। यह फिल्म 9 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# 45वां जन्मदिन मना रहे दिनेश लाल यादव निरहुआ

भोजपुरी अभिनेता और सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ आज अपना 45वां जन्मदिन मना रहे हैं। आज उनके जन्मदिन पर भोजपुरी फिल्म निरहुआ हाजिर हो के निर्माता ने फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया। 2 फरवरी 1979 को उत्तर प्रदेश गाजीपुर जिले के टंडवा गांव में जन्मे दिनेश लाल यादव निरहुआ की ज्यादातर फिल्में निरहुआ के नाम पर बनी है और सफल रही हैं। चाहे वह निरहुआ रिक्शा वाला, निरहुआ हिंदुस्तानी, निरहुआ चलल लंदन, निरहुआ चलल ससुराल आदि फिल्में हो।

भोजपुरी अभिनेता और सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ के जन्मदिन पर फिल्म निरहुआ हाजिर हो के निर्माता उमाशंकर प्रसाद ने फिल्म का फर्स्ट लुक लांच किया। फिल्म के फर्स्ट लुक में दिनेश लाल यादव निरहुआ हाथ में फाइल लिए जनता का अभिवादन करते नजर आ रहे है। यह फिल्म एक जन नायक के संघर्ष की कहानी है। बताया जा रहा है दिनेश लाल यादव निरहुआ की जिस तरह की छवि जनता के बीच हैं, उसी छवि को ध्यान में रखकर फिल्म की कहानी लिखी गई है।

भोजपुरी फिल्म निरहुआ हाजिर हो के बारे में दिनेश लाल यादव निरहुआ कहते हैं, सबसे पहले फिल्म के निर्माता और निर्देशक का आभार व्यक्त करता हूं कि आज मेरे जन्मदिन पर फिल्म का फर्स्ट लुक लांच किया है। यह फिल्म कहीं ना कहीं जनता और सिस्टम के बीच की कहानी है, जिसमें मेरा किरदार बेहद शानदार है। इस फिल्म का निर्माण बहुत ही भव्यता के साथ किया गया है इसलिए मैं भोजपुरी के तमाम दर्शकों से आग्रह करूंगा कि यह फिल्म जब भी रिलीज हो आप सभी सिनेमाघरों में जाकर फिल्म का लुत्फ उठाएं। फिल्म का निर्देशन मनोज नारायण ने किया है। वह कहते हैं, फिल्म निरहुआ हाजिर हो की कहानी पूरी तरह से दिनेश लाल यादव निरहुआ पर फिट बैठती है। वह जितने जमीन से जुड़े इंसान हैं और उतने ही बेहतरीन कलाकार भी हैं। उनकी यह खूबी उनके अभिनय में भी नजर आती है जो इस फिल्म में दर्शको को देखने को मिलेगा। यह हमारा सौभाग्य है कि उन्होंने समय निकालकर हमारे साथ काम करना स्वीकार किया और आज हम एक अच्छा फिल्म लेकर जल्द ही दर्शकों के समक्ष हाजिर होने वाले हैं। भोजपुरी फिल्म निरहुआ हाजिर हो में दिनेश लाल यादव निरहुआ के साथ अभिनेत्री प्रियंका रेवाड़ी नजर आएंगी। फिल्म में दिनेश लाल यादव निरहुआ और प्रियंका रेवाड़ी के अलावा सुदीक्षा झा, अयाज खान, साहिल शेख, रणजीत सिंह, माही सिंह, अमृत जायसवाल, साजिद खान, पल्लवी कोहली की मुख्य भूमिकाएं हैं। फिल्म के संगीतकार मधुकर आनंद और गीत आशुतोष तिवारी, अमिताभ रंजन, अजय बच्चन, झूलन झील, सत्या सावरकर ने लिखे हैं।



## कपिल ने शुरू किया आगामी कॉमेडी शो पर काम

कॉमेडियन कपिल शर्मा एक बार फिर अपनी पूरी टीम के साथ सबको हंसाने के लिए तैयार हैं। कपिल इन दिनों अपने आगामी कॉमेडी शो को लेकर चर्चा में चल रहे हैं। छोटे पर्दे पर द कपिल शर्मा शो के जरिए कपिल ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। बीते दिनों कपिल ने अपने अगले शो की घोषणा कर दी थी, जिसमें उन्होंने जानकारी दी थी कि वे अब टीवी पर नहीं बल्कि नेटफ्लिक्स पर मनोरंजन करेंगे। वहीं, कुछ समय बाद खबर सामने आई है कि कपिल ने आगामी शो पर काम करना शुरू कर दिया है।

कृष्णा अभिषेक ने हाल ही में एक बातचीत के दौरान कहा कि कपिल ने आगामी शो पर काम करना शुरू कर दिया है। उन्होंने आगे सुनील की तारीफ करते हुए कहा, च्च्हम सभी अब एक नए शो के लिए एक साथ आए हैं। सुनील ग्रोवर ने भी शो दोबारा शुरू कर दिया है। सुनील एक शानदार अभिनेता हैं और उन्हें लाइव परफॉर्म करते हुए देखने का मजा ही कुछ और है। वे बहुत अच्छे हैं। उनके साथ काम करने में बहुत आनंद आएगा। सुनील नए किरदार में नजर आएंगे, जो बहुत अच्छा है। मुझे वास्तव में उनका किरदार बहुत पसंद आया

# मां बनने वाली हैं यामी गौतम



**आज एक इवेंट के दौरान यामी गौतम की आगामी फिल्म आर्टिकल 370 का ट्रेलर लॉन्च किया गया है। ये फिल्म 23 फरवरी को दस्तक देगी। ट्रेलर लॉन्च के मौके पर आदित्य धर ने खुशखबरी साझा की। उन्होंने यामी गौतम की प्रेग्नेंसी की पुष्टि की और बताया कि जल्द ही नन्हा मेहमान घर आने वाला है। आज यामी गौतम की आगामी फिल्म आर्टिकल 370 का ट्रेलर जारी हुआ है।**

यह ट्रेलर एक इवेंट में रिलीज किया गया। इस दौरान यामी गौतम पति आदित्य धर के साथ पहुंचीं। ट्रेलर लॉन्च के साथ-साथ कपल ने फैंस के साथ एक खुशखबरी साझा की। उनके घर जल्द ही किलकारी गूंजने वाली है। बीते कई दिनों से यामी गौतम की प्रेग्नेंसी को लेकर खबरें वायरल हो रही थीं। इन खबरों पर अब यामी गौतम के पति और फिल्म निर्माता आदित्य धर ने मुहर लगा दी है। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान उन्होंने ये गुड न्यूज शेयर की। आदित्य ने जब यामी की प्रेग्नेंसी की खबर साझा की तो यामी मुस्कुराती और शरमाती नजर आईं। यामी और आदित्य की शादी 2021 में हुई। कपल जल्द ही अपने पहले बच्चे का स्वागत करने की तैयारी में हैं।

आदित्य धर ने फिल्म %आर्टिकल 370% को %फैमिली अफेयर बताया। उन्होंने कहा, मेरा भाई वहां था, मेरी पत्नी वहां थी और हमारा बेबी भी आने वाला है। निर्देशक ने आगे कहा, %जिस तरह से फिल्म बनी और जिस तरह से इस दौरान हमें अपने बच्चे के बारे में पता चला, वह बेहद खूबसूरत रहा। ट्रेलर लॉन्च के दौरान आदित्य धर ने अपनी पत्नी यामी की भर-भरकर तारीफ कीं। वहीं, यामी ने भी आदित्य की तारीफों में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि आदित्य हर तरह से शूटिंग के दौरान उनके साथ रहे और पूरा सपोर्ट किया। एक्ट्रेस ने कहा, अगर आप मुझसे मदरहुड के बारे में पूछेंगे तो मैं नहीं जानती कि अगर आदित्य, लोकेश भैया और बाकी लोग मेरे साथ नहीं होते तो मैं क्या कर पाती।




## सुरीली आवाज से दर्शकों को बनाया दिवाना

बॉलीवुड में प्रतिभा की कमी नही है, यहां सितारों ने अभिनय से तो दर्शकों के दिलों में जगह बनाई ही है साथ ही दूसरे क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखा कर एक अलग पहचान बनाई है। कई सितारे ऐसे भी हैं, जिन्होंने निर्देशन में हाथ आजमाया है, तो किसी ने किताबें लिख अपना हुनर दिखाया है। कई स्टार्स ऐसे भी हैं, जिन्होंने अभिनय के साथ साथ संगीत की दुनिया में अपनी आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। अभिनेता अमिताभ बच्चन को यूं ही महानायक नहीं कहा जाता है। दर्शक अभिनेता के अभिनय के ही नहीं आवाज के भी दिवाने हैं। अमिताभ बच्चन भी कई बार गायकी में अपना हुनर आजमा चुके हैं। उन्होंने %बागवान% फिल्म में %मैं यहां तू वहां%, %बदला% का %औकात%, %ठग्स ऑफ हिंदुस्तान% का %लोरी% गाना गाया है। बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने हाल ही में संगीत की दुनिया में कदम रखा है। उन्होंने मुंबई फेस्विल 2024 में लाइव परफॉर्मेंस दी। इससे पहले अभिनेत्री ने फिल्म %मेरी प्यारी बिंदु में ना सिर्फ एक अलग रोल निभायाए

# प्यारेलाल शर्मा को एक और सम्मान

## पद्म भूषण के बाद मिला लक्ष्मीनारायण अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार

प्रतिष्ठित संगीतकार प्यारेलाल शर्मा को लक्ष्मीनारायण अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। लक्ष्मीनारायण ग्लोबल म्यूजिक फेस्टिवल के हिस्से के रूप में संगीतकार एल सुब्रमण्यम और कविता कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यम द्वारा %माई नेम इज लेखन% संगीतकार को यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। सभी संगीतकार को इस सम्मान के लिए ढेर सारी बधाई दे रहे हैं। प्यारेलाल अपने आठ दशकों से अधिक लंबे करियर में हिंदी सिनेमा के सबसे सफल संगीतकारों में से एक हैं। महान संगीतकार ने संगीत सम्राट लक्ष्मीकांत शांताराम कुडालकर के साथ मिलकर सुपरहिट सॉन्ग्स दिए हैं। लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी ने दोस्ती, हम सब उस्ताद हैं, आए दिन बहार के, मेरे हमदम मेरे दोस्त, मेरा गांव मेरा देश, बॉबी, रोटी कपड़ा और सहित सदाबहार गाने बनाए हैं।

हाल ही में, प्यारेलाल को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर भारत के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान, पद्म भूषण के प्राप्तकर्ता के रूप में घोषित किया गया था। पिछले दिनों लक्ष्मीकांत की बेटी राजेश्वरी लक्ष्मीकांत ने इस सम्मान पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा,च्च्हम बहुत खुश हैं कि प्यारेलाल अंकल को आखिरकार पुरस्कार मिल गयाज्हमें लगता है कि जब बात पद्मभूषण सम्मान की है तो आप लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल को अलग-अलग नहीं कर सकते और प्यारेलाल अंकल को सिर्फ इसलिए पुरस्कार नहीं दे सकते कि वह यहां हैं और मेरे पिता दुर्भाग्यवश गुजर चुके हैं। लक्ष्मीकांत कुडालकर और प्यारेलाल शर्मा ने वर्ष 1963 में फिल्म च्पारसमणिज् से संगीतकार के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी और एक साल बाद च्दोस्तीज् की सफलता के साथ अपनी पहचान बनायी। संगीतकार जोड़ी ने च्दो रास्तेज्, च्दागज्, च्हाथी मेरे साथीज्, च्बॉबीज्, चअमर, अकबर, एंथनीज् और च्कर्जज् जैसे प्रतिष्ठित फिल्मों में संगीत दिया और 35 से अधिक वर्षों तक संगीत देकर इतिहास रचा।



# कदैसी विवासयी की अभिनेत्री कसियाम्मल की हत्या, शराबी बेटे ने पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

साल 2021 में आई हिट तमिल फिल्म कदैसी विवासयी में अपनी भूमिका के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री कासियाम्मल की हत्या हो गई है। कथित तौर पर उनके बेटे ने रविवार चार फरवरी को सुबह तीन बजे उनकी हत्या कर दी, क्योंकि उन्होंने शराब खरीदने के लिए पैसे देने से इनकार कर दिया था। कसियाम्मल को उनके बेटे ने पीट-पीटकर मार डाला। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनके बेटे की किसी बात पर असहमति हो गई और गुस्से में आकर उन्होंने उन पर लकड़ी के पटिए से हमला कर दिया। अभिनेत्री की उम्र 74 वर्ष थी।

रिपोर्ट्स के अनुसार, चार फरवरी को कासियाम्मल को उस समय घातक झटका लगा, जब उनके बेटे नम्माकोडी ने उन्हें लकड़ी के स्लैब से मारा। कथित तौर पर शराब खरीदने को लेकर उनके बीच विवाद हुआ था। बहस के दौरान कसियाम्मल ने अपने बेटे को पैसे देने से इनकार कर दिया। उनके फैसले से नाराज होकर उनके बेटे ने उनकी हत्या कर दी। उनके घर से लकड़ी का पटिया जब्त कर लिया गया है। अभिनेत्री के बेटे यानी 51 साल के नम्माकोडी के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज किया गया है। बेटे पर आईपीसी की धारा 302 के तहत हत्या का आरोप लगाया गया है। नम्माकोडी अपनी पत्नी से अलग हो चुका था और अपनी मां पर पैसों के लिए निर्भर था। पुलिस ने इस मामले में कहा कि उन्होंने हथियार जब्त कर लिया है और मामले की जांच जारी है। वहीं बात करें फिल्म की तो निर्देशक मणिकंदन की %कदैसी विवासयी% में दिवंगत अभिनेता नल्लंदी और विजय सेतुपति थे। फिल्म में किसानों के जीवन को दर्शाया गया था और इसे सर्वश्रेष्ठ तमिल फिल्म चुना गया था। एक फरवरी, 2022 को फिल्म की रिलीज से पहले नल्लंदी की मृत्यु हो गई। उन्होंने मरणोपरांत 69वें राष्ट्रीय पुरस्कार में विशेष पुरस्कार जीता।



# पान कुंवर स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

■ छोटे-छोटे बच्चों ने चार्ट पेपर्स पर अपनी कल्पनाओं को साकार रूप प्रदान किया

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में बच्चों ने विज्ञान विषय के अलावा गणित, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, हिंदी एवं संस्कृति के भी चार्ट व मॉडल तैयार किए। कार्यक्रम प्रत्येक कक्षा वार कराया गया तथा प्रत्येक कक्षा के छात्र-छात्राओं को मॉडल अथवा चार्ट बनाकर लाना था। आजादी का अमृत महोत्सव की थीम वाला यह कार्यक्रम राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत दिखा। छोटे-छोटे बच्चों ने चार्ट पेपर्स पर अपनी कल्पनाओं को साकार रूप प्रदान किया। बच्चों ने मॉडल बनाकर भविष्य के वैज्ञानिक होने की बात साबित की। इस कार्यक्रम का प्रारंभ कार्यक्रम के अतिथि डॉक्टर उमेश प्रधानाचार्य चित्र इंटर कॉलेज, आनंद मित्तल डायरेक्टर साइंस कॉन्सेप्ट क्लासेस, पवन कुमार अध्यक्ष एच एन स्कूल एवम पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक डॉ कैलाश चंद्र यादव ने माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर शुरुआत की। इस अवसर पर बोलते हुए डॉक्टर कैलाश यादव ने कहा कि बच्चे कक्षाओं में थ्योरी पढ़ते हैं किंतु मॉडल के माध्यम से वे इस थ्योरी को साकार रूप प्रदान करते हैं। जिससे विषय को समझने में एवं समझाने में आसानी होती है। आनंद मित्तल ने कहा कि कम समय में बच्चों के द्वारा तैयार किए गए मॉडल एवं चार्ट पेपर्स सराहनी है तथा बच्चों ने वर्तमान समय की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए उनके निराकरण के संबंध में मॉडल तैयार किए हैं जो यह साबित करते हैं कि बच्चे कितने सजग हैं। उमेश कुमार ने बच्चों के मॉडल को देखकर उन मॉडल पर आधारित प्रश्नों को कर बच्चों द्वारा दिए गए उत्तर की भूरि भूरि प्रशंसा की एवं बच्चों को शुभाशीष दिया कि वह इसी तरह अपने जीवन में आगे बढ़ते रहें। पवन कुमार ने प्रबंधक डॉ कैलाश चंद्र यादव की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में विगत 20-22 वर्षों में सैकड़ो बच्चों ने शिक्षा ग्रहण की है और वह आज समाज में अपना नाम रोशन कर रहे हैं। विभिन्न जगह पर उच्च पदों पर आसीन है तथा आज के बच्चे के बच्चे सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें कैलाश सर के नेतृत्व में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला है। कक्षा 2 ए, 3 ए, 7 सी को सर्वोत्तम कक्षा का पुरस्कार प्राप्त हुआ। चार्ट एवं मॉडल बनाने वाले बच्चों में निधि , अदिति, शशांक, अनुष्का, चिराग, जैस्मिन आकाश, अविरल, रजनीश, आशु, तनु, शिवानी, आयुष, गोपी, अनामिका सहित तमाम बच्चों ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र यादव ने कहा कि इन सभी बच्चों को दिनांक 26 फरवरी 2024 को पुरस्कार वितरण किए जाएंगे। उन्होंने बच्चों को शुभ आशीष देते हुए कहा कि वह जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उसकी प्राप्ति के लिए निरंतर समर्पित होकर के प्रयास करते रहे।

# केएम अस्पताल के ऑर्थोपेडिक डिपार्टमेंट में हुई पीडियाट्रिक सर्जरी

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** केएम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के ऑर्थोपेडिक डिपार्टमेंट ने जन्मजात से टेडे पैर टेडी कोहनी वाले बच्चों की पीडियाट्रिक सर्जरी की है। दो बच्चों की सफलतापूर्वक सर्जरी होने पर उनके परिजनों ने खुशी जाहिर करते हुए केएम की डाक्टरी टीम को साधुवाद दिया है। हड्डी रोग विभाग के प्रोफेसर डा. हर्षित जैन ने बताया कि पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक सर्जरी एक विशेष सुपर स्पेसलिटी ब्रांच है, जिससे संबंधित इलाज व उपचार अभी फरीदाबाद, दिल्ली, जयपुर के बड़े बड़े अस्पतालों में ही संभव है, लेकिन अब ये विशेषता केएम हॉस्पिटल में उपलब्ध है। डा. हर्षित जैन ने बताया कि पिछले छह महीने में दस से लेकर 15 पीडियाट्रिक आर्थोपेडिक सर्जरी को सफलता पूर्वक किया गया है। इसमें जन्मजात से टेड़े पैर, सीटीईवी, टेड़ी कोहनी, उंगलियों का काट्रेक्टर, हिप आस्याटोमी व आस्मीटान टेड़ी कलाई की सर्जरी आदि शामिल है। इसी श्रृंखला में पिछले हफ्ते में दस वर्षीय प्रिंस व पांच वर्षीय पूजा का सफल इलाज केएम हॉस्पिटल में किया गया है। ज्ञात रहे कि पुराने फ्रैक्चर के चलते प्रिंस के बायां हाथ कोहनी से टेड़ा था, वहीं पूजा के पैर में जन्मजात इक्वानिस वेरस डिकार्मटी (विकलांगता) थे। दोनों ही मरीज सही व सहज इलाज न मिलने के कारण सालों से परेशान थे। ऐसे में दोनों के परिजन डा. हर्षित जैन से मिले व डाक्टरों की टीम जिसमें डा. आनंद गुप्ता डा.शिवम व डा. पंकज शामिल थे, इनका सफल इलाज किया। प्रिंस का ऑस्टोयो व पूजा को ओटीए लेनदनिंग (जेड प्लास्टी) सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। दोनों ही परिवार के परिजन अब बेहद खुश है, उन्होंने इलाज को संतोषजनक बताते हुए केएम की डाक्टरी टीम का साधुवाद किया है। डा. हर्षित जैन ने बताया कि केएम सुपर स्पेशिलिटी हास्पिटल में प्रत्येक बुधवार पीडियाट्रिक क्लीनिक निःशुल्क लगाया जाता है, जहां बच्चों के हाथ, कूल्हे, घुटने व पैर की विकृतियों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।

## ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्ष/सचिव के साथ ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। भारत निर्वाचन आयोग के दिये गये निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा गैर-चुनाव अवधि के दौरान मासिक रूप से वेयर हाउस में ईवीएम एवं वीवीपैट के सुरक्षित भण्डारण एवं सुरक्षा का निरीक्षण किया गया। तिमाही में वेयर हाउस के आन्तरिक स्थिति का निरीक्षण कर अनुपालन सुनिश्चित किया गया है। तत्क्रम में आयोग के निर्देशानुसार बाहरी निरीक्षण के समय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव की उपस्थिति में ईवीएम वेयर हाउस का बाहरी निरीक्षण संपन्न हुआ।

# पंचामृत व फलों के रस से किया गया नित्यानंद महाप्रभु का अभिषेक

**अवधनामा ब्यूरो**

■ गौर निताई परिवार ने हर्षोल्लास से मनाया महाप्रभु का अवतरण दिवस



**इटावा।** भगवान श्री कृष्ण के अग्रज व शेषावतार बलराम जी के अवतारी नित्यानंद महाप्रभु का अवतरण दिवस श्री श्री गौर निताई परिवार के तत्वावधान में श्रद्धाभाव के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर हरिनाम के बीच महाप्रभु का पंचामृत, फलों के रस व नारियल पानी से महाभिषेक किया गया। इस दौरान भक्तो के द्वारा भगवान पर खूब पुष्प वर्षा भी की गयी। हरिनाम संकीर्तन पर श्रद्धालु खूब झूमें वहीं नित्यानंद महाप्रभु के जयघोष गुंजायमान होते रहे। माघ मास की त्रयोदशी पर भगवान नित्यानंद महाप्रभु का अवतरण दिवस मनाया जाता है। श्री श्री गौर निताई परिवार के तत्वाधान में पक्का तालाब के किनारे स्थित सत्संग स्थल पर अवतरण दिवस आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। यहां पर परिवार के मुखिया व सनातन धर्म प्रचारक पंडित मनुपुत्र दास ने श्रद्धालुओं के साथ पंचामृत, फलों के रस व नारियल पानी से नित्यानंद महाप्रभु का अभिषेक किया और भगवान का श्रृंगार कर भोग अर्पित किया और आरती भी उतारी। अभिषेक के बीच में हरी नाम संकीर्तन चला रहा जिस पर श्रद्धालु झूमते रहे भगवान के अवतरण दिवस की खुशी में पंडित मनुपुत्र दास के द्वारा भक्तों के ऊपर जमकर फल फूल मेवा व अन्य सामानों की लुटाई भी की गई। इस मौके पर पंडित मनुपुत्र दास ने भक्तों को भगवान के अवतरण दिवस पर वताया कि नित्यानंद महाप्रभु का अवतरण पश्चिम बंगाल के गांव एक चक्र में हुआ था। कलयुग में गौरांग महाप्रभु जिन्हें चैतन्य महाप्रभु के नाम से भी जाना जाता है उन्होंने भी अवतार लिया था जो कि भगवान कृष्ण का ही अवतार है और उन्ही के साथ ही उनके भाई बलराम जी ने भी नित्यानंद रूप में अवतार लिया था। कलयुग में लोगों तक भगवान कृष्ण के नाम का प्रचार करने के लिए उन्होंने ये अवतार लिया था और उन्होंने अपना जीवन भगवान का स्मरण व उनके नाम का प्रचार करने में ही व्यतीत किया था। यदि आप भगवद्धाम में श्री श्री राधा-कृष्ण के संग के लिए व्याकुल हैं, तो सर्वोत्तम युक्ति यह है कि आप श्री नित्यानद प्रभु का आश्रय लें। उन्होंने बताया कि नित्यानंद नाम ही सूचक है, नित्य अर्थात शाश्वत, आनंद अर्थात सुख। भौतिक सुख शाश्वत नहीं होता, यही अंतर है इसलिए जो बुद्धिमान हैं वे इस भौतिक संसार के क्षणिक सुख में रूचि नहीं लेते। जीवात्मा होने के नाते हम सभी सुख की खोज में हैं, परन्तु जो सुख हम खोज रहे हैं वह क्षणिक है अस्थायी है यह सुख नही है। वास्तविक सुख है नित्यानंद, शाश्वत सुख। जो नित्यानंद महाप्रभु के संपर्क में नहीं है उनके लिए ऐसा समझना चाहिए कि उनका जीवन व्यर्थ है। कार्यक्रम के बाद सभी भक्तों को महाप्रसाद वितरित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### मक्खनपुर चौराहे पर सपाइयों ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का किया स्वागत



**मक्खनपुर/फिरोजाबाद।** एक निजी कार्यक्रम में फिरोजाबाद पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का मक्खनपुर चौराहे पर सपाइयों ने किया जोरदार स्वागत आपको बता दें फिरोजाबाद में पूर्व विधायक अज़ीम भाई के निवास पर भी पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव वहीं पूर्व विधायक अज़ीम भाई और उनकी पत्नी शाजिया हसन ने बसपा छोड़कर सपा की सदस्यता ली कुछ दिन पूर्व बसपा के जिलाध्यक्ष भी बसपा छोड़कर सपा की ले चुके है सदस्यता। स्वागत करने वालो में नगर पंचायत मक्खनपुर के नगर अध्यक्ष खुर्शीद असलम,चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉक्टर एसके अरुण, अरबाब खुर्शीद,आदि लोग उपस्थित रहे।

### नेशनल पीएनजी ड्राइव का शुभारम्भ




**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** फ्रेंड्स कॉलोनी में आयोजित टोरेंट गैस के राष्ट्रीय पीएनजी अभियान 6नेशनल पीएनजी ड्राइव 8 का शुक्रवार को शुभारम्भ सासंद डॉ.रामशंकर कठेरिया ने गायत्री पार्क में आयोजित एक कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की इस योजना के अन्तर्गत इटावा शहर में अबतक दो हजार उपभोक्ता इसका लाभ ले रहे हैं, घरेलू कनैक्शन वाली इस योजना में गैस काफी सस्ती पड़ती है तथा सुरक्षित रहती है। उन्होंने अपने कार्यकाल की अन्य उपलब्धियों के बारे मे विस्तार से बताया। कार्यक्रम को पूर्व सासंद रघुराज शाक्य द्वारा भी संबोधित किया गया। टोरंट पावर के अधिकारियों ने सांसद रामशंकर कठेरिया, पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, नगरपालिका इटावा के ब्रांड एंबेसडर आलोक दीक्षित एंव स्थानीय सभासद पंकज पचौरी को शाल एंव बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अंशुल दुबे, राकेश पाल, सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### आरक्षी को किया गया सम्मानित



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की परेड के दौरान डायल 112 के आरक्षियों/मुख्य आरक्षियों को इवेन्ट प्राप्त होने पर उनके द्वारा कृत कार्यवाही एवं इवेन्ट की जागरूकता संबंधी सवाल किये गये जिस पर मु0आ0वीरेन्द्र सिंह एवं आरक्षी राजेश जुरैल द्वारा उन सवालों के सक्रियता के साथ जवाब दिये गये। जिसके फलस्वरूप दोनों मु0आ0/ आरक्षी के उत्साह वर्धन के लिए 500-500 रुपये के नकद पुरुस्कार से पुरुस्कृत किया गया।

# दुवासु में डॉ. एस.के. तालपात्रा स्मारक भाषण का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा, उत्तर प्रदेश मे प्रख्यात पशु पोषण विज्ञानी डॉ. एस.के. तालपात्रा स्मारक भाषण का आयोजन, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार आयोजित किया गया। स्मारक भाषण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, कृषि वैज्ञानिक चयन बोर्ड, भारत सरकार, नई दिल्ली के अध्यक्ष, डॉ. संजय कुमार ने पौष्टिक-औषधि पदार्थों के बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अपने उद्बोधन में विभिन्न हर्बल उत्पादों के औषधिय गुणों तथा उसकी महत्व की चर्चा करते हुए, हर्बल औषधि गुणवत्ता वाले पदार्थों के प्रयोग पर जोर दिया। उन्होंने विभिन्न पौष्टिक तथा गुणवत्ता युक्त उत्पादों के बारे में जानकारी दी। जिससे विभिन्न प्रकार की पशु तथा मानव की बीमारियों का उपचार किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, के पूर्व सहायक महानिदेशक, मानव संसाधन, डॉ. कुसुमाकर शर्मा ने की। उन्होंने अपने अध्यक्ष उद्बोधन में मानव तथा पशुओं में संतुलित आहार की उपयोगिता तथा उससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न प्रकार की औषधि पदार्थों की चर्चा की, जिससे मानव तथा पशु स्वास्थ्य अच्छा रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर श्रीवास्तव ने डॉ. एस.के. तालपात्रा के योगदान को याद करते हुए, उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को छात्र-छात्राओं के साथ साझा किया। इस अवसर पर प्रोफेसर श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं को डॉ. तालपात्रा से प्रेरित होते हुए, पशु पोषण हेतु उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रेरित किया।

# दारुल उलूम देवबंद के गजवा-ए-हिन्द के फतवे का एआईपीएमएम ने किया विरोध

**अवधनामा संवाददाता**

■ गजवा-ए-हिन्द जिसका न तो कुरआन में और न ही किसी मुस्तनद हदीस में है इसका जिक्र

**लखनऊ।** देवबंद की इस्लामिक शिक्षा के केंद्र दारुल उलूम देवबंद ने गजवा-ए-हिन्द को मान्यता देने वाला फतवा जारी किया है, जिसका ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज कड़ी निन्दा करता है। हिंसक अंतरराष्ट्रीय गैर-राज्य अभिनेताओं और विदेश समर्थित सीमा पार आतंकवादी समूहों द्वारा भारत के खिलाफ गजवा-ए-हिंद की झूठी कहानी को उजागर करने और बदनाम करने का प्रयास किया गया है। यह मानवता के विरुद्ध स्पष्ट रूप से अनैतिक और अधार्मिक युद्ध से जुड़ा एक निरर्थक नारा है। गजवा-ए-हिन्द जिसका न तो कुरआन में और न ही किसी मुस्तनद हदीस में इसका जिक्र है। इससे संदेह पैदा हो गया है कि हदीस साहित्य में गजवातुल हिंद का संदर्भ एक संभावित मनगढ़ंत कहानी है। देवबंद जैसे मशहूर मदरसे की वेबसाइट पर 2008 से उपलब्ध इस प्रकार की राष्ट्रविरोधी विचारधार की ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज निन्दा करता है और इसको वेबसाइट से हटाने की अपील करता है।

विदित हो कि देवबन्द एक इस्लामिक संस्था है और इस संस्था के अनुसार वे मुस्लिम समाज के हितों लिए कार्य करते हैं, जबकि इस संस्था की अधिकारिक वेबसाइट पर पसमांदा मुस्लिम समाज की समाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, राजनीतिक एवं चिकित्सा संबंधी किसी मुद्दे को कोई जगह नहीं मिलती है। देवबंद ने कभी आर्टिकल 341 पर कोई जलसा नहीं किया। देवबंद, इमारत-ए-शरिया, जमात, जमात-ए-इस्लामी, ऑल इण्डिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड आदि में पसमांदा मुस्लिम समाज की हिस्सेदारी को शामिल नहीं करती। मजहब के नाम पर लाखों लोगों का जलसा जुलूस करते रहते हैं परंतु पसमांदा मुस्लिम समाज की बेहतरी के लिए कोई बात नहीं करते हैं। इससे यह प्रतीत होता है कि यह संस्था मुस्लिम समाज के कुछ विशेष वर्गो तक ही सीमित है।

अतः उपयुक्त उल्लिखित तथ्यों के दृष्टिगत यह स्पष्ट है कि देवबंद की इस्लामिक शिक्षा के केंद्र दारुल उलूम देवबंद पसमांदा मुस्लिम समाज की बेहतरी के लिए कोई बात नहीं करती है बल्कि यह साम्प्रदियकता को बढ़ावा देने वाले कार्यों में सलग्न है। इसलिए देवबंद जैसे मशहूर मदरसे की वेबसाइट पर 2008 से उपलब्ध इस प्रकार की राष्ट्रविरोधी विचारधार की ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज निन्दा करता है और इसको वेबसाइट से हटाने की अपील करता है।

## चंद्रोदय मंदिर में हर्षोउल्लास के साथ मना नित्यनांद त्रयोदशी महामहोत्सव

**वृन्दावन (मथुरा)।** गौड़ीया वैष्णव सम्प्रदाय में माघ मास की त्रयोदशी को श्रील नित्यानंद महाप्रभु (जो कि श्री बलराम जी के अवतार हैं।) के आविर्भाव दिवस के रूप में मनाया जाता है। गुरूवार को भक्ति वेदांत स्वामी मार्ग स्थित वृन्दावन चंद्रोदय मंदिर में नित्यानंद त्रयोदशी महामहोत्सव को बड़े ही हर्षोउल्लस के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की श्रृंखला में भक्तों द्वारा विभिन्न प्रकार के पुष्पों का चयन कर मंदिर को बड़े ही मनोहर रूप में सुसज्जित किया गया। इसके पश्चात छप्पन भोग एवं वैदिक मंत्रोंउच्चारण कर पंचगव्य, फलों के रस, औषधियों एवं पुष्पों से श्रीश्री निताई गौर के महाभिषेक की प्रक्रिया को सम्पन्न किया गया।

इस अवसर पर भक्तों को सम्बोधित करते हुए वृन्दावन चंद्रोदय मंदिर के उपाध्यक्ष श्री भरतार्षभ दास ने निताइ-पदकमल, कोटिचन्द्र-सुशीतल, जे छायाय जगत् जुडाय.........का गानकर. पक्तियों के विषय में प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री नित्यानंद महाप्रभु का चरण कमल कोटि चंद्रमाओं के सामन सुशीतल है, जो अपनी छाया-कान्ति से समस्त जगत् को शीतलता प्रदान करता है। ऐसे निताई चाँद के चरणकमलों का आश्रय ग्रहण किये बिना श्रीश्री राधा कृष्ण की प्राप्ति संभव नहीं है।

## श्रीराधा रानी रसोई पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**बरसाना(मथुरा)।** श्रीजीकी प्रेरणा से श्रीराधा रानी रसोई द्वारा 24 फरवरी को पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन श्रीराधा रानी रसोई पर सुबह साढे दस बजे से ढाई तक होगा। जांच शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए श्रीराधा रानी रसोई के संचालक व स्वास्थ्य शिविर के आयोजक हरीश चंद्र कोहली ने बताया कि अमृता अस्पताल के सहयोग से आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में नामचीन विशेषज्ञ चिकित्सको का द्वारा विभिन्न रोगों के की जांच कर दवाएं दिजायेगी। श्री कोहली ने आगे बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर में न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. संजय पाण्डे, इंटरनल मेडिसीन डॉ. मोहित शर्मा और ईएनटी विशेषज्ञ डॉ.अर्पण महाजन जाँच करेंगे।

# निरंकारी भक्तों के संग 'आओ सवारें, यमुना किनारे

**अवधनामा संवाददाता**

■ निरंकारी मिशन द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के तहत होगी यमुना के घाटों की सफाई

■ स्वच्छ जल - स्वच्छ मन का हिस्सा बनेंगे तीन लाख निरंकारी भक्त

**मथुरा।** प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के दूसरे चरण का आयोजन निरंकारी सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के प्रेरक मार्गदर्शन में 25 फरवरी रविवार को होगा। निरंकारी प्रतिनिधि किशोर स्वर्ण ने बताया कि देशभर के 1500 जल स्त्रोत स्थलों पर देशव्यापी स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिसका हिस्सा लगभग तीन लाख निरंकारी भक्त बनेंगे। दिल्ली से मथुरा - आगरा तक इस अभियान को 'आओ सवारें, यमुना किनारे' के नारे द्वारा विस्तृत किया जा रहा है जिसमें निरंकारी मिशन के युवागण विभिन्न कॉलेज एवं शिक्षण संस्थानों में जाकर जल संरक्षण पर गीतों की प्रस्तुति, जल जनित रोगों के प्रति जागरूकता को ग्रुप सांग, सेमिनार एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जनमानस को जागृत एवं प्रोत्साहित कर रहे हैं। मथुरा के जोनल इंचार्ज एच के अरोड़ा ने बताया कि बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की प्रेरणात्मक शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए 25 फरवरी रविवार को प्रातः 8 बजे से सैंकड़ों निरंकारी भक्त यमुना के मुख्य स्थल विश्राम घाट से आगरा होटल बंगाली घाट के आसपास यमुना किनारे जमी काई, कीचड़, प्लास्टिक कचरा आदि गंदगी को साफ कर स्वच्छ जल स्वच्छ मन का संदेश देंगे, वहीं फरह के दीनदयाल धाम क्षेत्र तथा कोसीकलां के गोमती तालाब में भी स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। संत निरंकारी मण्डल के सचिव एवं समाज कल्याण प्रभारी श्री जोगिन्दर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' के आदर्श वाक्य से प्रेरणा लेते हुए यह परियोजना समूचे भारतवर्ष के 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में 900 शहरों के 1500 से भी अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित की जायेगी। निरंकारी मिशन के लगभग तीन लाख स्वयंसेवक अपने सहयोग द्वारा 'जल संरक्षण' और 'जल निकायों' जैसे समुद्र तट, नदियां, झीले, तालाब, कुंए, पोखर, जोहड, विभिन्न झरनों, पानी की टंकियों, नालियों और जल धाराओं इत्यादि को स्वच्छ एवं निर्मल बनायेंगे। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल निकायों को संरक्षित करने के विकल्पों के विषय में जनमानस को जागृत करना है ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ भविष्य दिया जा सके।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में प्रशासन की सख्ती से खलबली

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं बृहस्पतिवार से आरंभ हो गईं। परीक्षा के पहले दिन ही महावन तहसील के चमेली देवी इंटर कॉलेज सिहोरा में इंटर की हिंदी की परीक्षा में दो मुन्नाभाई पकड़े गए। इन्हें पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। प्रथम पाली में हाईस्कूल की हिंदी की परीक्षा में 2125 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं इंटर के हिंदी के पेपर में 1594 परीक्षार्थी परीक्षा छोड़ गए।बृहस्पतिवार को आरंभ हुई बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम पाली में हाईस्कूल की हिंदी की परीक्षा हुई। सुबह 8:30 बजे से शुरू होने वाली परीक्षा के लिए 7:30 बजे से ही परीक्षा केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों की कतार लग गई। गहन तलाशी के बाद ही केंद्र के अंदर प्रवेश दिया गया। इससे पूर्व उनके प्रवेश पत्र, पंजीकरण पत्र एवं आधार कार्ड की भी जांच की गई। उनके कपड़ों-जूतों की भी तलाशी ली गई। प्रथम पाली में कुल 2125 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।दूसरी पाली में इंटर की सामान्य हिंदी और हिंदी की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान ही महावन तहसील के अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय चमेली देवी इंटर कॉलेज सिहोरा में आंतरिक सचल दल ने दो मुन्ना भाइयों को पकड़ लिया। इनमें राजकेश के साथ स्थान पर लवकुश और राज सिंह के स्थान पर भोला को पकड़ा गया। इन्हें पकड़कर विधिक कार्रवाई के लिए थाना यमुनापार पुलिस के हवाले कर दिया गया। दूसरी पाली में कुल पंजीकृत 37677 परीक्षार्थियों में 36083 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि 1594 परीक्षार्थी परीक्षा छोड़ गए।राजकीय इंटर कॉलेज में बनाए गए कंट्रोल रूम से यहां तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों ने जिले के सभी 127 परीक्षा केंद्रों पर नजर बनाए रखी। कहीं भी जरा भी बातचीत की आवाज आने अथवा परीक्षार्थियों के मुड़कर देखने पर भी कंट्रोल रूम से तत्काल परीक्षा केंद्र पर तैनात केंद्र व्यवस्थापक को जानकारी दी गई।परीक्षा केंद्रों की कड़ी निगरानी के लिए 6 सचल दल बनाए गए हैं। इनके प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डायट प्राचार्य, सह जिला विद्यालय निरीक्षक एवं दो राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य हैं।

## टोनी जाट गैंग ने पूरे परिवार को बनाया निशाना

**मथुरा।** टोनी जाट का गैंग पुलिस के सिरदर्द बन गया है। बुधवार को टोनी जाट को गिरफ्तार कर जेल भेजने के बाद पुलिस ने उसके साथी सौरभ को अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार किया। सौरभ की गिरफ्तारी में मुखबिर की भूमिका निभाने के शक में महोली गांव के एक व्यक्ति के घर पर गैंग के अन्य सदस्यों ने फायरिंग कर दी। इसमें उसका परिवार बाल-बाल बचा। पुलिस ने मामले में एक और मुकदमा दर्ज कर महोली के ही प्रवेंद्र को भी गिरफ्तार किया। सौरभ और प्रवेंद्र को बृहस्पतिवार को जेल भेजा गया।सीओ रिफाइनरी श्वेता वर्मा ने बताया कि चौकी प्रभारी इंडस्ट्रियल एरिया द्वारा मय पुलिस बल के बुधवार रात चेकिंग के दौरान दिल्ली के आगरा की तरफ सर्विस रोड पर जयगुरुदेव पेट्रोल पंप के पास से सौरभ पुत्र अमर सिंह निवासी फूल थोक ग्राम महोली, हाईवे को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक अवैध तमंचा, कारतूस बरामद हुआ। इसकी गिरफ्तारी की सूचना टोनी जाट गैंग के विकास, प्रर्वेद्र, अभिनव चौधरी तथा योगेश निवासीगण महोली ग्राम, हाईवे को पता लगी। वह महोली गांव के एक व्यक्ति के घर पहुंचे। उस पर सौरभ की गिरफ्तारी में मुखबिरी का शक जताते हुए घर पर फायरिंग कर दी।

# 65 वर्षीय महिला की लाश बरामद

**अवधनामा संवाददाता**



**बोदरवार, कप्तानगंज।** थाना क्षेत्र के चौरी टोला के समीप पोखर भिंडा नहर में एक 65 वर्षीय अज्ञात महिला का पुलिस ने शव बरामद किया है । पुलिस ने आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल कुशीनगर भेज दिया है। शुक्रवार शाम 4 बजे के करीब ग्रामीणों की सूचना पर बड़हरा चौरी टोला के समीप पोखर भिण्डा नहर में शव मिलने की सूचना पर मय फोर्स बोदरवार चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह पहुंचे। चौकी प्रभारी ने पुल के पास पानी में तैर रहे 65 वर्षीय अज्ञात महिला के शव को पानी से बाहर निकलवाया। फोरेंसिस टीम ने महिला के शव से रक्त मज्जा को लेकर फोरेंसिस जांच के लिए भेजा। पुलिस ने शाम 6 बजे तक महिला का शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन महिला की पहचान नहीं हो सकी। महिला मटमैला पेटीकोट व लाल रंग फुल तथा हरे रंग का हाफ दो ब्लाउज पहने हुए हैं। बोदरवार चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया महिला के शरीर पर चोट का निशान नहीं दिख रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। इस दौरान बड़हरा प्रधान प्रतिनिधि शिवाजी सिंह राहुल कुमार अमरनाथ यादव कांस्टेबल आशीष कुमार यादव तथा महिला कांस्टेबल प्रीति शाह आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे हैं।

# बोर्ड परीक्षा के दूसरे दिन 798 ने छोड़ी परीक्षा

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** बोर्ड परीक्षा के दूसरे दिन शुक्रवार को हाई स्कूल व इंटर में कुल 798 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। जिल विद्यालय निरीक्षक कार्यालय द्वारा जारी विज्ञाप्ति के अनुसार प्रथम पाली में इंटर नागरिक शास्त्र में पंजीकृत 9632 छात्रों में से 740 अनुपस्थित रहे। हाई स्कूल पाली/अरबी/फारसी में पजीकृत 3 छात्र थे जिसमें से कोई अनुपस्थित नही रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में हाई स्कूल संगीत गायन में कुल 214 छात्र पंजीकृत थे जिसमें से 3 अनुपस्थित रही। सामान्य आधारित इंटर विषय में 562 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 28 अनुपस्थित मिले। कृषि शास्त्र विज्ञान प्रथम में 229 पंजीकृत थे जिसमें 32 अनुपस्थित मिले। कृषि शास्त्र विज्ञान षष्ठम में 239 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें से 4 अनुपस्थित रहे। कुल मिलाकर दूसरे दिन बोर्ड की परीक्षा में 798 ने परीक्षा छोड़ दी। बता दें कि नकलविहीन परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों को छह जोन और 29 सेक्टर में बांटा गया है। हर केंद्र पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट के अलावा तीन सुपर जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। जिला मुख्यालय समेत चार जगहों से परीक्षा की हर गतिविधि की ऑनलाइन निगरानी की जा रही है।

# मॉर्डन लुक देने के लिए आलिया भट्ट की तरह स्टाइल करें साड़ी, मिलेगा गॉर्जियस लुक



हाल ही में आलिया भट्ट का एक साड़ी का फोटो वायरल हुआ है। इसमें एक्ट्रेस अजरक हैंडमेड ब्लॉक प्रिंट साड़ी पहने नजर आ रही है। ऐसे में आप भी आलिया भट्ट की तरह साड़ी कैरी कर खुद को मॉर्डन टच दे सकती है।

साड़ी पहनना हर लड़की और महिला को पसंद होती है। क्योंकि साड़ियों का फैशन ट्रेंड कभी खत्म नहीं होता है। आजकल आप ऑनलाइन भी देख सकते हैं कि किस तरह से साड़ी को वियर करना है। आप एक साड़ी को कई अलग-अलग तरीके से पहन सकती हैं। वहीं बॉलीवुड एक्ट्रेस का भी साड़ियों से प्यार जगजाहिर है। वहीं एक्ट्रेस आलिया भट्ट अक्सर इवेंट में साड़ी पहने दिखाई देती है। आलिया भट्ट के ये एथनिक लुक्स काफी ज्यादा वायरल होते रहते हैं।

हाल ही में आलिया भट्ट का एक साड़ी का फोटो वायरल हुआ है। इसमें एक्ट्रेस अजरक हैंडमेड ब्लॉक प्रिंट साड़ी पहने नजर आ रही है। साथ ही इस साड़ी में आलिया काफी सुंदर लग रही थीं, साथ ही उन्होंने जिस तरह से इसको कैरी किया था। वह काफी ज्यादा यूनिक और स्टाइलिश था। ऐसे में अगर आप भी किसी पार्टी या फंक्शन में जाने की तैयारी कर रही हैं, तो आप भी आलिया भट्ट की तरह साड़ी कैरी कर खुद को मॉर्डन टच दे सकती है।

***आलिया भट्ट की साड़ी***

एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने जिस तरह से साड़ी को पहना है, उसको डिजाइनर अबु जानी संदीप खोसला की सबसे बेस्ट कलेक्शन मानी जाती है। अबु जानी संदीप खोसला अक्सर इस तरह के प्रिंट के कपड़ों को हाइलाइट करते नजर आते हैं। आलिया भट्ट द्वारा पहनी गई इस साड़ी को काफी ज्यादा खूबसूरती के साथ तैयार किया गया है। अजरक ब्लॉक प्रिंट का काम पूरी साड़ी में किया गया है।

लकड़ी के ब्लॉक द्वारा इस प्रिंट को तैयार किया जाता है। इस साड़ीमेंछोटे से लेकर बड़े हर एक प्रिंट का ख्याल रखा गया है। जिससे कि साड़ी का डिजाइन खराब न हो। वहीं इस साड़ी में कलर कॉम्बिनेशन को काफी अच्छे से मिक्स मैच किया गया है। इस साड़ी में रेड कलर साड़ी के साथ ब्लू और गोल्डन कलर को सिलेक्ट किया गया है। जिसके कारण आलिया की साड़ी खूबसूरती के साथ रॉयल लुक दे रही है।

***ऐसे स्टाइल करें साड़ी***

अभिनेत्री आलिया भट्ट ने जिस तरह से साड़ी को स्टाइल किया है, इसको अजरक ड्रेप कहा जाता है। इस साड़ी के साथ एक्ट्रेस ने ऑफ शोल्डर ब्लाउज स्टाइल किया है। जैसे पहले के समय में महिलाएं पहनती थीं। वहीं इस साड़ी को सिंपल तरीके से ड्रेप किया गया है। वहीं इस लुक को मॉर्डन लुक देने के लिए पल्ला लंबा रखा है। जिससे कि यह दुपट्टे की तरह लगे। फिर इसको दूसरे कंधे पर पिन किया है। आप चाहें तो एक की जगह दो साड़ियों के इस्तेमाल से अपने लुक को इस तरह से स्टाइल कर सकती हैं। वहीं ऑफ शोल्डर ब्लाउज की जगह ट्यूब या कट स्लीव्स ब्लाउज कैरी कर सकती हैं।

***लुक में एड करें ये चीजें***

इस तरह की साड़ी के साथ थोड़े हैवी चेन इयररिंग्स कैरी कर सकती हैं।

बालों को हल्का कर्ल कर पिन की मदद से सेट कर सकती हैं।

मेकअप को स्मोकी तरीके से अप्लाई कर सकती हैं।

साथ ही गले में चेन नेकलेस पहन सकती हैं।

# ऑयली स्किन से हो सकती है पिम्पल्स की समस्या, निजात पाने के लिए करें इन सुपरफूड का सेवन



गर्मियों में स्ट्रीट फूड और फ्राई की हुई चीजों का ज्यादा सेवन करने से सीबम के उत्पादन को बढ़ावा मिलता है, जो पिम्पल का कारण बनता है। ऐसे में चलिए कुछ सुपरफूड्स के बारे में जानते हैं, जिनका सेवन करने से त्वचा पर तेल जमा नहीं होता और पिम्पल की समस्या से छुटकारा मिलता है।

गर्मियों के मौसम में ऑयली स्किन वाले लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना है, जिसमें पिम्पल्स की समस्या सबसे आम है। चिपचिपे मौसम में स्किन ज्यादा आयल का उत्पादन करती है। इसकी वजह से चेहरे पर पिम्पल्स हो जाते हैं। हालाँकि, पिम्पल की समस्या पूरी तरह से मौसम से जुडी हुई नहीं है। इस समस्या का आधा संबंध गर्मियों के ली जाने वाली डाइट से भी होता है। खाने और त्वचा का सीधे तौर पर संबंध है। आप जो कुछ भी खाते हैं उसका असर त्वचा पर दिखता है। गर्मियों में स्ट्रीट फूड और फ्राई की हुई चीजों का ज्यादा सेवन करने से सीबम के उत्पादन को बढ़ावा मिलता है, जो पिम्पल का कारण बनता है। ऐसे में चलिए कुछ सुपरफूड्स के बारे में जानते हैं, जिनका सेवन करने से त्वचा पर तेल जमा नहीं होता और पिम्पल की समस्या से छुटकारा मिलता है।

खीरा- खीरा पानी से भरपूर होता है और शरीर को डिटॉक्स करने का काम करता है। फिटोटेरेपिया जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में त्वचा पर खीरे के सकारात्मक प्रभावों को दिखाया गया है। अध्ययन के अनुसार, खीरे का सेवन करने से त्वचा साफ होती है। इसी के साथ ये त्वचा पर से विषाक्त पदार्थों और अशुद्धियों को हटाता है। ये त्वचा पर तेल जमा होने से रोकता है और पिम्पल की समस्या से निजात दिलाता है।

**ब्रोकोली-** विटामिन ए और सी हमारी त्वचा के लिए फायदेमंद माने जाते हैं और ब्रोकोली इन दोनों विटामिन्स से भरपूर होती है। विटामिन्स के अलावा ब्रोकोली में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट त्वचा पर अतिरिक्त तेल के उत्पादन को रोकता है, जिससे पिम्पल्स की समस्या नहीं होती है। ब्रोकोली को उबालकर खाने से फायदा होगा, इसे कच्चा खाने की गलती न करें।

**नींबू-** गर्मियों में टैनिंग हटाने के लिए त्वचा पर नींबू का इस्तेमाल किया जाता है। नींबू न सिर्फ टैनिंग हटाता है बल्कि ये पिम्पल्स को रोकने में भी मदद करता है। दरअसल, नींबू में तेल सोखने की प्रवृत्ति होती है। इसलिए ऑयली स्किन से निजात पाने के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है। नींबू का इस्तेमाल करने के दौरान ध्यान रखें इसे सीधे त्वचा पर नहीं लगाना है, किसी अन्य चीज के साथ मिलाकर इसका इस्तेमाल करें।

**केला-** शरीर में पोटेशियम, फास्फोरस और मैग्नीशियम की कमी के कारण सीबम का अतिरिक्त उत्पादन हो सकता है। इसकी वजह से स्किन ऑयली हो जाती है। केला पोटेशियम, फास्फोरस और मैग्नीशियम की कमी दूर करता है। इसलिए गर्मियों में ऑयली स्किन से बचने के लिए इसे डाइट में शामिल करें। इसके अलावा केले में विटामिन ई भी होता है, जो एक प्राकृतिक सौंदर्य सीरम के रूप में जाना जाता है। इसके अलावा केले के छिलको को पिम्पल पर रगड़ने से पिम्पल्स से छुटकारा मिलता है।

**नारियल पानी-** गर्मियों में नारियल पानी का खूब सेवन किया जाता है। ये ऐसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो हमारी त्वचा को पिम्पल्स से बचाने के लिए जरुरी होते हैं। इसके अलावा ये स्किन को हाइड्रेट करता है और उसके तेल संतुलन को बनाए रखता है, जिससे पिम्पल की समस्या नहीं होती है। इसलिए गर्मियों के महीनों में अपनी डाइट में नारियल पानी को जरूर शामिल करें।

# व्हाइटहेड्स को दूर करने में मदद करेंगे ये 5 घरेलू उपाय, स्किन होगी मुलायम

चेहरे पर व्हाइटहेड्स की समास्या से काफी लोग परेशान रहते है। ऑयली स्किन के कारण चेहरे पर व्हाइटहेड्स होनी की समास्या उत्पन्न होती है। इससे छुटकारा पाने के लिए आप घरेलू उपाय को इस्तेमाल कर सकते हैं इससे न तो कोई साईड इफ्केट भी नहीं होता है और त्वचा भी सॉफ्ट रहती है। आइए समझें कि ये व्हाइटहेड्स आखिर क्यों दिखाई देते हैं। ब्लैक हेड्स के विपरीत, व्हाइटहेड्स काफी दर्दनाक होते हैं और इनसे छुटकारा पाना अधिक कठिन होता है। व्हाइटहेड्स छोटे-छोटे छाले होते हैं जो मृत त्वचा कोशिकाओं और गंदगी को फंसा लेते हैं। अगर समय पर ध्यान न दिया जाए तो ये न केवल देखने में भद्दे लगते हैं बल्कि समय के साथ-साथ बढ़ते भी जाते हैं। ऑयली स्किन की वजह से चेहरे पर व्हाइटहेड्स की समास्या दिखाई देने लगती है। इससे छुटकारा पाने के लिए महिलाएं कई ब्यूटी प्रोडक्ट्स को इस्तेमाल करती है लेकिन आप प्राकृतिक और प्रभावी घरेलू उपचारों का भी सहारा ले सकते हैं जो आसानी से उपलब्ध हैं और किफायती भी हैं। आइए सबसे पहले समझें कि ये व्हाइटहेड्स आखिर कैसे और क्यों दिखाई देते हैं।

***व्हाइटहेड्स होने के कारण***

व्हाइटहेड्स कई कारणों से हो सकते हैं। दरअसल, हार्मोनल परिवर्तन सबसे प्राकृतिक कारणों में से एक है। तैलीय या चेहरे पर शूट ने करने वाले मेकअप उत्पादों का उपयोग करना या अत्यधिक तैलीय त्वचा होना भी व्हाइटहेड्स के कुछ प्रमुख कारणों में से एक हो सकता है। कभी-कभी, गर्म और आर्द्र मौसम के कारण



पसीना आ सकता है, जिससे आपकी त्वचा तैलीय हो सकती है और सफेद दाग हो सकते हैं। त्वचा की इन सभी समस्याओं का इलाज घरेलू उपाय से किया जा सकता है।

***टी ट्री ऑयल***

टी ट्री ऑयल में एंटी बैक्टीरियल गुण मौजूद होते है। यह व्हाइटहेड्स को रिमूव करने में काफी मददगर साबित होते हैं। कॉटन बॉल में टी ट्री ऑयल लेकर व्हाइटहेड्स पर लगाएं, यह दिन में दो बार अप्लाई कर सकते हैं। अच्छे रिजल्ट के लिए इसे आप रात को लगाएं इससे आपको काफी फायदा होगा।

***एप्पल साइडर विनेगर***

एप्पल साइडर विनेगर में एसिडिक गुण होते हैं, जो लेवल और ओपन पोर्स को मेंटेन रखता है। व्हाइटहेड्स से निजात पाने के लिए एप्पल साइडर विनेगर को पानी के साथ सेम मात्रा मिला लें। इसके बाद इसे रुई की मदद से चेहरे पर लगा लें और 20 मिनट तक इसे छोड दें। इसके बाद आप चेहरे को साफ क्लीन कर लें।

***शहद और दालचीनी का फेस मास्क***

इसे बनाने के लिए आप दालचीनी और शहद मिला कर पेस्ट बना लें। इसके बाद मास्क को 15-20 मिनट तक अप्लाई करें। फिर इसे पानी से साफ कर लें, इस मास्क से व्हाइटहेड्स दूर हो जाएंगे।

***एलोवेरा जेल***

एलोवेरा जेल में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाएं जाते हैं, यह एकदम परफेक्ट है व्हाइटहेड्स को दूर करने में, इसे लगाने के लिए आप फ्रेश एलोवेरा लें और रात को एलोवेरा का गूदे से निकला जेल को चेहरे पर लगाकर सो जाएं। इससे आपको काफी फायदा मिलेगा।

***बेकिंग सोडा पेक***

बेकिंग सोडा एक शक्तिशाली घटक है जो त्वचा के पीएच स्तर को संतुलित करता है और व्हाइटहेड्स को भी ठीक करता है। आपको बस इतना करना है कि 3 चम्मच बेकिंग सोडा को पानी में मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। इसे धीरे-धीरे चेहरे पर लगाएं और 15 से 20 मिनट तक लगा रहने दें। इसके बाद आप इसे गुनगुने पानी से धो सकते हैं। आपकी त्वचा नमीयुक्त और पोषित महसूस करेगी।

# वेडिंग फक्शन में पहने लखनवी चिकनकारी साड़ी, शादी में दिखेंगी सबसे अलग और खूबसूरत

शादी में आपको जाना हैं तो यह लखनवी चिकनकारी साड़ी जरुर पहने। इन साड़ी में आप एकदम खूबसूरत लगेंगी, कई बार होता है कि शादी में जाने पहले हम सोचते हैं आखिर क्या पहनें। वेडिंग फक्शन में आप लखनवी चिकनकारी साड़ी जरुर पहन सकते हैं। इस साड़ी में आप गजब की खूबसूरत लगेंगी। इस तरह के साड़ी के डिजाइन काफी ट्रेंड में है। शादी का फक्शन होता है तो कई बार हम ये सोचते रहते हैं कि आखिर ऐसा क्या पहने जिससे सबकी नजर हम पर हो। अगर आप भी कुछ हटके वेडिंग में वियर करना चाहती हैं तो यह लेख आपके लिए है। शादी में सबसे अलग और खूबसूरत दिखना हैं तो आप लखनवी साड़ी को वियर करें। दरअसल, इस तरह के साड़ी के डिजाइन काफी ट्रेंड में है, जिन्हें आप वियर करके काफी खूबसूरत लगेंगी।



***रेड कलर चिकनकारी साड़ी***

किसी भी शादी फक्शन में रेड कलर काफी अच्छा लगता है। इसलिए आप रेड कलर चिकनकारी साड़ी शादी में वियर करें। ट्रेडिशनल पाने के लिए लखनवी चिकनकारी साडियां सबसे बेस्ट है। इस साड़ी को पहनकर आप एकदम हटके लगेंगी और सबकी निगाहें आप पर रहेंगी। यह साड़ी हैवी के साथ-साथ रॉयल लुक भी प्रदान करती है। अगर किसी की हाल ही में शादी हुई है तो आप इसे वियर कर सकती है। बाजार में इस तरह की साड़ी 1000 से 3000 रुपये तक आपको मिल जाएगी।

***ग्रीन कलर लखनवी फ्रील साड़ी***

फ्रील साड़ी का ट्रेड एक बार फिर से आ गया है, हर किसी को इस तरह की साड़ी पहनना काफी पसंद होता है। इस बार शादी फक्शन में आप ग्रीन कलर लखनवी चिकनकारी साड़ी पहन सकते हैं। इसमें आपको पल्ले और नीचे की प्लीट्स पर डिजाइन मिलेगा। इसे आप स्कर्ट स्टाइल में भी वियर कर सकती हैं। यह साड़ी बाजार में 1000 से 2000 रुपये तक मिल जाएगी।

***ब्लू कलर लखनवी साड़ी***

अगर आपको हैवी स्टाइल वर्क में साड़ी पसंद हैं तो आप ब्लू कलर साड़ी को पहन सकती हैं। इसमे आपको दोनों कलर के कॉन्ट्रस्ट कलर मिल जाएंगे। जिसे आप शादी में वियर कर सकती हैं। इसमें आपको पल्ले के साथ-साथ पूरी साड़ी में डिजाइन मिलेगा। बाजार में इस तरह की साड़ी आपको 2000 से 2500 रुपये में आराम से मिल जाएगी।

# फिश कट लहंगे के साथ इस तरह से स्टाइल करें दुपट्टा, बहुत काम आएंगे ये टिप्स

इन दिनों फिश कट लहंगा डिजाइन सबसे ज्यादा ट्रेंड कर रहा है। जोकि देखने में भी काफी स्टाइलिश लगता है। वहीं अगर आप फिश कट लहंगे के साथ दुपट्टा कैरी करना चाहती हैं, तो आपको नीचे बताए गए हैक्स ट्राई करना चाहिए।

इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है। ऐसे में शादी में हर कोई अपने लुक को खास बनाने के लिए डिजाइनर कपड़ों की शॉपिंग कर रहा है। कोई डिजाइनर साड़ी खरीद रहा है, तो कोई लेटेस्ट डिजाइन वाला लहंगा। बता दें कि इन दिनों फिश कट लहंगा डिजाइन सबसे ज्यादा ट्रेंड कर रहा है। जोकि देखने में भी काफी स्टाइलिश लगता है और आप इसको बिना दुपट्टे के भी वियर कर सकती हैं। वहीं अगर आप फिश कट लहंगे के साथ दुपट्टा कैरी करना चाहती हैं, तो आपको नीचे बताए गए हैक्स ट्राई करना चाहिए। जिससे आप इस पर दुपट्टा भी वियर कर सकें और आपका लुक भी न खराब लगे।

***कैप स्टाइल में ड्रेप करें दुपट्टा***

फिश कट लहंगा में आप कैप स्टाइल में दुपट्टा ड्रेप कर सकती हैं। ऐसे दुपट्टा कैरी करने से आपको श्रग जैसा लुक मिलेगा।

फिर पीछे कंधे पर दुपट्टे को पिन की मदद से सेट कर लें।

आगे दिए गए कॉनर को हाथों के बीच में से निकालकर सेट कर लें।

आप फिश कट लहंगे के साथ इस तरीके से कैप स्टाइल दुपट्टा स्टाइल कर सकती हैं।

***प्री ड्रेप साड़ी स्टाइल***

फिश कट लहंगा पहनने से बॉडी का शेप अच्छा आता है। ऐसे में आप प्री ड्रेप साड़ी की तरीके से दुपट्टा स्टाइल करने इसको हाइलाइट करने का काम कर सकती हैं।

पल्लू में प्लीट्स बनाकर इसको पिन कर सकती हैं।

फिर इसको पीछे कमर में टक कर दें।

इसको खुला छोड़ने की जगह प्लीट्स बनाकर पिन कर लें, जिससे कि यह आपका लुक न बर्बाद करे।



इन टिप्स की मदद से आप दुपट्टे को ड्रेप कर सकती हैं।

इन बातों का रखें खास ख्याल

यदि दुपट्टा नेट का है, तो इसको अंदर से पिन करें, जिससे यह हाइलाइट न हो।

लहंगे के साथ ज्यादा हैवी दुपट्टा स्टाइल न करें वरना आपका पूरा लुक खराब हो सकता है।

इसके अलावा फ्री स्टाइल में दुपट्टा कैरी न करें।

# चाहिए ग्लोइंग स्किन तो चावल के आटे से बनाएं ये बॉडी स्क्रब

चावल के आटे और नारियल तेल की मदद से एक बेहतरीन स्क्रब तैयार किया जा सकता है। जहां चावल का आटा एक एक्सफोलिएंट के रूप में कार्य करता है, वहीं नारियल का तेल स्किन को गहराई से मॉइश्चराइज करता है।

चावल का सेवन तो हर घर में किया जाता है। कुछ लोग चावल को पीसकर उसका आटा बना लेते हैं और उससे तरह-तरह की डिशेज बनाते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि चावल का आटा स्किन के लिए भी उतना ही फायदेमंद है। अगर आप चाहें तो चावल के आटे में कुछ इंग्रीडिएंट्स को मिक्स करके बेहतरीन बॉडी स्क्रब बनाया जा सकता है। इन स्क्रब की मदद से ना केवल आपकी डेड स्किन सेल्स रिमूव होती है, बल्कि इससे स्किन टोन भी इवन और ग्लोइंग बनती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको चावल के आटे से बनने वाले कुछ बॉडी स्क्रब के बारे में बता रहे हैं।



***चावल का आटा और नारियल तेल से बनाएं स्क्रब***

चावल के आटे और नारियल तेल की मदद से एक बेहतरीन स्क्रब तैयार किया जा सकता है। जहां चावल का आटा एक एक्सफोलिएंट के रूप में कार्य करता है, वहीं नारियल का तेल स्किन को गहराई से मॉइश्चराइज करता है।

*आवश्यक सामग्री:*

- 1/4 कप चावल का आटा
- 2 बड़े चम्मच नारियल तेल (पिघला हुआ)
- एसेंशियल ऑयल की दो बूंदे

***बॉडी स्क्रब बनाने का तरीका***

- सबसे पहले नारियल तेल को पिघला लें।
- अब इसमें चावल का आटा और एसेंशियल ऑयल मिक्स करें।
- अब आप अपनी स्किन को हल्का गीला करें और तैयार स्क्रब को बॉडी पर लगाएं।
- अब आप सर्कुलर मोशन में स्किन की हल्के हाथों से मसाज करें।
- करीबन दस मिनट के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें।
- अंत में, पानी की मदद से इसे क्लीन करें।

***चावल का आटा और शहद से बनाएं स्क्रब***

चावल के आटे के साथ शहद को मिक्स करके एक बेहतरीन स्क्रब तैयार किया जा सकता है। चूंकि, शहद एक प्राकृतिक ह्यूमेक्टेंट है, जिसका अर्थ है कि यह स्किन में नमी बनाए रखने में मदद करता है। जिसके कारण आपकी स्किन अधिक स्मूथ और हाइड्रेटेड रहती है।

***आवश्यक सामग्री***

- 1/4 कप चावल का आटा
- 2 बड़े चम्मच शहद
- लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें

***स्क्रब बनाने का तरीका***

- सबसे पहले आप चावल को पीसकर आटा बना लें।
- अब इसमें शहद और एसेंशियल ऑयल डालकर अच्छी तरह मिक्स करें।
- आपका बॉडी स्क्रब बनकर तैयार है।
- अब आप अपनी स्किन को गीला करें और तैयार स्क्रब को बॉडी पर लगाएं।
- हल्के हाथों से सर्कुलर मोशन में मसाज करें।
- करीबन दस मिनट बाद स्किन को क्लीन करें।

# शादी या पार्टी में पहन रही हैं हाईनेक तो ट्राई करें ये सिंपल हैस, मिलेगा स्टाइलिश लुक

सर्दियों की पार्टी में आउटफिट चुनने से पहले कई बार सोचना पड़ता है। अगर आप पार्टी में हाईनेक स्टाइल करने की सोच रही हैं, तो हम आपको बताने जा रहे हैं कि किन टिप्स को फॉलो कर आप हाईनेक को अधिक स्टाइलिश बना सकती हैं।

पार्टी करना लगभग हर किसी को पसंद होता है। पार्टी में लोग अलग-अलग तरह के डिजाइनर कपड़े पहनते हैं। जिससे कि वह सबसे अलग और खूबसूरत दिखें। वहीं पार्टी में जब फोटोज क्लिक करवाना हो, तो उनका लुक एक जैसा न लगे। वहीं सर्दियों की पार्टी में आउटफिट चुनने से पहले कई बार सोचना पड़ता है। जिससे कि सर्दियों में भी स्टाइलिश लुक मिलने के साथ ठंड कम लगे। ऐसे में अगर आप पार्टी में हाईनेक स्टाइल करने की सोच रही हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किन टिप्स को फॉलो कर आप हाईनेक को अधिक स्टाइलिश बना सकती हैं।



***स्टाइल करें ज्वेलरी***

अगर आप पार्टी में हाईनेक वियर करने की सोच रही हैं, तो लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए साथ में ज्वेलरी भी वियर कर सकती हैं। इसके साथ आप हूप्स इयररिंग्स, ब्रेसलेट और चेन नेकलेस कैरी कर सकती हैं। वहीं आपने जिस कलर की हाईनेक पहनी है, उसी कॉन्ट्रास्ट में ज्वेलरी पहननी चाहिए। हांलाकि आप चाहें तो इसके साथ फंकी ज्वेलरी भी पहन सकती हैं। जो आपको स्टाइलिश लुक देने का काम करेगी। यह मार्केट में आपको कम दाम में मिल जाएगी।

***ऐसे क्रिएट करें हेयर स्टाइल***

पार्टी के लिए आप अच्छा लुक पाने के लिए हेयर स्टाइल क्रिएट कर सकती हैं। आप कर्ल हेयर स्टाइल या फिर ब्रेड हेयर स्टाइल क्रिएट कर सकती हैं। आप चाहें तो इसमें कुछ हेयर एक्सेसरीज भी एड कर सकती हैं। अगर आपको सिंपल लुक चाहिए तो बालों को कर्ल करके पोनीटेल बना सकती हैं।

***मेकअप लुक***

अगर आपको मेकअप करना अच्छा लगता है, तो आप स्मोकी आई मेकअप कर सकती हैं। इससे आपका लुक परफेक्ट लगेगा। हाई नेक के कलर के हिसाब से कॉन्ट्रास्ट करके कलर को चुनना चाहिए। फिर इसको आंखों पर लगाकर अच्छे से स्मज कर लें और ऊपर से शिमर अप्लाई करें। इससे आपको परफेक्ट लुक मिलेगा।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर से सैकड़ों हुए लाभान्वित

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** जिले के वाजिदपुर तिराहा स्थित मंगल क्लीनिक न्यूरो-साईकियाट्रिक सेन्टर द्वारा गोपीपुर गांव में हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन।कजगांव क्षेत्र के गोपीपुर (दुल्हेपुर) गांव में आचार्य रमाशंकर प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय में वृहद निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मंगल क्लीनिक न्यूरो-साईकियाट्रिक सेन्टर द्वारा दिनांक 22/02/2024 दिन गुरुवार को किया गया। निःशुल्क शिविर में मानसिक व न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ. उत्तम कुमार गुप्ता ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित परामर्श दिया, इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए बेहतर खानपान के अलावा दिनचर्या को भी सुव्यवस्थित करने की जरूरत है, दैनिक जीवन में थोड़ी सावधानी बरतकर कर हम ब्लड प्रेशर, शूगर,माइग्रेन जैसी तमाम बीमारियों से खुद को बचा सकते हैं। इस समय बच्चों में परीक्षा को लेकर बहुत तनाव हो रहा है जैसे सिर मे दर्द ,मन ना लगना, अजब ख्याल आना ,घबराहट बेचैनी जैसी समस्याओं से निजात के लिए दिनचर्या को सुधारें, संतुलित आहार ले व व्यायाम करें साथ में 7 से 8 घंटे की नींद जरूर ले। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 465 मरीजों का इलाज कर निःशुल्क दवा वितरण किया गया। आए हुए सभी लोगों का स्वागत निर्देशिका मंशा चौबे व प्रधानाचार्य रत्नचंद चतुर्वेदी, अवनीश कुमार चौबे, मंगल क्लीनिक के प्रबंधक शशि भूषण पांडे व मंगल क्लीनिक के उपस्थित सहयोगी स्टाफ - अजय चंद साहू, त्रिलोकी यादव , अखिल उपाध्याय, रमाकांत और दीपक यादव ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य सीमा चौबे, प्रधान आरती अखिलेंद्र सिंह, समाजसेवी अतुल सिंह, राखी चौबे, आलोक चौबे ,सोनिया सिंह, अंकित राजभर, साधना विश्वकर्मा, मनोज प्रजापति, तनु चौबे, टीनू सिंह, रजनीश चौबे, रमेश सिंह, त्रिभुवन सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपक सिंह, अनुज सिंह, अध्यापक राकेश सिंह, डब्लू व जैकी सिंह उपस्थित रहे।

## अपराधियों को किसे भी कीमत पर बख्शा नही जाएगा: अनुराग आर्य

**आजमगढ़।** आम जन निर्भीक हो कर पुलिस को अपनी समस्याओं को बताए किसी भी समस्या के लिए मुझे स्वयम फोन कर सकते है। उक्त बातें बरदह थाने पर जनता और पुलिस संवाद के दौरान पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ अनुराग आर्य के आम जन को संबोधित करते हुए कही। साथ ही उन्होंने थाना बरदह का मुआयना भी किया किया। कहा की अपराधियों को किसे भी कीमत पर बख्शा नही जाएगा , उन्होंने पुलिस जनो से होने वाली समस्याओं , सी सी टी वी कैमरों , स्पीड ब्रेकरों और बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उपायों पर चर्चा किया साथ ही ,इस अवसर पर अभिषेक मिश्रा , उमेश रॉय रवि दीक्षित ,विवेक क्तिवारी रिंकू चौहान ,अशोक यादव आदि समेत सैकडो लोग उपस्थित थे।

# विकास कार्यों को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने नगर विकास मंत्री से की मुलाकात

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** नगर के विकास हेतु भाजपा नेता आलोक गुप्ता पिंटू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल लखनऊ में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से मुलाकात कर नगर की जनसमस्याओं को अवगत कराया। शुक्रवार को लखनऊ स्थित नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के आवास पर पहुंचे मुंगरा बादशाहपुर नगर के प्रतिनिधि मंडल आलोक गुप्ता पिंटू व इंजी. उमाशंकर गुप्ता ने कहा कि नगर मुंगरा बादशाहपुर जिले की दूसरी बड़ी नगर पालिका होने के साथ ही एक अग्रणी व्यावसायिक केंद्र है। नगर का विस्तार होने के कारण कई गांव नगर में शामिल हुए हैं, ऐसे में नगर के विभिन्न वार्डो में सड़क, नाली , स्ट्रीट लाइट, तालाब व छठ घाट का सुंदरीकरण एवं नगर में इको फ्रेंडली पार्क व खेल स्टेडियम समेत सामुदायिक शौचालय जैसे विकास कार्यों की अत्यंत आवश्यकता है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने सभी मांगों को जनहित में देखते हुए जल्द से जल्द शासन करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मछली शहर चेयरमैन संजय जायसवाल, प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता पिंटू व इंजी. उमाशंकर गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कम मतदान वाले बूथ पर चला मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विगत चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान की कड़ी में आज 366 जौनपुर विधानसभा के प्राथमिक विद्यालय उड़ली बूथ पर चुनावी पाठशाला आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी शाहगंज अमरदीप जायसवाल ने लोगों को लोकतंत्र के महापर्व के महत्व को बताते हुए कहा कि संविधान ने हमें वोट देने का अधिकार प्रदान किया है, हम इस अधिकार का सम्मान करें और अपनी जिम्मेदारी व अपना कर्तव्य निभाते हुए लोकसभा चुनाव 2024 में अपने मतदान केंद्र पर उपस्थित होकर अपना मतदान ज़रुर करें। उन्होंने कहा कि सभी पदाभीहित अधिकारी अपने विद्यालय में आयोजित होने वाली अभिभावक शिक्षक संघ बैठक, मतदाता उन्मुखीकरण बैठक में भी लोगों को स्वयं मतदान करने तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए जागरूक व प्रेरित करें। जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को अपने पसंद का उम्मीदवार बिना किसी लालच और भेदभाव के चुनने का अधिकार है, इसलिए इस अधिकार का सभी को उपयोग अवश्य करना चाहिए। जिससे अपने जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़े तथा मजबूत लोकतंत्र का गठन हो।

इस अवसर पर एआरपी सुजीत सोनकर, प्रधानाध्यापक रुपेश सिंह, नन्दलाल यादव, रजनीश सिंह, सोहराब अहमद, मिथिलेश द्विवेदी, सूर्यकांत यादव, पूजा सोनकर, अजय यादव, अखिलेश कुमार, दिनेश सिंह, आर पी सिंह, रविन्द्र मौर्य, विवेक सोनी, सहित क्षेत्रीय लोग व ग्राम लपरी, मखमेलपुर, मेहरांवा, राजेपुर, हड़ही, उड़ली, मनिया आदि विद्यालयों के पदाभीहित अधिकारी, उपस्थित रहे।

## उपायुक्त श्रम रोजगार अधिकारी ने किया गांवों का औचक निरीक्षण

**जौनपुर।** जिला उपायुक्त श्रम रोजगार अधिकारी सुशील त्रिपाठी विकास खंड के सुईथाकला के ग्राम पंचायत सुईथाकला एंव कम्मरपुर का आकस्मिक औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान गौशाला , आर आर सी सेंटर, पंचायत भवन, हेल्थ सेंटर, जल जीवन मिशन, आंगनवाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय, व मनरेगा योजनांतर्गत चल रहे कार्यों की जमीनी हकीकत का निरिक्षण किया ग्राम पंचायत में हो रहे विकास कार्यों पर संतोष व्यक्त करते प्रधान की सराहना किया साथ ही पंचायत भवन पर गंदगी देख नाराजगी जताई और एसडीओ पंचायत से साफ सफाई कराने का निर्देश दिया। निरिक्षण के दौरान कार्यक्रम अधिकारी गौरवेंद्र सिंह, एकाउंटेंट राहुल मिश्रा व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि द्वय प्रवीण कुमार सिंह अनिल दुबे मौजूद रहे।

# कार्यशाला में मीडिया की तकनीक से परिचित हुए विद्यार्थी

## विश्वविद्यालय में कार्यक्रम निर्माण एवं तकनीकी विषयक कार्यशाला का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग में मीडिया कार्यक्रम निर्माण एवं तकनीकी विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के साथ ही शहर के मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थियों को मीडिया की आधुनिक तकनीक से परिचित कराया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज मिश्र ने कहा मीडिया के क्षेत्र में हो रहे परिवर्तन में तकनीक का बहुत बड़ा योगदान है। आज के समय में मीडिया के क्षेत्र में सफल होने के लिए आधुनिक मीडिया तकनीकों का ज्ञान होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को मीडिया के विविध आयामों के बारे में बताया। विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने विद्यार्थियों को कैमरे की तकनीकी, स्टूडियो में कार्यक्रम निर्माण की तैयारी और रिकॉर्डिंग की प्रक्रिया को समझाया। स्टूडियो में विद्यार्थियों ने रिकॉर्डिंग और एंकरिंग भी की। डॉ. राठौर ने कहा कि टेलीविजन के कार्यक्रमों का निर्माण एक पूर्व नियोजित तरीके से होता है, समय से कार्य पूर्ण करने के लिए इसे सही तरीके से करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मीडिया के क्षेत्र में रोजगार के लिए बहुआयामी भी होना आवश्यक है। आज कल मोबाइल ने टेलीविजन समाचार संकलन को पूरी तरह से बदल दिया है। इसी क्रम में डॉ. चन्दन सिंह ने विद्यार्थियों को मीडिया के क्षेत्र में कंप्यूटर के प्रयोग के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को टाइपिंग की गति को बढ़ानेके लिए टिप्स भी दिए। इसके साथ ही वीडियो संपादन के विभिन्न सॉफ्टवेयर के बारे में बताया गया। समापन सत्र में मीडिया प्रभारी डॉ. सुनील कुमार ने विद्यार्थियों को मीडिया के क्षेत्र में अवसरों से परिचित कराया। विभाग के छात्र संस्कार श्रीवास्तव ने कार्यशाला का संचालन किया। इस अवसर पर सोनम विश्वकर्मा, पंकज सिंह, आनंद सिंह, साधना उपाध्याय समेत विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# जय श्री राम जय श्री राम, हमें चाहिए री-एग्जाम

## लोक सेवा आयोग पर पहुंचा हजारों छात्रों का हुजूम, अधिकारियों के फूले हाथ पांव, प्रशासन ने बंद कराया रास्ता

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** समीक्षा अधिकारी (आरओ) और सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) की प्रारंभिक परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर छात्रों का चल रहा आंदोलन लगातार जारी है। शुक्रवार को हजारों की संख्या में पहुंचे प्रतियोगी छात्र लोक सेवा आयोग गेट के बाहर धरने पर बैठ गए और जमकर हंगामा करने लगे। आयोग की सूचना पर पहुंचे एसीपी सत्येन्द्र तिवारी फोर्स के साथ पहुंचे और आयोग गेट के साथ रास्ते को बंद करा दिया। एसीपी प्रतियोगी छात्रों को समझते रहे, लेकिन वह दोबारा परीक्षा कराये जाने की मांग पर हंगामा करते रहे। प्रयागराज में लगातार प्रतियोगी छात्रों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। जहां बीते दिनों आरओ/एआरओ समीक्षाअधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी का पेपर लीक हुआ था। जिसको लेकर छात्र लोक सेवा आयोग के गेट पर पहुंचकर पेपर को रद्द करने की मांग कर रहे थे। इसके बाद आयोग के द्वारा नोटिस जारी कर साक्ष्य मांगा गया था। साक्षय लेने के बाद की आयोग की तरफ से कोई निर्णय नहीं लिया गया। ऐसे में छात्र लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। शुक्रवार को करीब 5 हजार से अधिक प्रतियोगी छात्र आयोग गेट पर पहुंचकर हंगामा करने लगे। छात्रों की भीड़ और बवाल देख आयोग ने तत्काल पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे एसीपी सत्येंद्र तिवारी ने फोर्स के साथ पहुंचकर छात्रों को समझने का प्रयास किया लेकिन छात्र अपनी मांग पर अड़े रहे। छात्रों का कहना कि पहले पेपर को रद्द किया जाए और फिर से पेपर कराया जाए। साक्ष्य देने की जरूरत क्या है, जब पेपर पहले से ही व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर टहल रहा है।

हमेशा पेपर होने से पहले ही पेपर लीक हो जाता है। जिससे छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। वहीं बीते दिन राहुल गांधी प्रयागराज आए थे, उन्होंने भी आरओ और एआरओ पेपर के लीक होने का मुद्दा उठाया था। जिसके बाद एनएसयूआई के द्वारा यहां पर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया था। बावजूद अभी तक न तो पेपर रद्द हुआ न ही हम लोगो की कोई मांग आयोग ने पूरा किया। वही छात्रों ने सरकार को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि अभी चुनाव होने वाला है। हम छात्र दिखा देंगे कि युवाओं में कितनी ताकत है। जैसे हम लोग घर बैठे है वैसे उन लोगो को भी घर बैठा देंगे तभी उनके कानों पर जू रेंगेगा।

# माघ मेले में लगभग डेढ़ माह चले चिकित्सा शिविर का समापन

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** हेल्पिंग हैंड् चैरिटेबल सोसायटी द्वारा माघ मेले में डेढ़ माह तक चलाए गए निशुल्क चिकित्सा शिविर एवम जागरूकता अभियान जिसमें एड्स, मुख का कैंसर तथा नशा उन्मूलन के प्रति जागरूकता अभियान का समापन आज मेला क्षेत्र में हुआ। यह कैंप 12 जनवरी से 23 फरवरी तक चला। कैंप इंचार्ज विजय कुशवाहा ने बताया कि डेढ़ माह तक सेक्टर 3 काली सड़क दक्षिणी पट्टी पर चले इस शिविर में एलोपैथिक- होम्योपैथिक चिकित्सको ने लगभग 4100. मरीजों का इलाज किया गया। विजय कुशवाहा ने यह भी बताया कि संस्था के सदस्यों ने छोटी छोटी टीम बना कर मेला क्षेत्र मे लोगों को शराब एवं तंबाकू के दुष्परिणाम और उससे होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही काफी लोगों से ये संकल्प भी कराया की वे गुटका, शराब और सिगरेट अब नहीं लेंगे, और कम से कम 10-10 लोगों को वो भी जागरूक करेंगे और उनसे भी और लोगों को जागरूक करने को कहेंगे। एड्स के बारे में भी मेले में आए लोगों को सदस्यों ने घूम घूम कर जानकारी दी। कैंप का समापन हुआ। कैम्प मे बृजेंद्र सिंह मनोज, विजय कुशवाह, विनोद कनौजिया, संदीप केशरवानी, डॉ संजय कौशले, डॉ अर्चना कौशले, डॉ सुभाष मिश्रा, डॉ बृजेश सिंह, डॉ वी. के. पांडे, डॉ एच. ओ. दीक्षित, डॉ पंकज त्रिपाठी, डॉ एस. बी. सिंह, डॉ संजय सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, संदीप पाल, यतींद्र प्रताप सिंह, डॉ अनीता मौर्या का शिविर में महत्वपूर्ण योगदान रहा। संदीप केशरवानी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही और लोगो को संस्था के साथ जुड़ने के लिए आग्रह भी किया।

## प्रतियोगिता में सेण्ट जेवियर्स प्रथम बच्चों मे हर्ष



**आजमगढ़।** शहर के शिक्षण संस्थाओं में अग्रणी स्थान बनाये रखने वाले सेण्ट जेवियर्स हाई स्कूल एलवल ने जनपद स्तरीय एवं मण्डल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्जित कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोषन किया है। पिछले 10-12 साल से ऐसे कार्यक्रम में आजमगढ़ जनपद का कोई भी विद्यालय प्रतिभाग कर प्रदेष स्तर तक पहुँच नहीं बना पाया था। जो सेण्ट जेवियर्स हाई स्कूल के बच्चों ने किया। ये बच्चे विद्यालय के विज्ञान विभाग के षिक्षकों के मार्गदर्षन में जीत हासिल कर न केवल अपने विद्यालय का नाम रोषन किया बल्कि पूरे आजमगढ़ जिले को प्रदेष में एक नयी पहचान दी, जो समस्त जनपद के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। इस उपलब्धि से यह पता चलता है कि इस संस्थान के छात्रों में विज्ञान के प्रति अभिरूचि, तार्किक क्षमता, कल्पना शीलता एवं वैज्ञानिक व्यक्तित्व विकसित करने की अपार संभावनाएँ सन्निहित हैं। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज आजमगढ़ में किया गया, जिसमें जनपद के राजकीय/ अषासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 11 से 12 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सेण्ट जेवियर्स हाई स्कूल एलवल के मेधावी छात्र-छात्राओं में मुदित अग्रवाल, वैभव कृष्णा, विषाल निषाद, अमृतांष पाण्डेय, दीपरंजन, शालिनी कुमारी,कार्तिक सिंह आदि ने विज्ञान विषयाध्यापक अहमद फराज और आदित्य सिंह के विषय के दिषा-निर्देशन तथा प्रीति यादव के पर्यवेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्षन किया।

# हत्या कर गले मे रस्सी बांधकर हत्यारों ने आत्महत्या का दिया रूप, पुलिस जांच में जुटी

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** पुरामुफ्ती के बमरौली गांव में एक युवक की बकरी फार्म के अंदर संदिग्धअवस्था मे लाश मिली है। सूचना पर पहुंची पुरामुफ्ती पुलिस ने लिखा पढ़ी कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार अर्सलान पुत्र मोहम्मद यासीन निवासी बमरौली शिवाला रोज की तरह कल रात 10 बजे खाना खाकर घर से थोड़ी दूर अपने बकरी फार्म पर सोने चला गया। आज सुबह 10 बजे तक जब वो घर नही आया तो परिजन बकरी फार्म गए तो देखा कि बाहर से कुंडी लगी हुई है। परिजनों ने सोचा कि अर्सलान दरवाजा बंद कर के कहीं घूमने गया होगा जब परिजनों ने दरवाजा खोला तो अंदर का दृश्य देखा तो दहाड़े मार मार कर रोने लगे। देखा कि अर्सलान की लाश जमीन पर है और उसके गले मे रस्सी बंधी हुई है। परिजनों ने इसकी सूचना थाना पुरामुफ्ती के बमरौली पुलिस चौकी पुलिस को दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। मृतक के भाई अबू सहमा ने पुलिस को तहरीर देते हुए अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है।

अबू सहमा ने बताया कि हम लोगों की जमीन को लेकर कुछ लोगों से पुरानी रंजिश चली आ रही है उन्ही लोगों ने मेरे भाई अर्सलान को मारकर फांसी का रूप देते हुए गले मे रस्सी बांध दिया है अब सवाल यहाँ ये उठता है कि मृतक अर्सलान ने अंदर फांसी लगाई तो बाहर से दरवाजा कैसे बंद था और फांसी लगाई तो लाश जमीन पर क्यों पड़ी मिली बाहर से कुंडी लगी होना और जमीन पर लाश पड़ी होना इस बात से इनकार नही किया जा सकता कि अर्सलान को किसी ने मारकर बाहर से कुंडी लगाकर फांसी का रूप देने का प्रयास किया गया है।

## महिला हेल्प डेस्क का सहायता पोस्टर लांच

**आजमगढ़।** आज महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन मुख्यालय लखनऊ के निर्देशन में प्रदेश के सभी जनपदों के प्रत्येक थाने के महिला हेल्प डेस्क पर निशुल्क विधिक सहायता संवैधानिक अधिकार का पोस्टर लांच किया जिस कड़ी में जनपद आजमगढ़ में शुभम अग्रवाल सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा थाना कोतवाली शहर में पोस्टर का अनावरण किया गया एवं उनके द्वारा सभी को बताया गया कि निशुल्क विधिक सहायता संवैधानिक अधिकार दिलाने के लिए भारत के संविधान का अनुच्छेद 39। समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को निशुल्क विधिक सहायता प्रदान करता है और सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करता है। इसके अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं से संबंधित किसी भी प्रकार के अपराध में निशुल्क विधि सहायता हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नामित विधि परामर्शदाताओं से संपर्क किया जा सकता है।

# कोरोना काल के बाद बड़ी दूरस्थ शिक्षा की लोकप्रियता- प्रो. सीमा

- मुक्त विश्वविद्यालय ने केंद्रीय विश्वविद्यालय, सागर से किया एमओयू

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने शुक्रवार को डॉक्टर हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के साथ एमओयू किया। दोनों विश्वविद्यालयों के मध्य शुक्रवार को परस्पर समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में दोनों विश्वविद्यालयों की विशेषज्ञता का लाभ छात्रों को प्राप्त होगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि आज हुए एम ओ यू से दूरस्थ शिक्षा पद्धति का लाभ मध्यप्रदेश के अंचल को भी मिल सकेगा। कम लागत में शुरू हुई लचीली दूरस्थ शिक्षा पद्धति लोगों को आकर्षित कर रही है। आज दूरस्थ शिक्षा की लोकप्रियता बढ़ गई है। कोरोना काल के बाद ऑनलाइन एजुकेशन आज की आवश्यकता बन गई है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने देश के प्रसिद्ध केंद्रीय विश्वविद्यालय डॉ हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर से परस्पर समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करके एक दूसरे के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों से शिक्षार्थियों को लाभान्वित करने का फैसला किया।

डॉक्टर हरि सिंह गौर विवि, सागर की कुलपति प्रोफेसर नीलिमा गुप्ता ने इसे उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल के आगाज के साथ अंतर्राज्यीय संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में नया कदम बताया। उन्होंने कहा कि आज हुए एमओयू से दोनों विश्वविद्यालयों के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों से छात्र अपने करियर को और सुदृढ़ करेंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार एवं डॉ हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के कुलसचिव डॉ एस पी उपाध्याय ने परस्पर सहमति पत्र एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर दोनों विश्वविद्यालयों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# आजमगढ़ में पहली बार साहित्य महोत्सव का शुभारंभ

- साहित्य समाज का दर्पण जिसे निरन्तर चमकने के लिए ऐसे महोत्सव आवश्यक: जिलाधकारी

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** जनपद में जिलाधकारी की प्रेरणा से पहली बार साहित्य महोत्सव का आगाज जिलाधकारी के दीप प्रज्वलन से हुआ।इस अवसर पर सी डी ओ,एस डी एम सदर व अन्य प्रमुख प्रशासनिक अधिकारियों के साथ महोत्सव के नोडल अधिकारी ए डी एम (वित्त एवं राजस्व) ने जिलाधिकारी के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। भवानन्द संस्कृत महाविद्यालय पुनर्जी की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत की सुंदर प्रस्तुति दी। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी ने कहा कि आजमगढ़ की भूमि साहित्य की दृष्टि से उर्वरा भूमि रही है, यहां के साहित्यकारों ने न केवल देश में बल्कि विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई है।यह आयोजन उसी साहित्यिक विरासत को नमन करने, संजोने, और उसी परम्परा को आगे बढ़ाने के लिए नवोदित साहित्यकारों को मंच देने के लिए याद किया जाएगा और यह परम्परा आगे भी जीवित रखी जायेगी। उद्घाटन सत्र में जनपद के प्रमुख साहित्यकारों और साहित्य की सेवा में रत रहने वाले लोगों को जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्मानित किया गया।

आये हुए साहित्यकारों ने फिर अपने अपने स्थान अपना परिचय प्रस्तुत किया। उद्धघाटन सत्र में पहुँचे जनपद के निवासी न्यूज24 के वरिष्ठ संवाददाता राजीव रंजन सिंह को नोडल अधिकारी ए डी एम वित्तध्राजस्व ने सम्मानित किया। राजीव रंजन ने कहा कि आजमगढ़ एक नई शुरुआत के लिए तैयार है आज के डिजिटल युग संवाद और साहित्य को जिंदा रखने के लिए ऐसे महोत्सव जनपद की ऊर्जा का स्तर बनाएं रखेंगे। कथारंग की टीम के द्वारा स्टोरी टेलिंग के माध्यम से समीचीन विषयों पर दो समसामयिक प्रस्तुतियां पेश की गई जिसके दर्शको ने खूब सराहा। नोडल अधिकारी आजाद भगत सिंह ने कहा कि सफल उद्घाटन के बाद अगले दो दिनों तक 24 और 25 फरवरी को भी महोत्सव की ऊर्जा को बनाये रखा जाएगा तथा साहित्य और समाज के सम्बंध को बनाये रखा जाएगा। कार्यक्रम का सम्मिलित संचालन वरिष्ठ रंगकर्मी सुनील दत्त विश्वकर्मा, डॉ0 प्रवेश कुमार सिंह, विजयेंद्र सिंह तथा डॉ0 मोनिका ने किया।

# कन्हैया लाल स्मृति साहित्य सम्मान समारोह आज

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** प्रयागराज का प्रतिष्ठित कन्हैयालाल स्मृति साहित्य सम्मान आज हिंदुस्तानी अकादमी में दिन में 2 बजे एक अलंकरण समारोह में प्रदान किया जाएगाद्य यह सम्मान हिन्दी विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ राजेश कुमार गर्ग को दिए जाने की घोषणा की गई। डॉ. गर्ग को यह सम्मान उनकी आलोचना कृति हिन्दी जाति और रामविलास शर्मा के लिए प्रदान किया गया है। इसके अलावा प्रो (डॉ.) मिथिलेश कुमार त्रिपाठी को यह सम्मान उनके अर्धांगिनी महाकाव्य पर दिया जा रहा है। त्रिपाठी जी की गणना समकालीन महाकवियों में की जाती हैं। आप भारतीय संस्कृति और संस्कारो के ध्वजवाहक भी है।

डॉ. कल्पना वर्मा को उनके कहानी संग्रह 'छोटे शहर की लड़की' पर दिया जा रहा है।आप 21वी सदी के कथाकारों में विशिष्ट स्थान रखती है। डॉ. शिवानी चन्द्रा भारत में पैदा हुई पली बढ़ी और शोध हेतु अमेरिका वी अन्य यूरोपीय देशों की यात्रा की। आपके उपन्यास 'मिडिल रोड'पर यह सम्मान दिया जा रहा है। आलोक नायर हिंदी रंगमंच के श्रेष्ठ नायक पटकथा लेखक और निर्देशक हैं। दक्षिण पूर्व एशिया तथा पाकिस्तान में कई कार्यक्रम कर चुके है आपको 'मैं सुभाष' नाटक पर कन्हैयालाल स्मृति साहित्य सम्मान दिया जा रहा है।

उक्त बात की जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार श्रीप्रकाश मिश्र एवं मुख्य अतिथि डॉ रामजी मिश्र होगें। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में नागरिक पीजी कालेज जघई के प्राचार्य डॉ राजीव मालवीय, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी डॉ अमित कुमार मालवीय एवं उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के जनसम्पर्क अधिकारी मनीष कुमार सिंह रहेंगे।

# अवध शिल्पग्राम लखनऊ में हुआ तृतीय अंतरराष्ट्रीय आरोग्य 2024 का शुभारंभ

**लखनऊ।** अवध शिल्पग्राम में आज से शुरू हुए चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय आरोग्य 2024 का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोणोवाल ने कहा कि भारत की पारम्परिक चिकित्सा पद्धतियों को वैश्विक मंच पर स्थापित करने के लिए भारत एक केंद्र के रूप में स्वयं को प्रमाणित कर रहा है। श्री सोणोवाल आज अवध शिल्पग्राम में शुरू हुए तृतीय अंतरराष्ट्रीय आरोग्य 2024 का बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन करने आए थे। कार्यक्रम में देश.विदेश के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एक पृथ्वी एक परिवार एक स्वास्थ्य हमारी कार्य प्रणाली है, जबकि रोक थाम उपचार और पुनर्वास एक समाज के रूप में हमें स्वस्थ रखने के स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि लोकल से वोकल और वोकल से ग्लोबल तक पारंपरिक औषधियों को विश्व स्तर पर बढ़ावा देना हमारा उद्देश्य है तथा लोगों को आयुर्वेद तथा अन्य आयुष चिकित्सा

**उद्घाटन**

**केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोणोवाल ने किया उद्घाटन**

पद्धतियों के प्रति जागरूक करने का दृष्टिकोण हम अपने साथ लेकर चल रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि 2047 तक भारत का लक्ष्य दुनिया का नंबर एक विकसित देश बनने का है। भारत देश के भीतर उपलब्ध संसाधनों को देख सकता है और विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यूएचओ ने पहले ही भारतीय क्षमताओं और संसाधनों को मान्यता दे दी है। वर्तमान में हमारे पास 170 से अधिक देश हैं जो चिकित्सा की पारंपरिक प्रणालियों का अभ्यास कर रहे हैं।

इससे पूर्व आयुष मंत्रालय भारतसरकार फिक्की वाणिज्य विभाग,



वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित अंतरराष्ट्रीय आरोग्य 2024, में अपनी बात रखते हुए डॉ मुंजपरा महेंद्रभाई , माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री आयुष और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार ने इसकार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले एक दशक से आयुषमंत्रालय ने आयुष क्षेत्र में परिवर्तनकारी पहल की है जो अपनी स्थापना के बाद से ही भारत की पारंपरिक चिकित्सा परिदृश्य को नया आकार दे रही है। आयुष मंत्रालय ने पारंपरिक दवाओं और होम्योपैथी के क्षेत्र में अनुसंधान व इनकी प्रमाणिकत स्थापित करते हेतु 24 देशों के साथ एमओयू साइन किए हैं।

वहीं 34 देशों में आयुष मंत्रालय ने 39 आयुष सूचना सेल स्थापित किए हैं। इसके अलावा 22 प्रमुख डिजिटल पहलों के साथ एक ग्रिड क्षेत्रीय स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली भी शुरू की है।

राज्यमंत्री आयुष , खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश सरकार श्री दयाशंकर मिश्र जी ने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ सुविधाएं देने के उद्देश्य से 4000 छोटे.बड़े अस्पताल उत्तरप्रदेश में बनाए गए हैं। 50 बेड के 11 अस्पताल अभी सेवाएं दे रहे हैं और ऐसे ही 14 नए अस्पताल विभिन्न जिला मुख्यालयों पर बनाए जा रहे हैं। गोरखपुर में आयुष विश्वविद्यालय बनाया जा रहा है। 19 राजकीय मेडिकल कॉलेज स्थापित हैं और 2 नए बन रहे हैं। 86 प्राइवेट मेडिकल कॉलेज , 300.400 फार्मा व नर्सिंग कॉलेज लोगों को सरल.सहज स्वास्थ सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए तत्पर हैं।

## जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट लखनऊ में 'उद्योग 5.0' पर आईआईसी 2024 राष्ट्रीय सम्मेलन



**लखनऊ।** उद्योग 5.0 से जुड़े अवसर और चुनौतियों पर प्रकाश डालने तथा उजागर करने के उद्देश्य से शुक्रवार, 23 फरवरी, 2024 को जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट लखनऊ में दो दिवसीय 18वां राष्ट्रीय आईआईसी सम्मेलन शुरू हुआ। परस्पर निर्भरता, एकीकरण और सह-निर्माण (आईआईसी) 2024 संस्करण का विषय उद्योग 5.0 अवसर और चुनौतियाँ है।

आईआईसी कांफ्रेंस का मुख्य उद्देश्य उद्योग 5.0 से जुड़े विभिन्न अवसर और चुनौतियों पर जयपुरिया लखनऊ के छात्रों को वैश्विक उद्योग विशेषज्ञो द्वारा अंतर्दृष्टि प्रदान करना, संवाद को बढ़ावा देना, नवीन समाधानों, स्थिरता के लिए अवसरों, सेवाओं में नवप्रवर्तन, उभरती प्रौद्योगिकियाँ, सतत विकास के लिए विनिर्माण का भविष्य आदि था।

कॉन्फ्रेंस के पहले दिन जयपुरिया लखनऊ के छात्रों के लिए मानव संसाधन उत्कृष्टता, वित्तीय अंतर्दृष्टि में महारत हासिल करने, और विपणन सफलता को बढ़ाने पर तीन अनूठी कार्यशालाएं आयोजित की गईं। आईआईसी सम्मेलन के माध्यम से विभिन्न अकादमिक विचारकों, उद्योग विशेषज्ञों, प्रबंधन पेशेवरों, नीति निर्माताओं और विभिन्न संगठनों, प्रसिद्ध वक्ताओं के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा।

बीएनवाई मेलन की वरिष्ठ निदेशक सुशीला कपूर 18वें आईआईसी सम्मेलन की मुख्य अतिथि थीं। श्री भास्कर रमेश, निदेशक-गूगल इंडिया, और श्री तरूण मलिक, सह-संस्थापक, ज़ैस्टैक इंटेलिज़ेंस पहले दिन के मुख्य वक्ता थे। 18वें आईआईसी सम्मेलन की मुख्य अतिथि तथा बीएनवाई मेलन की वरिष्ठ निदेशक सुशीला कपूर ने कहा मैं कुछ उद्योग प्रवृत्तियों के वित्तीय पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करूंगी जो हम वर्तमान में कुछ देशों की विश्व अर्थव्यवस्थाओं में देखते हैं। उन्होंने आधिकारिक तौर पर मंदी की घोषणा कर दी है, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका उनमें से कुछ हैं, इस साल खपत वास्तव में बढ़ गई है। हमें उम्मीद है कि अमेरिका में परिसंपत्ति दरों में कमी लाई जाएगी। इसलिए, अधिकांश बैंक अधिक ध्यान केंद्रित करेंगे और अपनी शुल्क-आधारित परीक्षा बढ़ाएंगे क्योंकि यह पिछले वर्षों की तुलना में अधिक होने की संभावना नहीं है।

## हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन बाजार में बिकवाली

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सुबह से बाजार हरे और लाल निशान के बीच झूलता दिखा। आखिरकार सेंसेक्स 15.44 (0.02%) अंकों की गिरावट के साथ 73,142.80 पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 4.75 (0.02%) अंक नीचे 22,212.70 के स्तर पर बंद हुआ। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार उतार-चढ़ाव के बाद गिरावट के साथ बंद हुआ। शुक्रवार को सुबह से बाजार हरे और लाल निशान के बीच झूलता दिखा। आखिरकार सेंसेक्स 15.44 (0.02%) अंकों की गिरावट के साथ 73,142.80 पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 4.75 (0.02%) अंक नीचे 22,212.70 के स्तर पर बंद हुआ। शुक्रवार के कारोबारी सेशन के दौरान यस बैंक और एचएफसीएल के शेयर चार-चार प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 9 पैसे गिरकर 82.94 (अस्थाई) पर बंद हुआ। बंबई शेयर बाजार में शुक्रवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में बेंचमार्क इंडेक्स बढ़त के साथ खुले, लेकिन बाद में निवेशकों की ओर से की गई मुनाफावसूली के कारण फिसल गए। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 73,413.93 से 73,022 अंक के दायरे में रहा। वहीं 50 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक एनएसई निफ्टी कारोबार के दौरान 22,297.50 अंक की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा। सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएलटेक, एशियन पेंट्स, मारुति, जेएसडब्ल्यू स्टील, टीसीएस, एसबीआई, आईटीसी और भारती एयरटेल के शेयर नुकसान में रहे। दूसरी ओर, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, एलएंडटी और विप्रो प्रमुख लाभ में थे। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर कारोबार के दौरान करीब एक प्रतिशत चढ़कर 52 सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंच गया। कंपनी की इकाई रिलायंस जियो फाइनेंशियल सर्विसेज का शेयर 14.5 प्रतिशत से अधिक चढ़कर एक साल के उच्च स्तर पर पहुंच गया।

## सेंटर फॉर नॉलेज सॉवेरेनिटी (सीकेएस) और एसरी इंडिया ने एमएमजीईआईएस प्रोग्राम के पायलट चरण में प्रवेश किया

**बेंगलूरू।** सेंटर फॉर नॉलेज सॉवेरेनिटी (सीकेएस) और एसरी इंडिया ने मास्टर मेंटर्स जियो-एनेब्लिंग इंडियन स्कॉलर्स (एमएमजीईआईएस) प्रोग्राम शुरू करने की आज घोषणा की। इसरो के पूर्व चेयरपर्सन ए.एस. किरण कुमार ने भारतीय मौसम विभाग के पूर्व महानिदेशक डाक्टर के.जे. रमेश, भारत के पूर्व महासर्वेक्षक लेफ्टिनेंट जनरल गिरीश कुमार, सीकेएस के सचिव श्री विनीत गोयनका और एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक अगेन्द्र कुमार के साथ मीडिया को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। इस कार्यक्रम के पायलट चरण में देशभर से 1000 विद्यार्थी शामिल होंगे। एमएमजीईआईएस एक ऑनलाइन प्रोग्राम है जिसका लक्ष्य जियोस्पैटियल सोच पैदा करना और आठवीं कक्षा से लेकर स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को अनुसंधान उन्मुखी बनाना है जो इस देश के भावी कार्यबल का हिस्सा बनेंगे। इस प्रोग्राम का उद्देश्य अगले पांच वर्षों में पांच लाख तक विद्यार्थियों को इस कार्य में लगाना है। वर्ष 2022



में भारत से 66,400 पेटेंट के आवेदन किए गए जिसमें 140 जियोस्पैटियल पेटेंट के आवेदन शामिल हैं। यह प्रोग्राम एक मजबूत आईपी रूपरेखा तैयार करने की दिशा में काम करेगा जिससे भारत के एक वैश्विक जियोस्पैटियल इन्नोवेशन हब बनने की दिशा में इसकी यात्रा में और अधिक पेटेंट के लिए आवेदन किया जा सके। इस प्रोग्राम को शुरू करने के साथ दोनों संगठनो ने भारत में जियोस्पैटियल क्षेत्र में बौद्धिक संपदा के सृजन में तेजी लाने के लिए विद्यार्थियों के बीच जियोस्पैटियल सोच को बढ़ावा देने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धताओं को आकार दिया है। एमएमजीईआईएस प्रोग्राम के लिए जमीनी कार्य करने की दिशा में कई गतिविधियां की गई हैं। कुछ उल्लेखनीय गतिविधियों में 11 दिसंबर, 2023 को दिल्ली में उद्योग जगत के लोगों के साथ एक गोलमेज चर्चा, 10 शहरों से 42 विद्यार्थियों को 13 दिसंबर, 2023 को बेंगलूरू में इसरो टेलीमेट्री ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क (आइस्ट्रैक) केंद्र का भ्रमण कराना और 10 जनवरी, 2024 को दिल्ली में एमएमजीईआईएस वेबसाइट की लांचिंग शामिल है। आवश्यक जमीनी कार्य पूरा होने के साथ एमएमजीईआईएस प्रोग्राम अब अपने पायलट चरण में प्रवेश कर रहा है। इस पायलट प्रोग्राम को शुरुआत में चुनिंदा स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में प्रारंभ किया जाएगा और इस वर्ष जून से इसे व्यापक स्तर पर चलाने की योजना है। एमएमजीईआईएस की टीम विद्यार्थियों के लिए एक परिवर्तनकारी सीखने का अनुभव उपलब्ध कराने और उन्हें मौजूदा डिजिटल युग में अवसरों के लिए तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। मीडिया को संबोधित करते हुए अंतरिक्ष आयोग के सदस्य और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व चेयरमैन श्री ए.एस. किरण कुमार ने कहा, मानव प्रयासों के सभी पहलुओं को समाहित करते हुए तेजी से बढ़ रही जियोस्पैटियल टेक्नोलॉजी को समझने और उसका उपयोग करने के टूल्स और ज्ञान के साथ जिज्ञासू युवा भारतीय मस्तिष्क को समर्थ और सशक्त करना महत्वपूर्ण है।

## एक्सिकॉम टेली-सिस्टम्स लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम 27 फरवरी, को खुलेगा



**नई दिल्ली।** एक्सिकॉम टेली-सिस्टम्स लिमिटेड ('ईटीएसएल' या 'कंपनी'), इक्विटी शेयरों की अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के संबंध में मंगलवार, 27 फरवरी, 2024 को अपनी बिडिंग/ऑफर की शुरुआत करेगी।

कुल ऑफर आकार में 3,290 मिलियन (329 करोड़), (फ्रेश इश्यू) तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू और 7,042,200 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री की पेशकश शामिल है ('बिक्री के लिए प्रस्ताव'), (एक साथ, 'द टोटल इश्यू साइज')। ऑफर का प्राइस बैंड 135 से 142 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 100 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 100 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। एंकर निवेशक बोली की तारीख सोमवार, 26 फरवरी, 2024 होगी। बिडिंग/ऑफर सदस्यता के लिए मंगलवार, 27 फरवरी, 2024 को खुलेंगे और गुरुवार, 29 फरवरी, 2024 को बंद होंगे (बोली/प्रस्ताव अवधि)। मोनार्क नेटवर्थ कैपिटल लिमिटेड, यूनिस्टोन कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड और सिस्टमैटिक्स कॉरपोरेट सर्विसेज लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

## खतरों के खिलाड़ी का एक्सटेंडेड वर्जन हैं विद्युत जामवंत की क्रैक



**नई दिल्ली।** विद्युत जामवाल, अर्जुन रामपाल, नोरा फतेह और एमी जैक्सन स्टारर फिल्म क्रैक एक अच्छा टाइम पास है, फिल्म एक्शन के लिहाज से अच्छी और स्टोरी के हिसाब एवरेज है कहने को फिल्म मल्टी स्टारर है पर फिल्म पूरी तरह विद्युत जामवाल एक कंधे पर टिकी है और वही इस फिल्म को आखिरी तक लेके भी जाते हैं एक्शन फिल्मों के शौकीन हैं तो यह फिल्म आपके लिए है. विद्युत के द्वारा किए गए एक्शन में उनकी मेहनत दिखती है और असल में फिल्म की जान उनका एक्शन ही है. अर्जुन रामपाल विलेन के किरदार में ठीक ठाक से ही लगें हैं। फिल्म में कई एक्शन सीन काफी अच्छे हैं, जैसे फिल्म के एंड में साइकिल के कुछ सीन फिल्म के पहले हाफ में विलेन के गुंडों से विद्युत की फाइट, हालांकि आप पहले भी विद्युत की फिल्मों में ये देख चुके हैं फिर भी वो सीन आपको नए लगते हैं। बाते करें फिल्म की कहानी की तो न न घबराएं बिलकुल नहीं फिल्म में कहानी भी है बहुत अच्छी नहीं पर है तो सही, कहानी है दो भाइयों की जिन्हें खतरों के खिलाड़ी बनने का शौक होता है. और यही शौक उन्हे ले जाता है वर्चुअल गेमिंग 'Maidaan' में जहां होते हैं खतरनाक स्टंट वाले गेम, जहां जो जीतता है वो जीता है और इस हार जीत के खेल में विद्युत का बड़ा भाई पहले ही अपनी जान गंवा चुका है अब विद्युत का एक ही लक्ष्य है अपने भाई का और अपना सपना पूरा करना जिसके लिए सिद्धू यानी विद्युत जामवाल Maidaan में अपनी किस्मत को आजमाने निकाल जाता है। Maidaan का राजा है अर्जुन रामपाल हालांकि उसके ऊपर भी कोई है वो कौन है क्या विद्युत जामवाल मैदान मार पाएगा, कैसे वो सारे गेम जीतता और उस बीच क्या क्या होता है और एक महत्वपूर्ण बात क्या अर्जुन का भाई गेम के चलते मारा या जानबूझ के मारा गया इन सब चीजों को जानने के लिए आपको फिल्म देखनी पड़ेगी। एमी जैकसन पुलिस के किरदार में ठीक हो ठाक लगी हैं उनके पास करने को कुछ खास था भी नही नोरा फतेही का किरदार सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर का है जो पब्लिक को इन्फ्लुएंस नही कर पता है। अगर जनता नोरा को हाय गर्मी के अंदाज में देखने के मकसद से थियेटर में गई है तो निराशा ही हाथ लगेगी। फिल्म की बात करें तो फिल्म इतनी भी बुरी नही है, कहीं भी आपको बोर नहीं करती है। बस कुछ नया नही मिलेगा। एक्शन लवर को फिल्म पसंद आएगी। एक बार तो देखी जा सकती है।

## बादाम खाने से एक्सरसाइज के बाद मसल रिकवरी तेजी से होती है



**कानपुर।** नए अध्ययन से सामने आया है कि बादाम खाने से एक्सरसाइज करने के बाद मांसपेशियों के होने वाले दर्द में कमी आती है , जिससे वर्टिकल जंप (हवा की दिशा में ऊपर कूदना) जैसी एक्सरसाइज में मांसपेशियों की परफॉर्मेंस और बेहतर होती है। यह नतीजे पिछली रिसर्च का विस्तार है, जिसमें दिखाया गया था कि एक्सरसाइज के बाद बादाम किस तरह मांसपेशियों में होने वाले दर्द को कम कर प्रभाव डालते हैं। आमंड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया द्वारा वित्त पोषित और फंटियर्स इन न्यूट्रिशन में प्रकाशित नई रिसर्च स्टडी में पाया गया कि लंबाई के हिसाब से वजन में थोड़े ज्यादा मध्य आयु के 25 पुरुषों और महिलाओं का आठ हफ्ते तक रोजाना 57 ग्राम (दो औंस) कच्चे और साबुत बादाम रोज खाने के लिए देने के बाद बाद 30 मिनट का डाउन हिल ट्रेडमिल टेस्ट किया गया। नियंत्रण समूह ने उसी कैलोरी (86 ग्राम, तीन आउंस) के मीठे और कुरकुरे बिस्कुट का नाश्ता किया। यह ट्रेड मिल टेस्ट यह देखने के लिए डिजाइन किया गया था कि एक्सरसाइज के बाद मांसपेशियों में होने वाले दर्द और थकान को बादाम से किस हद तक कम किया जा सकता है। दिल्ली के मैक्स हेल्थ केयर हॉस्पिटल में डाइटेटिक्स की रीजनल हेड रितिका समद्दर ने कहा, ÷इन सालों में मैं अपने मरीजों को लगातार रोजाना बादाम खाने की सलाह देती हूं। आमंड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया की ओर से वित्त पोषित अध्ययन से यह सुझाव मिलता है कि अपने रोज के भोजन में मेवों का पावर हाउस समाने जाने वाले बादाम को शामिल करना बहुत जरूरी है।

## भारत में नवाचार के चुनौतियों और अवसरों पर 7वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का अंबालिका इंस्टीट्यूट में हुआ भव्य शुभारंभ

**नई दिल्ली।** भारत में नवाचार के चुनौतियों और अवसरों पर 7वीं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का पहला दिन आज यानी 23.02.2024 को प्रारंभ हुआ जिसमें वैश्विक नेताओं, प्रमुख शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं का एक सम्मानित समूह, आईआईटी, एनआईटी, जेएनयू नई दिल्ली, बीएचयू वाराणसी, चेक गणराज्य के ब्र्नो के मेंडल विश्वविद्यालय और कई अन्य प्रतिष्ठित शैक्षिक और शोध संगठनों से, लखनऊ में स्थित अंबालिका प्रबंधन और प्रौद्योगिकी संस्थान में संचारित हुआ। इस आयोजन में सभी गणमान्य अतिथियों का भव्य स्वागत और कार्यकारी निदेशक अंबिका मिश्रा का प्रेरणादायक भाषण के साथ आयोजन आरंभ हुआ। उन्होंने नई शिक्षा नीति के महत्व पर जोर दिया, उन्होंने कहा कि हम सभी को एक मजबूत और समानाधिकारी शिक्षा प्रणाली के निर्माण की दिशा में काम करना चाहिए जो हर व्यक्ति को उनकी पूरी क्षमता को समझने और हमारे राष्ट्र की प्रगति में सार्थक योगदान देने की क्षमता



प्रदान करती है। उन्होंने अंबालिका समूह के अध्यक्ष श्री बी0 सी0 मिश्रा जी, सम्मानीय स्वर्गीय रमा मिश्रा और उनकी पत्नी श्रीमती आराधना मिश्रा, एम.एल.ए. रामपुर खास, ने अजेय समर्थन और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया, जिनका महत्वपूर्ण भूमिका अंबालिका समूह को भारत के प्रमुख और शीर्ष-स्थानीय संस्थानों में से एक बनाने में निभाया है। मुख्य अतिथि प्रो. जे पी पांडेय, कुलपति, एकेटीयू ने अपने भाषण में अभिनवता के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि हमें सभी को मूल स्तर पर नईता को प्रोत्साहित करना चाहिए, किसानों और आम व्यक्तियों से लेकर छात्रों तक, प्रगति और जीवन की गुणवत्ता में संतुलन बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने संस्थान की स्टार्टअप और इंक्यूबेशन सेल की भी सराहना की।

मुख्य अतिथि नम्रता पाठक, पत्नी ब्रजेश पाठक उप मुख्यमंत्री, उप्र, एक सामाजिक कार्यकर्ता और यूपी महिला आयोग के पूर्व सदस्य, ने अपने वैचारिक व्याख्यानों में कहा कि स्थानीय स्तर पर नवाचार को प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है जबकि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी पोषण और संरक्षित रखना महत्वपूर्ण है।

## थिंकिंक पिक्चर्स लिमिटेड की बोनस इश्यू और स्टॉक स्प्लिट के लिए बैठक 1 मार्च को

**मुंबई।** वैश्विक मनोरंजन उद्योग में अग्रणी मुंबई आधारित कंपनी थिंकिंक पिक्चर्ज़ लिमिटेड बोनस इश्यू और स्टॉक स्प्लिट पर विचार कर रहा है। विनियामक अनुमोदन और शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन बोनस शेयरों और स्टॉक विभाजन पर विचार करने और मंजूरी देने के लिए कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक शुक्रवार, 1 मार्च 2024 को होने जा रही है। मौजूदा शेयरधारकों को फायदा देने के अलावा, बोनस और स्टॉक विभाजन से कंपनी के शेयर में लिक्विडिटी बढ़ेगी। कंपनी के मजबूत वित्तीय प्रदर्शन और शेयरधारकों को लाभ देने की प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, कंपनी 1 मार्च,2024 को होने वाली बोर्ड मीटिंग में कंपनी प्रति शेयर 3 रुपए तक का लाभांश देने पर भी विचार करेगी। 1 मार्च, 2024 को कंपनी का निदेशक मंडल मौजूदा शेयरधारकों को बोनस इश्यू के अनुपात के साथ-साथ कंपनी के इक्विटी शेयरों के 5 रुपए फेसवैल्यू रुपये के उप-विभाजन पर भी विचार करेगा, जो कि संबंधित नियामक अनुमोदन के अधीन है। इस संबंध में थिंकिंक पिक्चर्ज़ लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक श्री विमल कुमार लाहोटी ने कहा कि, कंपनी मनोरंजन उद्योग में एक उल्लेखनीय परिवर्तन के शिखर पर खड़ी है। हमें अपने सभी हितधारकों को यह सूचित करते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि कंपनी अपने दीर्घकालिक विकास रोडमैप पर अच्छी प्रगति कर रही है और उत्कृष्ट परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन दर्ज कर रही है। शेयरधारकों को लाभ देने की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए कंपनी बोनस जारी करने पर विचार कर रही है। मौजूदा शेयरधारकों को उनके निरंतर समर्थन के लिए पुरस्कृत करने और कंपनी के इक्विटी आधार को बढ़ाने के अलावा, बोनस और स्टॉक विभाजन से कंपनी के शेयर में तरलता बढ़ेगी।

## इंडियाडॉटकॉम डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड ने द हेल्थसाइट.कॉम समिट की वापसी की घोषणा की

**लखनऊ।** इंडियाडॉटकॉम डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड ने द हेल्थसाइट.कॉम शिखर सम्मेलन की वापसी की घोषणा की जो कि निर्धारित है 24 फरवरी 2024। इस वर्ष का शिखर सम्मेलन हैशटैग आयुष्मान इंडिया सभी के लिए सुलभ स्वास्थ्य देखभाल की थीम पर चर्चा करेगा जिसका लक्ष्य एकजुट करना है। भारत में एक लचीला और समावेशी स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की दिशा में हितधारक। नीति निर्माताओं, स्वास्थ्य देखभाल हितधारकों और रोगियों के बीच अंतर को पाटने के मिशन के साथ, शिखर सम्मेलन उपलब्ध स्वास्थ्य देखभाल संसाधनों और लागत प्रभावी हस्तक्षेपों की गहरी समझ को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। यह भारत को आधुनिक और पारंपरिक स्वास्थ्य देखभाल प्रथाओं दोनों में एक वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने का भी प्रयास करता है।

शिखर सम्मेलन के मुख्य सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. के श्रीनाथ रेड्डी शामिल होंगे, वह एचआईवीध्एड्स के योगदान, पीएचएफआई की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे। थिंक टैंक, और स्वास्थ्य देखभाल में विकलांगता-समावेशी विकास के लिए अनिवार्यता।

सम्मानित अतिथि के रूप में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आर वी अशोकन स्वास्थ्य सेवा को सभी के लिए सुलभ बनाने के बारे में अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा करेंगे। इसके अतिरिक्त, शिखर सम्मेलन में डॉ. राजीव गोस्वामी, डॉ. शफीक अहमद, डॉ. तपस्वनी प्रधान, डॉ. सुनील कोहली और डॉ. राहुल चंडोक सहित प्रतिष्ठित स्वास्थ्य पेशेवरों पर प्रकाश डाला जाएगा, जो स्वास्थ्य देखभाल में एआई, स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे के महत्व और महिलाओं पर अंतर्दृष्टि साझा करेंगे।

आगामी स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन के मुख्य फोकस पर प्रकाश डालते हुए इंडियाडॉटकॉम डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड के प्रवक्ता ने कहा दहेल्थसाइट.कॉम शिखर सम्मेलन 2024 के माध्यम से हमारा उद्देश्य दृढ़ है भारत के स्वास्थ्य सेवा प्रतिमान में एक गहरा बदलाव लाना गतिशील संवाद और रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से हम आगे बढ़ते हैं हैशटैगआयुष्मानइंडिया के महत्वपूर्ण लक्ष्यों की प्राप्ति। बनाई गई प्रत्येक साझेदारी और विचारों का आदान-प्रदान सार्वजनिक स्वास्थ्य में प्रगति और समृद्धि की एक स्थायी विरासत छोड़ने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। सुलभ स्वास्थ्य देखभाल की वकालत करते हुए, हम दहेल्थसाइट.कॉम शिखर सम्मेलन 2024 को एकता, सशक्तीकरण के लिए एक मंच के रूप में प्रस्तुत करते हैं। व्यक्तियों और समुदायों को अनुकरणीय स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त होंगी।

आगामी आभासी शिखर सम्मेलन तीन रणनीतिक चर्चा सत्रों पर प्रकाश डालते हुए बातचीत को आगे बढ़ाने और प्रगति को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में खड़ा है। ये सत्र भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा करेंगे, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का एकीकरण, स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण और महिलाओं की स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं का सटीक समाधान शामिल होगा। संवाद और कार्रवाई योग्य समाधान विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध, दहेल्थसाइट.कॉम हेल्थ समिट 2024 एक लचीला और समावेशी स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के सामान्य उद्देश्य के लिए हितधारकों को प्रेरित करने का प्रयास करता है। ठोस बातचीत और ठोस परिणामों के माध्यम से, शिखर सम्मेलन भारत के स्वास्थ्य सेवा प्रक्षेप पथ को बेहतर दक्षता और समानता की दिशा में आकार देने में सहयोगात्मक भागीदारी की क्षमता का प्रतीक है।

## दुबई ने भारतीय पर्यटकों के लिए पांच साल के मल्टीपल एंट्री वीज़ा की घोषणा की



**दुबई।** हाल ही में दुबई डिपार्टमेन्ट ऑफ इकोनोमी एण्ड टूरिज़्म (डीईटी) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक जनवरी से दिसम्बर 2023 के बीच भारत से 2.46 मिलियन ओवरनाईट पर्यटक दुबई पहुंचे। 2022 में यह आंकड़ा 1.84 मिलियन था और महामारी से पहले 2019 में 1.97 मिलियन पर्यटक दुबई गए थे। इस तरह महामारी से पहले की तुलना में भारत से दुबई जाने वाले पर्यटकों की संख्या में 25 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। 34 फीसदी सालाना बढ़ोतरी के साथ भारत से सबसे ज़्यादा अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटक इसी एक मार्केट की तरफ जा रहे हैं। भारतीय पर्यटकों की बढ़ती संख्या ने 2023 में दुबई के रिकॉर्ड तोड़ पर्यटन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

बदेर अली हबीब, रीजनल हैड, प्रोक्सिमिटी मार्केट्स, दुबई डिपार्टमेन्ट ऑफ इकोनोमी एण्ड टूरिज़्म ने कहा, ''दुबई भारत के साथ दीर्घकालिक रिश्तों को महत्व देता है और 2023 में भारत से दुबई आने वाले पर्यटकों की संख्या ज़बरदस्त रही, जिसने हमारे पर्यटन सेक्टर के रिकॉर्ड तोड़ परफोर्मेन्स में योगदान दिया। पांच साल का मल्टीपल एंट्री वीज़ा भारत के साथ हमारे मौजूदा संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि न सिर्फ भारतीय पर्यटकों को बेजोड़ अनुभव प्रदान करेगी बल्कि आर्थिक साझेदारियों को बढ़ावा देने के लिए भी महत्वपूर्ण मंच की भूमिका निभाएगी।

# संदेहास्पद परिस्थितियों 50 वर्षीय व्यक्ति की मुंबई में हुई मौत

अवधनामा संवाददाता



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र के ग्राम घोड़ादेउर के टोला लक्षीराय निवासी एक 50 वर्षीय व्यक्ति संदेहास्पद परिस्थितियों में मुम्बई में मौत हो गई। प्राप्त सूचना के मुताबिक बिहारी पुत्र राम लखन 50 वर्षीय निवासी लक्षीराय की संदेहास्पद परिस्थितियों में मुंबई में मौत हो गई।बताया जाता है कि बिहारी लाल अपने परिवार की जीविका चलाने के लिए मुंबई में काम करने के लिए विगत पांच माह पूर्व गया था तथा वहां हीरानंदनी आईटीआई मार्केट के पास रहकर पेंट पॉलिश का काम करता था। तीन दिनों से वह काम पर नहीं गया था और अपने कमरे में ही था आसपास के रहने वाले लोगों को संदेह हुआ तो किसी ने इसकी सूचना मुंबई पुलिस को दिया इसके बाद पुलिस उसके कमरे पर आई और फाटक खोलकर देखा तो वह मृत अवस्था में पड़ा हुआ था महाराष्ट्र पुलिस ने उसके शव को कब्ज में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर इस परिजनों को दिया। शुक्रवार को परिजन मुंबई में ही दाह संस्कार करने के लिए घर से मुंबई रवाना हुए। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के तीन पुत्र हैं। पत्नी और बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल था।

# अंतर्जनपदीय चोरी व नकबजनी करने वाले गैंग के पांच सदस्य दबोचे गए

## अभियुक्तों में चार देवरिया व एक कुशीनगर सुकरौली के है निवासी

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र में हुई विभिन्न चोरी व नकबजनी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया। चोरी की घटना में शामिल पांच अंतर्जनपदीय चोरों को पुलिस दबोचने में कामयाब रही। इन अभियुक्तों के पास से चोरी की नगद डेढ़ लाख रुपए व अन्य सामान बरामद की है जिसकी कीमत 14 लाख रुपए है।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान एडिशनल एसपी अभिनव त्यागी ने बताया कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र में पिछले दिनों कई जगहों पर चोरी किया गया था जिसमें पुलिस मुकदमा दर्ज कर खुलासा करने में जुटी थी। इसी बीच जरिए मुखबिर की सूचना पर रेलवे ढाला कप्तानगंज के पास से प्र.नि. राज प्रकाश सिंह हाटा, प्र.नि. मनोज कुमार पन्त प्रभारी साइबर व थानाध्यक्ष कप्तानगंज राजकुमार बरवार की संयुक्त टीम द्वारा मौके से पहुंच गए और घेराबंदी कर घटना में शामिल संदीप कुशवाहा पुत्र भरत कुशवाहा ग्राम कोटवां बसावन टोला थाना महुआडीह जनपद देवरिया, संतोष कुमार शर्मा पुत्र शिवशंकर शर्मा ग्राम मुंडेरा चन्द्र पो. हेतिमपुर थाना महुआडीह जनपद देवरिया, अजीत कुमार यादव पुत्र रामनिवास यादव ग्राम नौतन डीहा थाना महुआडीह जनपद देवरिया, करन कुमार भारती पुत्र संतोष कुमार भारती ग्राम न.पं. सुकरौली थाना को. हाटा जनपद कुशीनगर व सुजीत कुमार पासवान पुत्र बद्री पासवान निवासी मोहनपट्टी नौतन हथियागढ़ थाना महुआडीह जनपद देवरिया को गिरफ्तार उनके पास से मुकदमा उपरोक्त में चोरी गए नगद रूपया एक लाख 50 हजार नगद व चोरी के आभूषण पीली धातु 148.6 ग्राम कीमती लगभग 9 लाख 50 हजार रूपये व सफेद धातु के आभूषण कुल 555 ग्राम कीमती लगभग 40 हजार रूपये दो लैपटाप, दो एटीएम कार्ड भिन्न भिन्न बैंको के,1 राशन कार्ड, एक बैंक पासबुक गोरखपुर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, एक पैन कार्ड, एक आधार कार्ड, गृह भेद हेतु एक दर्जन उपकरण व चोरी के अपराध में अभियुक्तगणों द्वारा प्रयुक्त पांच मोबाइल भिन्न भिन्न कम्पनी के व अपराध में प्रयुक्त दो बाइक बरामद की गई है। पुलिस पांचों अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाई करते हुए जेल भेज दिया। एडिशनल एसपी ने बताया कि अभियुक्तों के विरुद्ध विभिन्न थाना क्षेत्रों में मुकदमा दर्ज है।

# भागवत श्रवण से ही हुई परीक्षित को मोक्ष प्राप्ति

अवधनामा संवाददाता



**भेटुआ (अमेठी)।** क्षेत्र के घटमापुर गंगहुआ गांव में चल रही श्रीमद भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास ने प्रभु श्री कृष्ण तथा सुदामा मिलन का बड़ा ही मार्मिक दृश्य कथा के रूप में प्रस्तुत किया। दूर दराज से आए श्रद्धालु कथा सुनकर भाव विभोर हो गए। अयोध्या से पधारे कथा व्यास डॉ रोहित शरण महाराज ने भागवत का महात्म्य सुनाते हुए कहा कि भागवत श्रवण करने से राजा परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई। इसके श्रवण से जीवन की सारी व्यथा और कष्ट दूर हो जाते हैं। यह श्रीमद् भागवत कथा देवताओं को भी दुर्लभ है। कथा व्यास ने कहा कि धर्म का आधार बहुत मजबूत है जब जब धर्म की हानि होती है प्रभु धर्म की रक्षा के लिए स्वयं अवतार लेते हैं और धर्म विनाशक शक्तियों को जड़ से मिटा देते हैं। श्रीमद भागवत कथा हमे ये प्रेरणा देती है कि हम धर्म और न्याय के मार्ग पर ही चले। कथा सुनने मात्र से बड़े बड़े पाप मिट जाते हैं और मनुष्य के लिए मोक्ष का मार्ग खुल जाता है। कथा में राष्ट्रीय संगीत कलाकार जिन्होंने श्री स्वामी परमहंस जी महराज के लिए पहला गीत गाया दुखियो के दुख दर्द मिटाते करते सब के काज स्वामी परमहंस महराज से लोगो के दिलों पर राज करने वाले पंडित जितेंद्र कुमार के भजन को सुनकर लोग भाव विभोर हो गए। कथा के मुख्य यजमान देवता दयाल पाण्डेय ने श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राघवेंद्र पाण्डेय कृपा शंकर पांडे माधव प्रसाद पांडेय पवन शेर बहादुर सिंह बृजेश पाण्डेय अजीत सिंह ऋषि राम पाठक राम अचल आचार्य सुभम पाण्डेय संतोष दिनेश डॉ घनश्याम दिवेदी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# पोखर भिंडा नहर से 65 वर्षीय महिला की लाश बरामद



अवधनामा संवाददाता

**बोदरवार, कप्तानगंज।** थाना क्षेत्र के चौरी टोला के समीप पोखर भिंडा नहर में एक 65 वर्षीय अज्ञात महिला का पुलिस ने शव बरामद किया है । पुलिस ने आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल कुशीनगर भेज दिया है। शुक्रवार शाम 4 बजे के करीब ग्रामीणों की सूचना पर बड़हरा चौरी टोला के समीप पोखर भिण्डा नहर में शव मिलने की सूचना पर मय फोर्स बोदरवार चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह पहुंचे।

चौकी प्रभारी ने पुल के पास पानी में तैर रहे 65 वर्षीय अज्ञात महिला के शव को पानी से बाहर निकलवाया। फोरेंसिस टीम ने महिला के शव से रक्त मज्जा को लेकर फोरेंसिस जांच के लिए भेजा। पुलिस ने शाम 6 बजे तक महिला का शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन महिला की पहचान नहीं हो सकी।

महिला मटमैला पेटीकोट व लाल रंग फुल तथा हरे रंग का हाफ दो ब्लाउज पहने हुए हैं। बोदरवार चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया महिला के शरीर पर चोट का निशान नहीं दिख रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। इस दौरान बड़हरा प्रधान प्रतिनिधि शिवाजी सिंह राहुल कुमार अमरनाथ यादव कांस्टेबल आशीष कुमार यादव तथा महिला कांस्टेबल प्रीति शाह आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे हैं।

## नहीं रहे हरिमूर्ति सिंह क्षेत्र में शोक की लहर

**अमेठी।** भारतीय संस्कृति के मूल्यों की रक्षा और खेल प्रतिभाओं के विकास के लिए जीवन भर समर्पित और जनसंघ और राष्ट्रीय स्वयंसेवक के वरिष्ठ कार्यकर्ता हरिमूर्ति सिंह का 70 वर्ष की आयु में शुक्रवार की सुबह हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे पिछले कुछ महीने वे सांस की बीमारी से परेशान थे। हरिमूर्ति सिंह ऐसे व्यक्तित्व थे जो परिवार के कार्यो की बजाय हमेशा सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पित रहे। कम्पोजिट विद्यालय भादर-1 विद्यालय परिवार से उनका लगाव जीवन भर बना रहा। स्कूल के बच्चों को खेलकूद सिखाना कक्षाओं में जाकर पढ़ाना उनके स्वभाव में शामिल था। घोरहा खेल मैदान को ग्रामीण मिनी स्टेडियम के रूप में स्थापित करने और उसके विकास में उनका सबसे बड़ा योगदान रहा है। घोरहा में दिवंगत हरिमूर्ति सिंह के पैतृक निवास पर शोक संवेदना और अंतिम दर्शन को लोगों के आने जाने का क्रम शुक्रवार को देर शाम तक बना रहा। पंचायत प्रतिनिधियों अधिकारियों शिक्षकों और खिलाड़ियों के साथ भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनके अंतिम दर्शन किए।

# डीएम की अध्यक्षता में डीसीसी एवं डीएलआरसी की त्रैमासिक बैठक आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की दिसंबर-2023 की त्रैमासिक बैठक विकास भवन के गांधी सभागार में आयोजित की गयी। इस बैठक में जनपद का ऋण जमानुपात बढ़ाने एवं शासकीय योजनाओं की प्रगति की बैंकवार समीक्षा की गयी। सितम्बर-2023 तिमाही में जनपद का ऋण जमानुपात रेसियों 38.31 प्रतिशत थी, जो दिसंबर तिमाही में बढ़कर 40.50 प्रतिशत हो गया। डीएम ने इसे बढाकर 60 प्रतिशत तक करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वीकृत लोन के सापेक्ष वितरित लोन का ब्यौरा भी तलब किया। कहा कि लोन को स्वीकृत करने के उपरांत अकारण लंबित न रखा जाए। उसका ससमय वितरण आवेदक को किया जाए। इससे उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। डीएम ने कहा कि जनपद में कृषि एवं सहवर्ती क्षेत्रों से जुड़ी गतिविधियों में उदार लोन दिया जाए। इससे जनपद की अर्थव्यवस्था को नयी दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड का लोन समय से जमा करने एवं इसके लाभ से अवगत कराया जाए। ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाली कृषि गोष्ठियों में किसानों को जागरूक किया जाए। सितंबर से दिसंबर की तिमाही में एजुकेशनल लोन के 928 करोड़ रुपये के वार्षिक सापेक्ष 475 करोड़ रुपये, लघु एवं मध्यम उद्यमों को 81081.50 लाख रुपये के वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष 108359 लाख रुपये तथा 4473 लाख रुपये के वार्षिक हाउसिंग लोन के सापेक्ष 3576 लाख रुपये का लोन डिसबर्स किया जा चुका है। डीएम ने जिला अग्रणी प्रबंधक अरुणेश कुमार को प्रत्येक 5 किमी के दायरे में एक बैंक शाखा की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बीसी सखी, बैंकिंग सखी सहित डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा दिया जाए। वित्तीय साक्षरता एवं वित्तीय समावेशन के लिए विशेष सत्र आयोजित कर लोगों को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। जिलाधिकारी ने पीएम किसान सम्मान निधि के समस्त लाभार्थियों को किसान क्रेडिट कार्ड से जोड़ने के लिए चल रहे घर-घर केसीसी अभियान की गति को तेज करने का निर्देश दिया।

# भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ा अमृत सरोवर पोखरा साथीपार



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** सहजनवा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत साथिपार में बने अमृत सरोवर पोखरा भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ा हुआ है। देखने से खूब रंग रोगन किया गया है। लेकिन स्थलीय जांच करने के बाद ही सच्चाई की पोल खुलेगी।

अमृत सरोवर पोखरा विकसित करने के लिए करीब 27.80 लाख रूपये का प्राक्कलन तैयार किया गया था। जिसमे 21. 20 लाख रुपए की निकासी किस कदर की गई है। जिसका कोई जबाब नही। वही मजदूरी के नाम 6. 67 लाख रुपए भुगतान कराया गया है। वही इंटर लॉकिंग में प्रयोग किया गया सीमेंट का घटिया किस्म का लगा है।

पोखरे के चारो तरफ घटिया किस्म का लोहे की पट्टी लगाकर इतिश्री कराया गया है। जल संरक्षण के लिए कही भी पुलिया का निर्माण नहीं कराया गया है। जांच के बाद ही धांधली की पोल खुल पाएगी।

## चौकी इंचार्ज पर पिटाई का लगाया आरोप

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना क्षेत्र के के गीडा सेक्टर 13 में 6 फरवरी को शैलेंद्र सिंह निवासी कालेसर को रात्रि में 9 बजे के करीब बाइक सवार तीन बदमाशो ने असलहा सटा कर 80 कीपैड मोबाइल और 20 हजार रुपया लूट कर फरार हो गए थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने लूट की जगह चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। समाचार पत्रों में लूट का मुकदमा न दर्ज करने का मामला प्रमुखता से प्रकाशित हुआ तो पुलिस ने चोरी की जगह लूट का केस दर्ज कर बदमाशो की तलाश शुरू कर दिया था। जांच उपरांत तीन लुटेरे का नाम प्रकाश में आया था। जिसमे संजीव पांडेय निवासी नाथनगर थाना महुली,जिला संतकबीर नगर, प्रशांत उपाध्याय, निवासी जगदीशपुर थाना गीडा और अभिनव उपाध्याय निवासी भरसाड को 13 फरवरी को पुलिस ने लूट के सामान के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। संजीव पांडेय के परिजन ने डीजीपी और सी एम को ट्युट कर आरोप लगाया की पुलिस अभिरक्षा में चौकी इंचार्ज पिपरौली द्वारा बेरहमी से पिटाई की गई। जिसका जेल में हालत खराब चल रहा है। इस संदर्भ में चौकी इंचार्ज ने कहा की किसी तरह की मारपीट नही किया गया आरोप झूठा है।

## महिलाओं को धुंए से मुक्ति दिलाया मोदी ने : पवन

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा आयोजित ग्राम परिक्रमा यात्रा के अंतर्गत बरहज विधानसभा के भलुअनी मण्डल के रार बड़ी गांव में किसान चौपाल, घर-घर सम्पर्क, ग्राम देवता पूजन और कृषि यंत्र का पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि मोदी सरकार ने गांव की महिलाओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से निःशुल्क रसोई गैस जरूरतमन्दों को उपलब्ध कराया गया, जिससे माताओ बहनों को धुंए से होने वाली समस्याओं से निजात मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार गांव, गरीब, किसान के खुशहाली के लिये निरन्तर कार्य कर रही है। इस अवसर पर किसान मोर्चा के रामेश्वर यादव, मनोज मौर्य, प्रदीप मौर्य, राजन कुमार, सुरेश प्रसाद, अम्बरीश, सुमन्त चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

# विवाहिता का गला दबाकर हत्या आठ पर दहेज हत्या का केस दर्ज

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत घसघरा वार्ड 14 मंझरिया हनुमंतनगर में ससुराल वालो ने दहेज की मांग न पूरा होने पर विवाहिता का गला कस कर हत्या करने का आरोप ससुराल के लोगो ने लगाया गया है। भाई की शिकायत पर पुलिस ने पति सहित आठ लोगो पर दहेज उत्पीड़न, दहेज हत्या और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से रूपा देवी पुत्री राजकुमार निवासी इटीयाथोक थाना कोतवाली जिला गोण्डा की शादी सहजनवा थाना क्षेत्र के घघसरा वार्ड 14 मंझरिया हनुमंत नगर निवासी उदयशाहकर पुत्र भारत प्रसाद के साथ 21अप्रैल 2021को हुई थी। शादी में उपहार के रूप चार पहिया वाहन और गहने दिए थे। शादी के छः माह बाद पति सहित ससुराल के लोग दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने लगे। जिसकी जानकारी विवाहिता ने मायके के लोगो को दी थी। और भाई बहन के ससुराल जाकर समझाया बुझाया था। लेकिन अभी हरकत से बाज नहीं आए 20 फरवरी को जन्मदिन के अवसर पर बहन के ससुराल गया था। और कुछ मदद करने का भरोसा देकर घर आ गया था। 23 फरवरी को भोर में 3 बजे के करीब पति सहित ससुराल के लोगो ने विवाहिता का गला दबा कर हत्या कर लाश को कुंडी में लटका दिया था। मृतिका के भाई भोलेनाथ की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति उदय शाहकर जेठ दीपक कुमार देवर जय, अमृत, सास उमादेवी, जेठानी गीता देवी, ननद सरिता देवी नंदोई राहुल के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, दहेज हत्या, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# निष्पक्ष मतदान कर लोकतंत्र मजबूत करने का लिया संकल्प

## महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर में द्विसाप्ताहिक मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत गुरुवार को मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने निष्पक्ष रूप से मतदान करने तथा वोट की शक्ति से लोकतंत्र को मजबूत करने का संकल्प लिया।

प्रार्थना सभा मे मतदाता जागरुकता अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने मतदाता शपथ ग्रहण कराने के बाद कहा कि सशक्त लोकतंत्र के लिए हर वोट महत्वपूर्ण है। इस महत्व को समझते हुए महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय की तरफ से लगातार जागरूकता के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शिविर आयोजित कर 1761 नए मतदाता पंजीकृत किये गये, जिसमें 18 वर्ष पूरे करने वाले 1300 से अधिक विद्यार्थी पहली बार मतदाता बने हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकास यादव और धनंजय पाण्डेय ने भी मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को लेकर विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी, कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव, प्रशासनिक अधिष्ठाता प्रशासनिक डॉ. राजेंद्र भारती, उप कुलसचिव श्रीकांत ने सभी को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ.विमल दूबे, डॉ. शशिकांत सिंह, डॉ. शांति भूषण हंदूर, डॉ. प्रज्ञा सिंह, डॉ. सुमित कुमार एम, साध्वीनंदन पाण्डेय, डॉ. नवीन के, डॉ. विन्नम शर्मा, डॉ.सर्वभूमे, डॉ. गोपी कृष्ण , डॉ रश्मी पुस्पन्न , डॉ. मिनी केवी, डॉ. देवी नय्यर, डॉ. विकास यादव, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. अमित दूबे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## युवती को बहला फुसलाकर ले जाने के आरोप में पिता पुत्र पर मुकदमा

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिक युवती को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने के आरोप में स्थानीय पुलिस ने पिता पुत्र के ऊपर मुकदमा पंजीकृत कर जांच में जुटी हैं। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के पीड़ित युवक ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि उसकी नाबालिक लड़की को उसी गांव का युवक मोबाइल फोन से बातचीत करता था, जानकारी होने पर दोनो को समझा बुझाकर मना कर दिया गया। बावजूद युवक अपने आदत से बाज नहीं आ रहा था। आरोप है कि बीती रात आरोपी युवक पीड़ित के घर उसके नाबालिक लड़की बहला फुसला कर भगा ले गया। इसकी शिकायत जब उसके पिता से किया गया तो उल्टे ही गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़ित ने इस सारी घटना की लिखित शिकायत गीडा थाने पर किया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पिता&पुत्र पर अपहरण,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई हैं।

# दिव्यांग बच्चों को बस से बौद्ध स्थली कुशीनगर का कराया गया भ्रमण

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** परिषदीय एवं दिव्यांग बच्चों हेतु आयोजित एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम के अंतर्गत बौद्ध स्थली कुशीनगर के भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विकासखंड सलेमपुर, भागलपुर, भटनी, लार और भाटपार रानी विकासखंड के बच्चों को बस के द्वारा बौद्ध स्थली कुशीनगर के भ्रमण कराया गया। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि परिषदीय एवं दिव्यांग बच्चों हेतु आयोजित एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम बेसिक शिक्षा के द्वारा समय समय पर आयोजित कराया जाएगा। जिसमें बच्चों को महापुरुषों और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करा कर उनके ज्ञान में वृद्धि कराया जाना चाहिए। बस को रवाना करने से पहले जिलाधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव के द्वारा बच्चों को बिस्किट और चिप्स के पैकेट वितरित किए गए। जिलाधिकारी ने बस में बच्चों से बातचीत किया। बच्चे बहुत खुश थे और बच्चों ने जिलाधिकारी को बताया कि हम लोग इस भ्रमण में बहुत उत्साहित हैं और वहाँ जाकर नई जानकारी ग्रहण करेंगे। जिला समन्वयक ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि छात्र-छात्राओं के लिए स्पेशल एजुकेटर (विशेष शिक्षक) को दिव्यांग बच्चों का लक्ष्य निर्धारण करते हुए एक्सपोजर विजिट में गाइड के रुप में कार्य करेंगे। भ्रमण के लिए बच्चों का पहचान पत्र भी जारी किया गया है और बच्चों को नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था की गई है जिससे बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि जनपद के छात्र-छात्राओं को ऐतिहासिक स्मारकों का एक दिवसीय भ्रमण कराया गया जिसमें वह बौद्ध स्थली कुशीनगर के विभिन्न स्थलों पर भ्रमण कराया गया।

# बुजुर्गों को वॉकर देकर मनाया रोटरी का 119वां स्थापना दिवस

## विश्व रोटरी दिवस पर रोटरी क्लब कुशीनगर के सदस्यों ने केक काटकर दी एक दूसरे को बधाई

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** अंतराष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरी इंटरनेशनल का 119वां स्थापना दिवस विश्व रोटरी दिवस के रूप में शुक्रवार को कसया स्थित वृद्धाश्रम मनाया गया। इस अवसर पर वृद्धजनों को रोटरी के सदस्यों ने वॉकर भेंट किया, जिससे बुजुर्गों को चलने- फिरने में सुविधा हो। इसके उपरांत केक काटकर रोटरी के सदस्यों ने एक दूसरे को बधाई दिया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष वाहिद अली ने कहा कि 23 फरवरी 1905 में स्थापित रोटरी क्लब सामाजिक सेवा के अपने उद्देश्यों को आत्मसात करते हुए पूरे विश्व में मानव सेवा के प्रकल्पों को सतत संचालित कर रहा है। रोटरी क्लब एक अंतरराष्ट्रीय गैर राजनीतिक, गैर धार्मिक स्वयंसेवी संस्था है। पल्स पोलियो जैसी घातक बीमारी को भी विश्व से साफ करने में रोटरी क्लब का अहम योगदान है। कोई भी व्यक्ति जो समाज सेवा करना चाहता है रोटरी क्लब कुशीनगर में अपनी सहभागिता दे सकता है। रोटरी क्लब कुशीनगर के सचिव अजय सिंह ने बताया कि रोटरी क्लब निरंतर 119 वर्षो से पूरे विश्व में सेवा कार्यो को संपादित कर रहा है। इसी संकल्प को आत्मसात करते हुए रोटरी क्लब कुशीनगर ने 2023-24 सत्र में कुशीनगर में सामाजिक सेवा के क्षेत्र में विविध कार्यों को निष्पादित किया है, जिसमे निःशुल्क मेगा स्वाथ्य शिविर, निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर, निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन, शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान एवं समर्पण के लिए सम्मान, 51 जरूरतमंद छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण, स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन, कई शिवालय, विद्यालय, श्मशान घाट एवं सार्वजनिक स्थलों पर रूद्राक्ष व अन्य प्रजाति के पौधों का ट्री गार्ड सहित पौधरोपण, वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के साथ प्रत्येक राष्ट्रीय एवं धार्मिक पर्व पर विविध कार्यक्रम का आयोजन, स्वतंत्रता दिवस पर एक साथ, एक समय राष्ट्रगान का आयोजन, राष्ट्रध्वज वितरण कार्यक्रम, मजदूरों को सोलर लाइट का वितरण, निःशुल्क पौधा वितरण, स्वच्छता अभियान कार्यक्रम, गांधी जयंती के अवसर पर 20 जरूरतमंद महिलाओं को स्वालंबन में सहयोग हेतु निःशुल्क सिलाई मशीन का वितरण, राजमार्ग 28 से साईकिल यात्रा पर निकले साइकिल यात्रियों को स्वागत एवं सम्मान, 50 क्षय (टीबी) रोगियों को गोद लेकर उनको 6 माह तक लगातार पोषण पोटली वितरण, पल्स पोलियो बूथ का आयोजन, कसया स्थित शिव मंदिर पोखरे पर देव दीपावली पर दीपदान का आयोजन, ठंड से जरूरतमंदों को राहत दिलाने हेतु पुराने गर्म कपड़े दान हेतु पूरे ठंडक के लिए स्टाल लगाया, क्रिसमस पर मलिन बस्ती में बच्चों को वुलेन टोपी, कम्बल, पेन, कॉपी, चिप्स एवं टॉफियां बांटी गई, नव वर्ष के अवसर पर कुशीनगर मेले में निःशुल्क ब्लड जाँच शिविर, कड़ाके की ठंड में लगातार प्रत्येक रात भ्रमण करते हुए जरूरतमंदों, रिक्शा चालक, पल्लेदार, निराश्रितों एवं विक्षिप्त व्यक्तियों को 500 से अधिक कंबल वितरण, प्लास्टिक मुक्त कुशीनगर अभियान के अंतर्गत कपड़े से बने झोले का वितरण, यातायात सुरक्षा अभियान के अंतर्गत हेलमेट वितरण कार्यक्रम, मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप-2024 कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी के निर्देश पर हस्ताक्षर अभियान, मतदाता शपथ एवं प्रचार-प्रसार, हैंडबिल का वितरण कार्यक्रम प्रमुख है। सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी हेतु देखते हुए रोटरी क्लब कुशीनगर को कई पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया है। रोटरी क्लब कुशीनगर के सभी सदस्यों ने समाज और राष्ट्र की सेवा और विश्व बंधुत्व का संकल्प लेते अपने-अपने विचार रखें।

# संविधान व देश को बचाने की आखिरी लड़ाई है ये लोक सभा चुनावः यासर शाह

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में आज समाजवादी पार्टी व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (इंडिया गठबंधन) के सयुंक्त तत्वाधान मे लोकसभा बहराइच से गठबंधन के प्रत्याशी रमेश गौतम के पक्ष मे एक कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय स्थित डा0 भीमराव अंबेडकर सभागार मे किया गया।इस सम्मेलन की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव व कांग्रेस जिलाध्यक्ष ई0जेपी मिश्रा ने संयुक्त रूप से की।इस सम्मेलन का संचालन जिला उपाध्यक्ष जफ़र उल्ला खान बंटी ने किया।सम्मेलन मे मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित सपा नेता यासर शाह पूर्व मंत्री ने कांग्रेस व सपा दोनो दलों के जिलाध्यक्ष व मौजूद वरिष्ठ पदाधिकारी व नेताओं का फूल मालों से हार्दिक अभिन्दन व स्वागत किया।

इस सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री यासर शाह ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव व कांग्रेस नेता राहुल गांधी के गठबंधन के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस व सपा के साथ आने से भाजपा की नींद उड़ गयी है उनके पास प्रत्याशी नही है जिन्हे वह चुनाव लड़ा सके।उन्होने कहा की सपा व कांग्रेस दोनो दल की विचारधारा एक समान है उसके बाद भी हम सब एक दूसरे की सदियों से बुराई करते आ रहे है भाजपा ने संविधान से लोकतान्त्रिक व समाजवादी शब्द हटा दिये है ओर आगे चलकर वह संविधान को भी खत्म कर देंगे। इस लिए यह लोकसभा का चुनाव संविधान व देश बचाने की आखिरी लड़ाई है इसलिए हम सबको अपनी वर्षो पुरानी राजनितिक दुश्मनी को खत्म करके बाबा साहब के संविधान व देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए एक दूसरे के प्रतिद्वादी नही बल्कि एक दूसरे के



- सपा कांग्रेस के मगठबंधन से उड़ गई है भाजपा की नींद
- आगामी लोकसभा चुनाव भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेकने के लिए इंडिया गठबंधन ने भरी हुंकार

पूरक बनकर प्रत्येक बूथ पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए पुरी मेहनत व लगन से जुटना पड़ेगा। हमारे नेता व कार्यकर्ता एक हाथ मे सपा का झंडा और एक हाथ कांग्रेस का झंडा लेकर गर्व महसूस करें। दशकों बाद बहराइच लोकसभा भाजपा हारने जा रही है इंडिया गठबंधन बहराइच भी जीतेगा और केंद्र मे भी सरकार बनाएगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष जे.पी.मिश्रा ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए मजबूत इक्षा शक्ति व मनोबल की जरूरत होती है और आज यासर शाह साहब व समाजवादी पार्टी के साथ जुड़ने से हम सबका मनोबल आज बढ़ा है, कांग्रेस पार्टी का बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर का प्रत्येक पदाधिकारी व नेता सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव के साथ कन्धे से कंधा मिलाकर चुनाव मैदान मे उतरेगा और यासर शाह के नेतृत्व मे इंडिया गठबंधन इस बार बहराइच लोकसभा चुनाव जीतेगा। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने दोनो दल के कार्यकर्ताओ से अपील करते हुए कहा की आप सभी गांव गांव बूथ बूथ पर जाये ओर पुनः एक बार मतदाता सूची का गहन अध्ययन करले जिसका भी नाम मतदाता सूची मे नही चढ़ पाया है अभी भी वक्त है समय रहते उसका नाम अधिक् से अधिक संख्या मे मतदाता सूची मे जुड़वाने का कम करें।दोनो दल के पास मजबूत जमीनी संगठन है जिसके बदौलत इंडिया गठबंधन प्रत्याशी रमेश गौतम को जिताकर शीर्ष नेतृत्व अखिलेश यादव व राहुल गांधी के सिर पर जीत का ताज़ पहनाया जायेगा। इस दौरान इंडिया गठबंधन के सयुंक्त प्रत्याशी रमेश गौतम ने सम्मेलन मे उपस्थित सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि भाजपा द्वारा फैलाये जा रहे नफरती जहर को समाप्त करने व इन सम्प्रयदायिक ताकतों से लड़ने के लिए आपके साथ दिन रात संघर्ष करेंगे और आपका हक व सम्मान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा। बहराइच लोकसभा को विकास के नये पटल पर पहुचाने के लिए आप सब हमारा साथ दे।इस सम्मेलन मे कांग्रेस से शहर अध्यक्ष आदर्श कुमार अग्रवाल अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष सादिक हुसैन महिला सभा जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमला सोनी नगर अध्यक्ष कांग्रेस ईरम ठाकुर जिला महासचिव कांग्रेस राघवेंद्र द्विवेदी मुस्तकीम सलमानी पूर्व विधायक के0 के0 ओझा जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल मन्नान जिला महासचिव सुनील निषाद महिला सभा जिलाध्यक्ष मनु देवी नगर अध्यक्ष सुमन शर्मा विधायक आंनद यादव जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस गोपीनाथ देवेंद्र श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष सपा अनिल यादव देवेश चंद्र मिश्रा सुन्दर लाल बाजपेयी शैलेश सिंह शैलू जिलाध्यक्ष युवजन सभा रविन्द्र मौर्य टिंकू जिलाध्यक्ष छात्रसभा लाल चंद गौतम आदि मौजूद रहे।

# रायबरेली से चुनाव लड़ेंगे अयोध्या के पीठाधीश्वर


अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** पीठाधीश्वर तपस्वी छावनी अयोध्या के आचार्य परमहंस ने कर्नाटक सरकार पर निशाना साधा है। सुल्तानपुर आगमन के दौरान बोले, यह कांग्रेस सरकार की छिपी नीति है कि हिंदू मंदिरों पर कर लगाकर हिंदू धर्मावलंबियों पर शिकंजा कसा जा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से देवबंद पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग उठाई। देवबंद पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भारत में इस्लामीकरण को बढ़ाने के लिए ही यह सब कार्यक्रम कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि भारत जल्द ही भारत हिंदू राष्ट्र घोषित कर दिया जाएगा। कहा कि रायबरेली से मेरा दावा सामने आते ही कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने राज्यसभा का सहारा लिया है। कहाकि वे रायबरेली से चुनाव लड़ेंगे। यह पूछे जाने पर की क्या भाजपा उन्हे टिकट देगी तो उन्होंने कहा कि इसमें कोई शक नही है। इसके पीछे उनका तर्क है कि उनकी और मोदी जी कार्यशैली एक जैसी ही है। वह भी कांग्रेस मुक्त भारत बनाना चाहते हैं, और मैं भी वही चाहता हूं। उनके जिले में पहुंचने के दौरान भाजपा नेता धन्नजय द्विवेदी की अगुवाई में पूर्व भाजपा विधायक अर्जुन सिंह, राजेन्द्र तिवारी टांड़ा, नरायन राय समेत दर्जन भर लोगों ने कलेक्ट्रेट गेट के सामने उनका स्वागत एवम अभिनंदन किया।

# जिलाधिकारी ने वेतन रोके जाने के दिये निर्देशः डीएम

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति एवं गंगा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने ठोस अपशिष्ठ का निस्तारण, प्लास्टिक वेस्ट का निस्तारण, ई-वेस्ट का निस्तारण एवं जैव चिक्तिसा वेस्ट का निस्तारण आदि के सम्बन्ध में समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। कांट एवं जलालाबाद के अधिशासी अधिकारी द्वारा महत्वपूर्ण बैठक में अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये वेतन रोकने के निर्देश दिये।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एमआरएफ सेन्टर के संचालन एवं वेस्ट निस्तारण के संबध में सभी अधिशासी अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होने निर्देशित किया कि जिन एमआरएफ सेन्टरों पर कनेक्शन नही है, उनमे सोलर प्लांट लगाया जाये। उन्होने स्थापित सभी एमआरएफ सेन्टरों पर औचक निरीक्षण करने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि कूड़ा क्रय संस्थाओं से टाईअप करके अगली बैठक में सफल मॉडल प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने कलान क्षेत्र में एमआरएफ सेन्टर बनाये जाने हेतु भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिये। उन्होने प्लास्टिक वेस्ट का निस्तारण, ई-वेस्ट का निस्तारण एवं जैव चिक्तिसा वेस्ट का निस्तारण की समीक्षा की तथा खराब प्रगति वाले अधिकारियों का सुधार करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने नगर निगम द्वारा पॉलीथीन जब्तिकरण की कार्यवाही तथा जुर्माना लगाये जाने के संबध में कहा कि पॉलीथीन को जब्त करने के उपरान्त नियमानुसार जुर्माना लगाया जाये।

एसटीपी के सम्बन्ध में नगर आयुक्त को समीक्षा करने हेतु पत्र प्रेषित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने प्रदूषण कन्ट्रोल बोर्ड के अधिकारी द्वारा किये गये कार्यो पर असन्तुष्टि व्यक्त करते हुये कार्य में सुधार करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही जिलाधिकारी ने गोमती नदी में अवरोधो को हटाये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होने ईट भट्ठो पर प्रदुषण आदि की जांच करने हेतु भी प्रदुषण नियन्त्रण बोर्ड के अधिकारी को निर्देश दिये।

उन्होने जलालाबाद रोड पर हाईवे किनारो डम्प किये गये कूड़े को सही प्रकार से नियमानुसार निस्तारण करने को कहा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि बिना कूड़ा हटाये स्वच्छ भारत की कल्पना नही कर सकते। उन्होने सभी अधिकारियों को एक सप्ताह में कार्ययोजना उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिये कि सभी ईओ एक सप्ताह में कार्यो में सुधार लायें अन्यथा की स्थिति में संबधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। उन्होने कहा कि प्रभावी कार्यवाही करें, कार्यो को गंभीरता से लें, सभी ईओ समिति की बैकवोन है। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी एसबी सिंह, डीएफओ प्रखर गुप्ता, सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## जनपद में स्ट्रॉबेरी की खेती कर आय में वृद्धि करें किसानः डीएम

**ललितपुर।** जिला उद्यान अधिकारी परवेज खान ने बताया है कि अन्नदाता किसान की आमदनी बढ़ाने हेतु सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे है, आज कुछ स्नातक व परस्नातक युवक युवतियां जो कृषि के क्षेत्र में कुछ नया करने की चाहत रखते है, वो भी खेती में हाथ अजमा रहे है। इसी कड़ी में जनपद की महक पंथ नमक युवती द्वारा विकास खण्ड बार के ग्राम कैलगुवां में एक एकड़ क्षेत्रफल पर स्ट्राबेरी की सफल खेती कर लगभग 4 माह में एक 1 लाख 25 हजार की आय प्राप्त कर चुकी हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने महक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा वे भी स्ट्रॉबेरी की खेती कर अपनी आय में बृद्धि कर सकते हैं। महक पंथ द्वारा बताया गया कि उन्होने झांसी की एक पौधशाला से सम्पर्क कर 13 रूपये प्रति पौधें की दर से 4000 पौधे मगाये और उनका रोपण खेत में मेड़ बनाकर 120.45 से.मी. पर किया।

# इसौली को मिली तीन नई सड़कों की सौगात

- विधायक के प्रस्ताव पर बनेंगे विधानसभा क्षेत्र के संपर्क मार्ग
- लोनिवि विधायक के प्रस्ताव पर बनाएगा संपर्क मार्ग, शासन से मिली स्वीकृति

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने इसौली विधानसभा क्षेत्र में एक करोड़ अड़तीस लाख पचास हजार रुपये की लागत से बनने वाली तीन सड़कों की सौगात दी है। इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने सड़कों के निर्माण की स्वीकृति पर मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। सड़कों की जरूरत आभास करने के बाद क्षेत्रीय लोगो ने विधायक मोहम्मद ताहिर खान से उक्त सड़कों के निर्माण कराए जाने की मांग की थी। जनता की मांग को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने इसौली विधानसभा क्षेत्र के भवानीपुर-चंदौर संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य,बहेरी का पूरवा पंडरे संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य व लाला का पुरवा सोनबरसा सम्पर्क का निर्माण कार्य कराये जाने के लिए प्रस्ताव प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को दिया था। लोक निर्माण मंत्री ने विधायक के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान करते हुए सड़क निर्माण कराए जाने के लिए हरी झंडी दे दी है। संपर्क मार्ग निर्माण कार्य के टेंडर लोक निर्माण विभाग ने जारी किया है। इस बाबत विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने बताया कि क्षेत्र की तीन सड़कों का प्रस्ताव भेजा गया था, जिसके लिए स्वीकृत प्राप्त हो गई है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ

No. : 1357/E-tender / 2023-24 Dated - 19.02.2024

**अल्पकालिक निविदा विज्ञप्ति**

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु रजिस्टर्ड श्रेणी - ''ए'',''बी'', ''सी'', ''डी'' एवं ''ई'' (क्र0सं0-1 से 10 तक) एवं उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में साइनेज कार्य हेतु रजिस्टर्ड श्रेणी - ''ए'', ''बी'' (क्र0सं0-11 से 14 तक) के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रू. लाख में) | निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य + स्टेशनरी + जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन करने हेतु अधिशासी अभि. का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि. का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | लखनऊ | फैजाबाद मार्ग डालीगंज ब्रिज से निशातगंज चौराहे तक रोड रेस्टोरेशन का कार्य। | 04.50 | 0.45 | Rs. 150.00 + 500.00 (Stationary Charges) + GST @ 18% = Rs. 767.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि., लखनऊ |
| 2 | लखनऊ | लखनऊ-कुर्सी मार्ग किमी0-9 से मड़ियांव शुक्ला चौराहा मार्ग तक रोड रेस्टोरेशन का कार्य। | 05.10 | 0.51 | Rs. 225.00 + 500.00 (Stationary Charges) + GST @ 18% = Rs. 856.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि., लखनऊ |
| 3 | लखनऊ | आशियाना सेक्टर के अन्तर्गत किला मोहम्मदी नगर खजाना मन्दिर वाया मारूतिपुरम तिकोना पार्क मेन डिवाइडर से सेन्ट्रल एकाडमी स्कूल के चारों तरफमार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य। | 28.20 | 2.82 | Rs. 300.00 + 500.00 (Stationary Charges) + GST @ 18% = Rs. 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि., लखनऊ |
| 4 | लखनऊ | भरौना क्रासिंग से मल्हौर मार्ग पर रोड रेस्टोरेशन का कार्य। | 10.40 | 1.04 | Rs. 225.00 + 500.00 (Stationary Charges) + GST @ 18% = Rs. 856.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि., लखनऊ |
| 5 | लखनऊ | देवां मार्ग से नौबस्ता मार्ग पर रोड रेस्टोरेशन का कार्य। | 13.00 | 1.30 | Rs. 225.00 + 500.00 (Stationary Charges) + GST @ 18% = Rs. 856.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि., लखनऊ |
| 6 | लखनऊ | लोहियापथ से डा0 राम मनोहर लोहिया हास्पिटल चौराहा मार्ग एवं शहीदपथ मार्ग वाया इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान चौराहा मार्ग पर डिवाइडर मरम्मत एवं पेन्टिंग का कार्य। | 13.00 | 1.30 | Rs. 225.00 + 500.00 (Stationary Charges) + GST @ 18% = Rs. 856.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि., लखनऊ |
| 7 | लखनऊ | अयोध्या मार्ग से मंत्री आवास मार्ग, टी0सी0-12 भवन वाया इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान मार्ग पर डिवाइडर फुटपाथ मरम्मत एवं पेन्टिंग का कार्य। | 14.00 | 1.40 | Rs. 225.00 + 500.00 (Stationary Charges) + GST @ 18% = Rs. 856.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि., लखनऊ |
| 8 | लखनऊ | लखनऊ मोहान मार्ग के किमी0-1, 2 पर रोड रेस्टोरेशन का कार्य। | 30.00 | 3.00 | Rs. 300.00 + 500.00 (Stationary Charges) + GST @ 18% = Rs. 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि., लखनऊ |
| 9 | लखनऊ | सहायक अभियन्ता (प्रथम) के अधीनस्थ राजाजीपुरम् क्षेत्र के विभिन्न मार्गो पर रोड रेस्टोरेशन का कार्य। | 28.00 | 2.80 | Rs. 300.00 + 500.00 (Stationary Charges) + GST @ 18% = Rs. 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि., लखनऊ |
| 10 | लखनऊ | सहायक अभियन्ता (चतुर्थ) के अधीनस्थ गोमतीनगर क्षेत्र के विभिन्न मार्गो पर रोड रेस्टोरेशन का कार्य। | 30.00 | 3.00 | Rs. 300.00 + 500.00 (Stationary Charges) + GST @ 18% = Rs. 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि., लखनऊ |
| 11 | लखनऊ | फैजाबाद मार्ग किमी0-3 (डालीगंज से निशातगंज मार्ग) स्थित इन्दिरा ब्रिज की विशेष मरम्मत का कार्य (साइनेज कार्य)। | 03.00 | 0.30 | Rs. 150.00 + 500.00 (Stationary Charges) + GST @ 18% = Rs. 767.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि., लखनऊ |
| 12 | लखनऊ | आई0आर0क्यू0पी0 मरम्मत कार्य के अन्तर्गत लखनऊ शाखा में मोहान मार्ग पुल चौराहे से हरदोई रिंग मार्ग (आगरा एक्सप्रेस-वे 04-लेन कैनाल) पर रोड साइनेज का कार्य। | 14.70 | 1.47 | Rs. 225.00 + 500.00 (Stationary Charges) + GST @ 18% = Rs. 856.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि., लखनऊ |
| 13 | लखनऊ | बुद्धेश्वर चौराहा पर साइनेज एवं थर्मोप्लास्टिक का कार्य। | 09.50 | 0.95 | Rs. 225.00 + 500.00 (Stationary Charges) + GST @ 18% = Rs. 856.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि., लखनऊ |
| 14 | लखनऊ | गुरू गोविन्द सिंह मार्ग के किमी0-1 व 2 स्थित फ्लाई ओवर के दोनों ओर साइनेज कार्य के अन्तर्गत सर्विस रोड पर राइडिंग क्वालिटी का सुधार, लालकुआं फ्लाई ओवर के नीचे बासमण्डी चौराहे पर मार्ग निर्माण का कार्य (साइनेज कार्य)। | 07.50 | 0.75 | Rs. 225.00 + 500.00 (Stationary Charges) + GST @ 18% = Rs. 856.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि., लखनऊ |

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- कोविड-19 के संक्रमण को रोकने के सभी उपाय अपनाते हुए ही समस्त कार्य सम्पादित किये जायेंगे

निविदा आनलाइन दिनांक 26.02.2024 की पूर्वान्ह् 9:00 बजे से दिनांक 02.03.2024 की अपरान्ह् 12:00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 02.03.2024 की अपरान्ह् 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 02.03.2024 को अपरान्ह् 12:30 बजे खोली जायेगीं। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(इं. मनीष वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ
For on behalf of Governor of UP

UPID-204187 Dated-22-02-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध


# बहराइच महोत्सव हमारे परिवार का का उत्सवः मोनिका रानी

**25 से 27 फरवरी तक गेंदघर मैदान मे होगा बहराइच महोत्सव के जश्न में डूबेंगे जनपदवासी, आतिशबाज़ी की रंग बिरंगी रौशनी से होगा महोत्सव का समापन**

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं पौराणिक महत्व को सहेजने तथा आमजन से साक्षात्कार कराये जाने के उद्देश्य से तथा जिले की प्रतिभाओं को निखारने जनपद की खूबियों को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश से बहराइच के इतिहास में पहली बार जिला प्रशासन तथा जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में पच्चीस से सत्ताइस फरवरी तक तीन दिवसीय बहराइच महोत्सव का आयोजन गेंदघर के मैदान में किया जा रहा है।इस उत्सव को हमारे परिवार का उत्सव बताते हुए इस आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि रविवार 25 फरवरी को शाम चार बजे गेंदघर मैदान में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करने के साथ वंदना गीत एवं गणेश वन्दना के साथ महोत्सव का शुभारम्भ किया जायेगा। इसके बाद अतिथि विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए मेला परिसर का भ्रमण करेंगे।इसके बाद दिव्यांगजनों द्वारा राम आयेंगे नृत्य की प्रस्तुति मैट्रो एकेडमी द्वारा हनुमान चालिसा समूह नृत्य एवं सुश्री उर्मिला पाण्डेय एण्ड पार्टी द्वारा गंगा अवतरण मसान की होली, निधि तिवारी द्वारा रामायण नृत्य नाटिका तथा स्वाति मिश्रा द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति की जायेगी। महोत्सव के दूसरे दिन 26 फरवरी को गेंदघर मैदान में सुबह ग्यारह बजे से स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न योजनाओं विषयक गोष्ठी/कार्याशाला तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले कार्मिकों/व्यक्तियों का सम्मान मेंहदी प्रतियोगिता स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा नुक्कड नाटक का मंचन,थारू जनजाति का कार्यक्रम,सरिता यादव द्वारा कत्थक नृत्य,जसवीर सिंह द्वारा बाबरा बैण्ड, लया सक्सेना द्वारा फूलों की होली तथा गोपाल तिवारी द्वारा बॉलीवुड गायन प्रस्तुत किया जायेगा। जबकि रात्रि को आयोजित होने वाली काव्य संध्या में देश के नामचीन कवियों पद्मश्री सुनील जोगी, अरूण जैमनी, प्रताप फौजदार, शम्भू शिखर, स्वयं श्रीवास्तव, सुश्री मर्णिका दूबे, विकास बौखल एवं गजेन्द्र प्रियांशु सहित अन्य कवियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।तथा समारोह के अन्तिम दिन सुबह से पोस्टर प्रतियोगिता,बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं का प्रस्तुतिकरण तथा इसके बाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले समाज सेवियों को सम्मानित किया जायेगा।

### बनारस की साड़ी मुरादाबाद के बर्तन सहित प्रदेश के उत्पाद बनेंगे आकर्षण



**बहराइच।** जनपद के गेंदघर में पहली बार आयोजित बहराइच महोत्सव में लगभग सत्तर से अस्सी दुकानें लगाई जाएगी जिसमे मुरादाबाद के बर्तन बनारस की साड़ियां फिरोजाबाद की चूड़ियों सहित जनपद में निर्मित विशिष्ट उत्पादों को लगाया जाएगा। जिससे इस जिले की संस्कृति देखने को मिलेगी इसके अलावा बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा पाक कला प्रतियोगिता के साथ प्राइवेट स्कूलों के छात्र छात्राएं भी सास्कृतिक कार्यक्रम पेश करेगी यूपी के विशिष्ट प्रतिभागियों द्वारा आयोजित फैशन शो में भारतीय संस्कृति को भी दिखाने का मंच मिलेगा।इस महोत्सव को बहुत सुंदर और बेहतर बनाने के उद्देश्य से चार ब्लाकों में बांटा गया है जिसमे लगभग छह सौ महिलाओ को बिठाने के लिए एक पिंक ब्लाक बनाया गया है इस महोत्सव में लगभग चार से पांच हजार लोगो के बैठने के लिए कुर्सियों को भी लगवाया जा रहा है।

### तीसरी निगाह से होगी बहराइच महोत्सव की निगरानी



**बहराइच।** जनपद के गेंदघर मैदान में आयोजित बहराइच महोत्सव के लिए जनपद का बेहतरीन तरह से संचालन कर रही नारी शक्तियों द्वारा बेहतरीन प्लान तैयार किया गया है डीएम मोनिका रानी पुलिस कप्तान वृन्दा शुक्ला नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर द्वारा की गई व्यवस्था के अनुसार चौदह सीसीटीवी कैमरों से पूरे महोत्सव की निगरानी की जाएगी तथा इस कार्यक्रम को ज्यादा से ज्यादा लोग देखकर आनंद ले सके एलईडी स्क्रीन को लगाया जाएगा इसके अलावा आने वाले किसी भी अतिथि को यातायात व्यवस्था सहित पार्किंग की कोई समस्या न हो महोत्सव स्थल के ठीक सामने इंटर कॉलेज में पार्किंग की व्यवस्था की गई है इतना ही नहीं मुख्य अतिथियों पत्रकारों अधिकारियों के साथ साथ आमजन के लिए अलग अलग पार्किंग की व्यवस्था को किया गया है जबकि बहराइच पुलिस द्वारा इस महोत्सव के लिए यातायात व्यवस्था को बेहतर करने और लोगो को जाम की समस्या न होने पाए इसके लिए पहले से ही प्लान करके महोत्सव के दिनों में किए गए रूट डाइवर्जन की सूचना पहले ही प्रसारित करके आमजन तक इस रूट डाइवर्जन की जानकारी देने का प्रयास किया गया है।

# बाल श्रम रोकने के लिए चलाया गया विशेष अभियान



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** सहायक श्रम आयुक्त ने अवगत कराया है कि बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 यथा संशोधित बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 2016 के अन्तर्गत खतरनाक, गैर खतरनाक व्यवसाय, प्रक्रियाओं में नियोजित बाल एवं किशोर श्रमिक पाये जाने पर शहर ललितपुर के 05 दुकानदारों को नोटिस जारी की गयी। श्रम आयुक्त उत्तर प्रदेश से प्राप्त आदेशों के अनुपालन में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया गया। सहायक श्रम आयुक्त ने बताया कि जहां बाल श्रम कराया जा रहा है वहां प्रत्येक माह बाल श्रम रोकने के उद्देश्य से निरीक्षण किया जायेगा, जिसमें न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के अन्तर्गत 74 विशेष कार्यों के लिए जारी मजदूरी दर यथा कुशल श्रमिक-12,661 रुपये, अर्द्धकुशल श्रमिक 11,303 रुपये, अकुशल श्रमिक 10,275 रुपये प्रतिमाह दिये जाने का प्रावधान है, जबकि प्रकाश में आया है कि सेवायोजकों, दुकानदारों द्वारा न्यून्तम मजदूरी श्रमिकों को नहीं दी जा रही है जानकारी दी गयी कि इससे कम वेतन भुगतान किये जाने पर चालानी कार्यवाही की जायेगी और 10 गुना वसूली की कार्यवाही की जायेगी। श्रम प्रवर्तन अधिकारी डी.पी.अग्रहरि द्वारा बताया गया कि जनपद को बाल श्रम मुक्त कराये जाने हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं एवं बाल कानून का उल्लंघन करने पर सम्बन्धित सेवायोजकों/ दुकानदारों के विरूद्ध नोटिस भेजने के उपरान्त प्राभियोजन दायर करने की कार्यवाही की जायेगी।

## छात्र-छात्राओं के हितों को लेकर मुखर हुए माधव सुनील चौबे

**ललितपुर।** शुक्रवार को नेहरू महाविद्यालय परिषद में छात्र-छात्राओं ने छात्रवृत्ति के लगभग 3500 फार्म फॉरवर्ड न करने की लापरवाही करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही को लेकर धरना प्रदर्शन किया। छात्र-छात्राओं ने आरोप लगाया कि एसटी-एससी के फार्म तो फॉरवर्ड कर दिए, लेकिन जनरल व ओवीसी के फार्म के लिए बंद कर दी। जिससे छात्रवृत्ति से वंचित किए गए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अभिषेक पटैरिया के निर्वाहन पर प्रखव प्रवक्ता माधव सुनील चौबे बुढ़वार को बुलाया गया। जिन्होंने प्रधानाचार्य द्वारा गंभीर मुद्दों पर चर्चा हुई। लगातार मौखिक बयानबाजी जारी रही। जिसपर माधव सुनील चौबे ने ने लिखित आस्वासन को लेकर अड़े रहे एवं प्रधानाचार्य से प्रबंध समिति के साथ खुली बैठक की मांग रखी गई। एव प्रधानाचार्य ने तत्काल प्रभाव से जांच समिति का गठन किया। साथ ही छात्र प्रतिनिधियों को स्थान दिया जाए। इस दौरान ललितपुर तहसील के तहसील संयोजक धनंजय दुबे भी रहे।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-LKO-FW-127-23-1 (Parking-Four Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.02.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.03.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.03.2024 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-LKO-TW-83-23-3 (Parking-Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.02.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.03.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.03.2024 समय 12:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-LKO-PR-121-23-3 (Parking-Premium) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.02.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.03.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.03.2024 समय 12:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-UCR-MX-95-23-2 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.02.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.03.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.03.2024 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-GNG-MX-85-23-2 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.02.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 11.03.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.03.2024 समय 12:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-BSB-TW-50-24-1 (Parking-Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.02.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.03.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.03.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

605/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सैकड़ों मृतक किसानो के नाम आज भी दर्ज है खतौनी में

**राजस्व विभाग के लापरवाही से हजारों किसानों को नहीं मिल पा रही किसान सम्मान निधि**

अवधानामा सवांदाता

**सुमेरपुर हमीरपुर।** सुमेरपुर के किसानो की फसल पिछले दिनो प्राकृतिक आपदा से नष्ट हो चुकी है मगर सबसे बड़ी समस्या यह है कि सुमेरपुर कस्बा मे वरासत पिछले 5 सालो से बंद है मृतक किसानो के नाम ही कृषि भूमि है और खतौनियो मे अभी मृतक किसानो के ही नाम दर्ज है थोक इमिलिया वार्ड न 9 के किसान अशोक सिंह , विनोद सिंह , नईम अख्तर पूर्व सभासद , अजय पाल सोनकर , विजय पाल सोनकर आदि किसानो ने बताया कि हमारे पिता की मृत्यु हो चुकी है मगर राजस्व विभाग के लापरवाही से अभी तक पाँच छः सालो से वरासत पुत्र के नाम दर्ज हो सकी है जिससे उन लोगो के नाम खेती नही आयी है सिर्फ खेतो मे खेती ही करते है।पिछले दिनो ओला और बेमौसम बारिश होने के कारण पूरी फसल चौपट हो गयी है किसानो के खाने के अब लाले पड़े है सरकार अगर मुआवाजा भी दे रही है तो यहां पर वरासत न होने के कारण खेती अभी मृतको के नाम ही दर्ज है तो ऐसे किसानो के लिए शासन कुछ आदेश करे कि मृतक किसानो के वारिशो को मुआवाजा दिया जाये क्यो कि किसानो कि फसले पूर्ण रूप से नष्ट हो चुकी है ऐसे ही सैकड़ो किसानो को किसान सम्मान निधि भी नही मिल पा रही है क्यो कि जब तक खतौनियो मे मृतक किसानो के नाम हटा कर उनकी जगह उनके वारिशो के नाम नही दर्ज होगे तब तक प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि का पैसा भी उनको नही मिलेगा इस प्रकार से जिला के आला अधिकारियो को इस विषय मे गम्भीर होकर सोचना चाहिए कि मृतक किसानो के वारिशो को मुआवाजा का पैसा दिया जाए और सुमेरपुर कस्बा मे जल्दी ही वरासत दर्ज की जाये।

## बिजली नहीं आने से पानी की बढ़ी किल्लत

**सुमेरपुर हमीरपुर।** ओलावृष्टि के चार दिन गुजरने के बाद विद्युत विभाग कस्बे के इमिलिया थोक के अलावा बांकी, बांक, बिलहड़ी, धरमपुर की आपूर्ति बहाल नहीं कर सका है। इस वजह से कस्बे की जलापूर्ति भी नहीं हो पा रही है। आपूर्ति न होने से बोर्ड परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गत 20 फरवरी को तेज आंधी बारिश ओलावृष्टि के कारण किसानों के साथ विद्युत विभाग को करारी चपत लगी थी। चार दिन गुजरने के बाद विद्युत विभाग कस्बे के इमिलिया थोक के अलावा बांकी, बांक, धरमपुर, बिलहड़ी की आपूर्ति नहीं बहाल कर सका है। इससे जहां ग्रामीण व छात्र छात्राएं परेशान हैं। वहीं बांकी फीडर से जुड़े जल संस्थान के नलकूपों के बंद होने से कस्बे में जलापूर्ति नहीं हो रही है। इससे कस्बावासी परेशान हैं।

# अनुसूचित मोर्चा की बैठक हुई संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय हमीरपुर में अनुसूचित मोर्चा की काम काजी बैठक हुई, जिसमें सबसे पहले सन्त गाडगे महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर गाडगे जी की 149वी जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री अनु मोर्चा दिनेश सुदर्शन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रेमनारायण प्रेमी और संचालन जिला महामंत्री राजेन्द्र श्रीवास ने किया। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद रहे। इस मौके पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने सरकार की योजनाओं के बारे में बताया और कहा इस बार हर सम्भव मेहनत करके मोदी जी को प्रधानमंत्री तीसरी बार बनाना है। उसके बाद धन्यवाद प्रस्ताव पढ़ कर सुनाया गया। उस प्रस्ताव के बारे में श्रीमती संध्या वर्मा जिला उपाध्यक्ष अनु मोर्चा ने कहा कि यह प्रस्ताव बहुत अच्छा है इस प्रस्ताव के विचारों को जन जन तक पहुचना है और जो 400 सौ पार का नारा दिया उसको पूरा करना हमें जरूरी बन गया है। इसलिए हम सबको प्रस्ताव का समर्थन करना चाहिए। मुख्य अतिथि ने अपने विचार रखते हुए कहा की बीएसपी सरकार की मुखिया ने अनुसूचित जाति का सिर्फ इस्तेमाल किया है। उन्होंने महिला विल व 370 के बारे में चर्चा की और कहा काग्रेस सरकार समाज का दोहन किया है।अपने पूर्वजों की किताबें पढ़े और जागरूकता फैलाये। उन्होंने आगे कहा कि सपा कांग्रेस ने बाबा साहेब का अपमान करने का काम किया है ऐसे लोगो को देश से बाहर भगाने का काम करेंगे। वोट करके 2024 में भाजपा ने वादा किया कि राम मंदिर बनवायेंगे वह आज पूरा कर दिखया और प्रभु श्री राम के दर्शन लोग कर रहे है। इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अनु मोर्चा रामविलास श्रीवास, जिला उपाध्यक्ष कपिल वर्मा,शीमा वर्मा, जिला मंत्री जितेंद्र,अजय कुमार, कृष्ण पाल, राजू कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## व्यापार मण्डल के चुनाव के लिए समिति गठित

अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर हमीरपुर।** नगर उद्योग व्यापार मंडल का चुनाव संपन्न कराने के लिए व्यापार मंडल के संरक्षक ने 9 सदस्यीय चुनाव कमेटी की घोषणा की है।

व्यापार मंडल के संरक्षक नंदकिशोर यादव ने बताया कि व्यापार मंडल का चुनाव संपन्न कराने के लिए 9 सदस्यीय टीम में नरेश मिश्रा, मिथिलेश द्विवेदी, मुनीर खान, नंदकिशोर यादव, प्रेम विलास गुप्ता, संतोष चक्रवर्ती, अरविंद कुमार, अनिल परनामी, रामजी मिश्रा को शामिल किया गया है। चुनाव समिति की प्रथम बैठक रविवार 25 फरवरी को कस्बे के प्रकाश लाज में 12 बजे से होगी। जिसमें चुनाव कार्यक्रम तय करके घोषित किया जाएगा।

## प्रत्येक लक्षित बच्चों को सभी टीके समय से लगाये जाएं: डीएम

**मैनपुरी।** प्रसूताओं को उपलब्ध कराए जा रहे नाश्ते, खाने की गुणवत्ता प्र. चिकित्साधिकारी स्वयं खाकर चेक करें, प्रसूता को उच्च क्वालिटी का खाना उपलब्ध कराया जाए, डिस्चार्ज होने पर एंबुलेंस-102 से उसे घर भेजा जाए, ड्रॉपबैक की स्थिति सुधारी जाए, प्रसूता को डिस्चार्ज होने पर ही जननी सुरक्षा योजना का लाभ प्रदान किया जाए, आशा, संगिनी के मानदेय के भुगतान में विलंब न हो, सुनिश्चित किया जाए, पुरुष नसबंदी के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु स्वास्थ्य केन्द्रों पर नसबंदी कैंप आयोजित कराकर लक्ष्य की पूर्ति की जाए, 05 यूनिट से अधिक के अवशेष पात्र गृहस्थ राशन कार्ड धारकों के गोल्डन कार्ड प्राथमिकता पर बनाए जाएं, इस कार्य में राशन डीलर्स का सहयोग लिया जाए।आर.बी.एस.के. टीमें नियमित रूप से प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों के छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण करें।

# सुन्दर काण्ड पाठ का भव्य तरीके से आयोजन

**अधिवक्ताओं ने इसमें लिया बढ़-चढ़कर का हिस्सा**

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** हमीरपुर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन हमीरपुर एवं प्रोग्रेसिव एण्ड प्रैक्टिसिंग डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन हमीरपुर के संयुक्त आन्दोलन के बैनर तले चल रही अनिश्चित कालीन हड़ताल आज चौथे दिन भी जारी रही, किन्तु पीठासीन अधिकारी परिवार न्यायालय के क्रूर स्वाभाव में कोई परिवर्तन नही हो रहा है,इसी क्रम में बार संघ द्वारा कचेहरी परिसर के मुख्य गेट के सामने पीठासीन अधिकारी की बुद्धि-शुद्धि के लिये सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया।

पूजा पाठ की शुरूआत पंण्डित कमलेश कुमार पाण्डेय द्वारा अध्यक्ष फूल सिंह कुशवाहा एवं राजेन्द्र वीर सिंह चौहान के हाथों से कराया गया। सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन पूरे बाजे-गाजे के साथ हुआ। समापन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया तथा सम्मानित अधिवक्ताओं द्वारा पूरे गर्मजोशी से विचार रखे गये, रामदत्त पाठक एडवोकेट द्वारा कहा गया कि यह धर्म और अधर्म की लडाई है, जीत धर्म की ही होगी।

भगवानदास दीक्षित एडवोकेट द्वारा कविताओं के माध्यम से ओजस्वी विचार रखे गये। आज के आन्दोलन व सुन्दरकाण्ड पाठ के आयोजन में अधिवक्ताओं में बढ़-चढ़कर भागीदारी ली, प्रतिदिन की भांति अनशन में 10 अधिवक्ता धरने पर बैठे रहे। राजेन्द्र वीर सिंह चौहान एडवोकेट द्वारा आगे भी आन्दोलन जारी रखने हेतु कहा गया जिस पर सभी सम्मानित अधिवक्ताओं द्वारा आन्दोलन में सहयोग हेतु संकल्प लिया गया। आज के आन्दोलन में आशुतोष सिंह गौर, धर्मेन्द्र दत्त बाजेपेयी, शैलेन्द्र सचान, अजय पालीवाल, भगवानदास दीक्षित, बृजेश साहू महेश प्रसाद गुप्ता सहित काफी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। आन्दोलन की सूचना बराबर माननीय उच्च न्यायालय को प्रेषित की जा रही है किन्तु कोई प्रभाव अभी नही पड़ा है। पीठासीन अधिकारी अपने स्वभाव के चलते अधिवक्ताओं की हडताल के बावजूद प्रतिदिन मुकदमें बिना सुनवाई के खारिज कर रही है, जिससे अधिवक्ताओं में रोष बढ़ता जा रहा हैं, और आन्दोलन को पीठासीन अधिकारी द्वारा जानबूझकर बढाने को मजबूर किया जा रहा है।

# चला अभियान, दर्जनों के कटे चालान

**स्वर्ण जयंती चौक पर वाहनों के पास हटाकर चालान किए गए**

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** यातायात पुलिस द्वारा शुक्रवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर चलाया गया एस्पायर एमपी एमएलए वहां पास के खिलाफ अभियान जिसमें दर्जनों के काटे चालान हटाए गए वाहनों से पास।

यातायात प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के दिशा निर्देशानुसार जिले भर में अभियान चलाकर इंस्पायर हो चुके एमपी एमएलए पास लिखे वाहनों की गहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें स्वर्ण जयंती चौक पर एक सांसद एक पूर्व विधायक एक पूर्व ब्लाक प्रमुख के वाहनों से एक्सपायर हो चुके पास हटवाते हुए वाहनों का चालान किया गया वहीं इस दौरान तीन सवारी बिना सेट बेट चल रहे दो दर्जन वाहनों के चलन करते हुए यातायात नियमों की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया गया सिंह ने बताया कि जिले में फर्जी तरीके से पास लगाकर होटल बत्ती लगाकर वहां इधर-उधर घूमते नजर आ रहे हैं जिससे आए दिन जाम जैसी स्थितियां में अनियंत्रित बजाकर लोगों को परेशानी खड़े करते मामले सामने आए दिन देखने को मिल रहा है जिसको लेकर विशेष अभियान चलाया गया और वाहनों से एक्सपायर पास हटाते हुए बताया गया कि पुनःह जारी करा कर पास लगाया जाए अन्यथा चालान की कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर हेड कांस्टेबल शशि यादव संतोष मौर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मुस्तादी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें सुरक्षाकर्मी

**मैनपुरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ तहसील सदर परिसर में स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन वेयर हाउस की वाह्य सुरक्षा का निरीक्षण करते हुए ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों से कहा कि पूरी मुस्तादी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति वेयरहाउस परिसर में प्रवेश न करें, सी.सी.टी.वी. कैमरे 24 घंटे क्रियाशील रहें, ज्ञात हो कि एफ.एल.सी. के बाद आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को संपन्न कराने हेतु इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन वेयरहाउस में कड़ी सुरक्षा में रखी गई है, इन्हीं इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन का प्रयोग मतदान प्रक्रिया में होगा, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा कर्मी 24 घंटे वेयरहाउस पर तैनात किए गए हैं।

# समाज कल्याण मंत्री को अंगवत भेंट कर किया सम्मानित



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश सरकार में समाज कल्याण मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण का जनपद सोनभद्र में आगमन पर लोढ़ी स्थित सर्किट हाउस परिसर में अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष व सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत द्वारा पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र पहन कर किया स्वागत अभिनंदन किया। सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बताया कि दौरे पर आए समाज कल्याण मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण से समाज कल्याण विभाग द्वारा योजनाओं को धरातल पर लाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई इस दौरान प्रमुख ने बताया कि इस दौरान जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता जिले के समाज कल्याण मंत्री संजीव कुमार गोंड़, डीएम चंद्र विजय सिंह व एसपी डॉक्टर यशवीर सिंह द्वारा भी पुष्प कुछ देखकर सम्मान किया गया वही भाजपा जिला अध्यक्ष ने बताया कि मंत्री द्वारा 5:00 बजे फॉसिल्स पार्क सलाकन का निरीक्षण किया गया एवं शाम को 7:00 बजे गांव चलो अभियान के अंतर्गत जुगल ग्राम पंचायत में रात्रि विश्राम व भोजन का कार्यक्रम में तत्पश्चात सुबह लोकसभा कार्यालय के उद्घाटन में जाएंगे उसके बाद क्षेत्रीय अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा सदर ब्लाक प्रमुख के आवास पर सोल्पाहार में सम्मिलित होंगे।

# युवक का घर में लटका मिला शव

**युवक नें आत्महत्या की है या किसी नें उस की हत्या की है यह अभी स्पष्ट नहीं**

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा- हमीरपुर।** कोतवाली मौदहा से कुछ मीटर की दूरी पर मोहल्ला मराठीपुरा के 18 वर्षीय शिवम पुत्र अजय वर्मा का शव उसी के घर के एक कमरे में फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया गया है युवक के दोनों हाथ पीछे की ओर एक टॉवल से बंधे हुए थे हालांकि हाथ बहुत ढीले बंधे हुए थे और उसके नीचे एक स्टील की टंकी रखी हुयी थी जिस पर उसका एक पर था और कमरे के दरवाजे बन्द थे जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि यह आत्महत्या है या हत्या? सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकार श्रेयस त्रिपाठी व कोतवाली प्रभारी फौरन मौका-ए-वारदात पर पहुंच गये और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस किसी नतीजे में पहुंचे ने पहले पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इन्तज़ार कर रही है लिहाजा जब तक पोस्टमार्टम की रिपोर्ट नही आजाती तब तक कुछ भी कहना जल्द बाजी होगी। मोहल्ले में जैसे ही शिवम की मृत्यु की खबर फैली मोहल्लेवासी इकट्ठा होगये परिवार में कोहराम मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की माता मिथिया खून की कमी की बीमारी से पीड़ित है जो कस्बा राठ में रहती है जिसे इलाज हेतु शिवम नें मौदहा बुलाया था जो सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा में आयुष्मान कार्ड से अपना इलाज कराने गयी थी तभी मां को यह सूचना मिली कि उके पुत्र का शव कमरे के अन्दर लटका हुआ है। मां का कहना है कि किसी नें उस के पुत्र को मार कर शव लटका दिया है पुत्र की मौत पर मां का रो रो कर बुरा हाल है रोते हुए मां कह रही है कि उस का शिवम आत्महत्या नही कर सकता है। मृतक के हाथ पीछे बंधे हुए तो थे लेकिन हाथ बहुत ढीले बंधे हुए थे। आत्महत्या है या हत्या स्पष्ट रुप से कह पाना तब तक जल्द बाजी होगी जब तक पोस्टमार्टम की रिपोर्ट नही आजाती तबतक हम ना इसको आत्महत्या कह सकते हैं और ना हत्या। बहरहाल सचाई कुछ भी हो लेकिन एक युवक की मृत्यु हुई है फिलहाल सब से बड़ी सचाई यही है आत्महत्या से हुई या हत्या से हुई यह जांच का विषय है।

# संत गाडगे की 149वीं जयंती पर बैठक आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** शहर स्थित भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को अनु मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रेमनारायण प्रेमी की अध्यक्षता में सन्त गाडगे महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर गाडगे की 149वी जयंती पर अनुसूचित मोर्चा की काम काजी बैठक सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री अनु मोर्चा दिनेश सुदर्शन एवं विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद रहे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस बार हर सम्भव मेहनत करके मोदी को तीसरी मर्तबा प्रधानमंत्री तीसरी बनाना है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष संध्या वर्मा अनु मोर्चा ने कहा कि यह प्रस्ताव बहुत अच्छा है इस प्रस्ताव के विचारों को जन जन तक पहुचना है और 400 सौ पार के नारा को पूरा करना है। मुख्य अतिथि ने कहा कि बीसपी सरकार की मुखिया ने अनुसूचित जाति का सिर्फ इस्तेमाल किया है और महिला विल व 370 के बारे में चर्चा की। कहा कि कांग्रेस सरकार ने समाज का दोहन किया और कहा कि अपने पूर्वजों की किताबें पड़े और जागरूकता फैलाये। कहा कि भाजपा ने वादा किया कि राम मंदिर बनवायेंगे वह आज पूरा कर दिखया और प्रभु श्री राम के दर्शन लोग कर रहे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अनु मोर्चा रामविलास वास जिला उपाध्यक्ष कपिल वर्मा, शीमा वर्मा, जिला मंत्री जितेंद्र, अजय कुमार,कृष्ण पाल, राजू कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री ने सलखन फासिल्स पार्क व अगोरी किला का किये निरीक्षण

**पर्यटन के दृष्टि से स्थल को विकसित करने पर दिये गये बल**

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण उ0प्र0 शासनअसीम अरूण जी ने आज जनपद सोनभद्र में दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के दौरान पर्यटन के विकास यानी विश्व प्रसिद्ध सलखन फासिल्स पार्क का निरीक्षण किये, इस दौरान मंत्री ने कहा कि टूरिज्म डायरेक्ट्री यानी फोटोग्राफ्स सहित संक्षिप्त विवरण का बोर्ड भी लगाया जाये, इसके साथ ही टूरिज्म गाईड की व्यवस्था की जाये, जिससे जनपद के पर्यटन स्थलों के बारे में लोगों को सही जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े फासिल्स का गौरव सोनभद्र जिले को हासिल है, जनपद में आने वाले विदेशी शैलानियों को सोनभद्र के पर्यटन स्थलों के साथ ही विशेष रूप से करोड़ वर्ष से पुराने फासिल्स पार्क को देखने के लिए आकर्षित किया जाये। उन्होंने कहा कि जनपद के विभिन्न स्थानों पर पर्यटन जैसे स्थानों को चिहिन्त कर विकास कराया जाये, जिससे जनपद में आने वाले पर्यटक आकर्षित हो सके। इसी प्रकार से राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण उ0प्र0 शासन असीम अरूण व राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गौंड़ ने अगोरी किला का निरीक्षण किये और किले के बारे में उपस्थित लोगों से जानकारी प्राप्त किये, इस दौरान मंत्री ने शिलापट्ट पर उर्दू भाषा में लिखे गये शब्दों को मोबाइल से गुगल सर्च कर हिन्दी ट्रान्सलेट कर जानकारी प्राप्त किये। इस दौरान मंत्री जी ने अगोरी किले से जुड़े रहस्यों के बारे में जानकारी हासिल किये। इस दौरान उप जिलाधिकारी ओबरा प्यारे लाल मौर्य, सी0ओ0 ओबरा चारू द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख सदर अजीत रावत, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत सदस्य चुर्क मोहन कुशवाहा, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजीव तिवारी सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# एनसीएल के जयंत क्षेत्र ने सीएसआर के तहत माड़ा ईको पार्क के विकास हेतु किया एमओयू

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/सिंगरौली।** गुरुवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की जयंत परियोजना ने निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत माड़ा ईको पार्क के विकास हेतु वन विभाग, सिंगरौली के साथ एक एमओयू किया। इस दौरान एनसीएल से क्षेत्रीय महाप्रबंधक (जयंत) ए एन पांडेय और वन मंडलाधिकारी अखिल बंसल ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एमओयू के तहत जयंत परियोजना के द्वारा वन विभाग को सिंगरौली स्थित माड़ा ईको पार्क में सुरक्षा के लिए चैनलिंक फेंसिंग की व्यवस्था हेतु 96 लाख रुपये की धनराशि दी जाएगी। इस अवसर पर एनसीएल की जयंत परियोजना से विभागाध्यक्ष और वन विभाग, सिंगरौली के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा पहले भी निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत माड़ा ईको पार्क में पर्यटकों के लिए ई-रिक्शा की सुविधा, पोर्टेबल शौचालय एवं विद्युतीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य करवाए हैं।

# सरकार की योजनाओं को सभी तक पहुचाए: डॉ. धर्मवीर

**राबर्ट्सगंज नगर स्थित वार्ड नंबर 8 में बताया गया योजनाओं का लाभ**

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ धर्मवीर तिवारी के नेतृत्व में शुक्रवार को राबर्ट्सगंज नगर स्थित वार्ड नंबर 8 जोगिया वीर मोहाल में पहुंचकर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के योजनाओं को धरातल पर लाने को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ लोगों के बीच गिनाई उपलब्धियां बताया सरकार के योजनाओं का लाभ।

डॉ धर्मवीर तिवारी ने बताया कि फिर से तीसरी बार 2024 में पूर्ण बहुमत के साथ मोदी सरकार के इस संकल्प के साथ देश का गांव गरीब किसान महिलाएं मजदूर नौजवान सभी हो रहे हैं सशक्त इस संकल्प के साथ भाजपा कार्यकर्ता गांव स्तर पर बूथ स्तर पर जाकर हर व्यक्ति हर परिवार से मिलते हुए योजनाओं के बारे में बताकर उनको सरकार की उपलब्धियां बनाई जा रही हैं एक भी व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे जिसको लेकर सरकार के साथ कार्यकर्ता भी संकल्पित है सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री आदित्य योगी नाथ द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है धर्मवीर तिवारी ने बताया कि आज करोड़ों की सौगात के साथ काशी नगरी में नरेंद्र मोदी मौजूद हैं दो दिवसी प्रवास में योजनाओं के साथ आम जनमानस के हितकारी तमाम योजनाओं को हम आपके बीच लाने का कर रहे प्रयास गाँव में बिजली,हर घर नल गरीबों को आवास, निः शुल्क अनाज, शौचालय, गैस सिलेंडर , किसान सम्मान निधी, आयुष्मान कार्ड ,रेहड़ी वालों को ऋण देकर,देश के गांव गरीब किसान महिला,युवा सभी को शशक्त बनाया जा रहा है। देश को और शशक्त बनाने के लिए फिर से पूर्ण बहुमत के साथ तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने को हम ले संकल्प,फिर एक बार मोदी सरकार।

इस मौके पर पूर्व मीडिया प्रभारी अरविंद पांडेय, सभासद विनोद सोनी, दुर्गेश केडिया, नगर मंत्री अखिलेश कश्यप, मारकंडे सोनकर, अशर्फीलाल सोनकर, बिगुल भगत, चंदा देवी, मान्ना देवी ,रामधनी पासवान, तुलसी सोनी, खतरना देवी ,तेतरी देवी, मीणा देवी, सिद्धू सोनकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पुस्तकें व्यक्ति की सबसे अच्छी मित्र: रमेश

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** पुस्तकें किसी व्यक्ति की दुनिया बदल सकती हैं यदि उनसे नाता जोड़ा जाए, यह कहना था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश जी का जो राबर्ट्सगंज नगर स्थित पुस्तकालय उदघाटन कार्यक्रम में अपना विचार व्यक्त कर रहे थे, उन्होंने कहा कि पुस्तकें व्यक्ति की सबसे अच्छी मित्र होती हैं। लेखक व साहित्यकार विजय शंकर चतुर्वेदी के नगर स्थित आवास पर नवसृजित पुस्तकालय पर दीप प्रज्वलन कर विधिवत उदघाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे काशी प्रांत प्रचारक रमेश जी ने आज की भागदौड़ की जिंदगी में पुस्तकों से बन रही दूरी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हम मोबाइल से ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करते हैं, वह उचित नहीं है, अच्छी पुस्तकें हमारे मानसिक कद में वृद्धि करती हैं। उन्होंने कोई घर तभी संपूर्णता प्राप्त करता है जब उसमें रामचरित मानस और गीता जैसे ग्रंथ होते हैं। पुस्तकों का सानिध्य हमें संस्कारित भी करता है। वरिष्ठ पत्रकार विजय शंकर चतुर्वेदी ने कहा कि आज का युवा वर्ग भारतीय दर्शन, संस्कृति और धर्म की विशिष्टताओं को जानना चाहता है और ऐसी पुस्तकें खोज कर पढ़ता है। श्री चतुर्वेदी ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण की नई पुस्तक % सनातन, संवाद कथाएं % मुख्य अतिथि को भेंट की। उन्होंने प्रसिद्ध लेखक मार्क ट्वीन की उक्ति कि अच्छे मित्र, अच्छी किताबें और साफ अंतःकरण ही आदर्श जीवन है को बताते हुए जीवन में पुस्तकों के महत्व को परिभाषित किया। राकेश त्रिपाठी उर्फ शिशु ने महात्मा गांधी के कथन कि पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है, क्योंकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्जवल करती हैं, को परिभाषित करते हुए अपनी बात रखी। अरविंद नाथ ने अंग्रेज विद्वान लेमनी स्निकेट के कथन कि कभी ऐसे व्यक्ति पर भरोसा न करें जिसके पास कोई पुस्तक न हो पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर मात्र दो वर्ष से तीन वर्ष के छोटे बच्चों को गायत्री मंत्र, अन्नपूर्णा मंत्र सहित कई श्लोक कंठस्थ कराने वाली शिक्षिका रागिनी का मुख्य अतिथि द्वारा अंगवस्त्रम के साथ अभिनंदन भी किया गया।

## जुम्मे की नमाज में सुरक्षा व्यवस्था रही चाक चौबंद



**सोनभद्र।** जिले में शुक्रवार को जुम्मे की नमाज को लेकर एसपी डॉक्टर यशवीर सिंह के दिशा निर्देश के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था रही चाक चौबंद इंटेलिजेंट खुफिया विभाग रही सतर्क। एडिशनल एसपी कालू सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश के क्रम में जिले के सभी थाना चौकिया व हल्का प्रभारी को दिशा निर्देशित किया गया था कि जुम्मे की नवाज शांतिपूर्ण लाइन ऑर्डर के साथ बनवाएं जिसको लेकर हर मस्जिद वह चट्टी चौराहे के साथ संवेदनशील स्थान पर सुरक्षा व्यवस्था के बंदोबस्त किए गए थे जिसमें जिला मुख्यालय स्थित पूर्व मोहन नई बस्ती नई मस्जिद के साथ विभिन्न स्थानों पर सदर चौकी प्रभारी निरीक्षक आर एस शर्मा ,राजेश मौर्या, मदन यादव,बजरंग बहादुर सहित पुलिस फोर्स मौजूद रही।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलीयन डॉलर बनाने में ऊर्जा एवं नगर विकास विभाग के कार्यदायित्वों की समीक्षा की

# प्रदेश में औद्योगिकरण बढ़ने से विद्युत की मांग में होगी बढ़ोत्तरी

- विद्युत की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए रिन्यूएवल एनर्जी, ग्रीन एनर्जी, थर्मल पावर के उत्पादन पर दिया जाय जोर
- प्रदेश की वन ट्रिलीयन डॉलर अर्थव्यवस्था को ऊर्जीकृत करने में ऊर्जा एवं नगर विकास विभाग का महत्वपूर्ण योगदान

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने माननीय मुख्यमंत्री जी के संकल्प एवं निर्देशों के क्रम में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2027 तक वन ट्रिलीयन डॉलर तक ले जाने में ऊर्जा एवं नगर विकास विभाग के कार्यदायित्वों की समीक्षा की। ऊर्जा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिये कि वर्ष 2027-2028 तक में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलीयन डॉलर बनाने के लिए एग्रीकल्चर, मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थ, सर्विस सेक्टर, इन्फ्रास्ट्रक्चर आदि सभी क्षेत्रों में ऊर्जा की मांग बढ़ेगी, इस बढ़ी हुई मांग को निर्बाध रूप से पूरा करने के लिए रिन्यूएवल एनर्जी, ग्रीन एनर्जी के साथ थर्मल पावर के उत्पादन पर भी ध्यान केन्द्रित करना होगा।

ए.के. शर्मा आज शक्ति भवन में अपने दोनों विभागों के उच्च अधिकारियों के साथ प्रदेश को वन ट्रिलीयन डॉलर इकोनामी बनाने के रोडमैप पर दोनों विभागों के कार्यदायित्वों पर चर्चा की और कार्यों की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि किसी भी देश व प्रदेश के विकास में ऊर्जा जरूरतें वहां के इकोनॉमी ग्रोथ के इंजन के रूप में कार्य करती हैं। हमें अपने प्रदेश की ऊर्जा व्यवस्था को हर हाल में सुदृढ़ एवं पूरी तरह से मांग के अनुरूप बनाना होगा। ग्रीडों का आधुनिकीकरण कर क्षमता बढ़ानी होगी। आधारभूत संरचना को मजबूत करना होगा। इसके लिए आवश्यक तकनीकी जरूरी संसाधन तथा वित्तीय प्रबंधन पर ध्यान केन्द्रित कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाय, जिससे कि ऊर्जा विभाग अपनी जिम्मेदारियों को पूर्णतया निभा सके।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि वर्ष 2027 तक 22 हजार मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य है। प्रदेश में 3630 मेगावाट के सोलर पार्क भी बनाये जा रहे। बुन्देलखण्ड में 04 हजार मेगावाट का ग्रीन एनर्जी ट्रांसमिशन कॉरीडोर का निर्माण हो रहा। विद्युत व्यवस्था के ढांचागत सुधार के लिए आरडीएस योजना के तहत 16000 करोड़ रूपये के कार्य युद्धस्तर पर चल रहे। आगामी कुछ वर्षों में कई थर्मल पॉवर प्लांट से भी बिजली उत्पादन शुरू हो जायेगा। ग्रीन हाइड्रोजन प्रतिवर्ष वन मिलीयन मिट्रिक टन उत्पादन का भी लक्ष्य है। बायो एनर्जी पर 5005 करोड़ रूपये के प्रोजेक्ट धरातल पर उतारे जाने हैं।

# निरस्त चल रहीं ट्रेनों के संचालन को फिर से पटरी पर लाने की तैयारियां शुरू

- मार्च के पहले सप्ताह से सभी ट्रेनें चला दी जायेंगी

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर रेलवे ने पिछले तीन महीने से निरस्त चल रहीं ट्रेनों के संचालन को फिर से पटरी पर लाने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। उम्मीद है कि मार्च के पहले सप्ताह से सभी ट्रेनें चला दी जायेंगी। 90 दिन को ट्रेनों का संचालन बंद होने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। अब एक मार्च से इंतजार नहीं करना पड़ेगा। रेलवे के मुताबिक एक दिसम्बर 2023 से 29 फरवरी 2024 तक के आठ ट्रेनों के अलावा डबल डेकर समेत कई अन्य ट्रेनों का संचालन निरस्त था। जिन ट्रेनों का संचालन फिर से शुरू होगा उनमें 14235 व 14236 बरेली वाराणसी एक्सप्रेस, मुगलसराय एक्सप्रेस, बरेली चंदौसी दिल्ली, प्रयागराज संगम एक्सप्रेस, सहरसा अमृतसर एक्सप्रेस, अवध असम एक्सप्रेस, अंबाला बरौनी एक्सप्रेस, शहीद एक्सप्रेस, मालदा टाउन एक्सप्रेस, प्रयागराज ऋषिकेश एक्सप्रेस, अंबाला बरौनी हरिहर एक्सप्रेस, दिल्ली लखनऊ डबल डेकर एक्सप्रेस, जलियांवाला बाग एक्सप्रेस, कानपुर सेंट्रल गरीब रथ एक्सप्रेस और काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस शामिल हैं। बोर्ड से निर्देश मिलते ही एक मार्च से इन ट्रेनों का संचालन पहले की तरह नियमित शुरू कराया जायेगा।

# पुलिस भर्ती परीक्षा: जिम्मेदार अधिकारियों पर हो कार्रवाई

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह पुष्कर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिख कर पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त कर दोबारा परीक्षा कराने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शशांक शेखर सिंह ने कहा कि नौकरशाही और सरकारी मशीनरी पूरी तरह फेल साबित हुई, जिसका नतीजा है कि योग्य नौजवान सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं। नौकरशाही नौजवानों की परवाह किये बिना अपनी नाकामियों से लाखों नौजवानों की प्रतिभा को रौंदने का काम कर रही है, जो किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने प्रदेश सरकार से लाखों बेरोजगार नौजवानों के हित में परीक्षा निरस्त कर अविलम्ब पुनः परीक्षा कराने के साथ जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही और जिम्मेदारी तय करते हुए प्रभावी कार्रवाई की मांग की। साथ ही परीक्षा कराने वाली एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई कर पुलिस विभाग के अलावा किसी अन्य केन्द्रीय एजेंसी को परीक्षा कराने की जिम्मेदारी सौंपी जाए, जिससे नौजवानों में अविश्वास का माहौल खत्म किया जा सके। श्री सिंह ने कहा कि सरकार जब तक पुलिस अभ्यर्थियों की मांग नहीं मानती मंच उनके साथ मजबूती से खड़ा है।

# 101 कन्याओं का कन्यादान करेंगे कल्पा कांतिलाल प्रेमजी मारू

- क्लासिक सामूहिक विवाह समारोह 25 को श्री राम लीला मैदान ऐशबाग में

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के जिस मूल मंत्र को साकार करने का जो संकल्प दिया था, उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए क्लासिक समूह अब बेटी बसाओ का कृत संकल्प लेते हुए आगामी 25 फरवरी 2024 को श्री राम मैदान ऐशबाग, लखनऊ में 101 निर्धन-निराश्रित बेटियों का क्लासिक सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन करेगा। क्लासिक सामूहिक विवाह के संयोजक कांतिलाल प्रेमजी मारू ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के साथ मेरा संकल्प बेटी बसाओ का है, जिसको फलीभूत करने के लिए उत्तर प्रदेश के अवध प्रान्त की 101 निर्धन-निराश्रित बेटियों का चयन क्लासिक सामूहिक विवाह समारोह के लिए किया गया है। उन्होने बताया कि जिस प्रकार अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा हुई, अवध में राम आए, चहु दिशा राम मय हुई। ऐसे मनोरम वातावरण में जिस प्रकार भगवान श्री राम व माता जानकी का विवाह हुआ था, उसी भांती 101 बेटियों का विवाह होगा।

कल्पा कांतिलाल मारू ने बताया कि क्लासिक सामूहिक विवाह समारोह में सभी 101 बेटियों को सुहाग की सभी चीजों के साथ घर गृहस्थी की सभी चीजें बर्तन, अलमारी, डबल बेड, रजाई गद्दा, कपड़े के साथ घरेलू उपयोग की अन्य चीजें भेंट की जायेंगी।

## प्रदेश में अब तक 53.06 लाख मीट्रिक टन हुई धान की खरीद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने के उद्देश्य से खरीफ क्रय वर्ष 2023-24 में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य कॉमन धान 2183 रूपये प्रति कु0 और धान ग्रेड-ए 2203 रूपये प्रति कु0 की निर्धारित दर से खरीद की जा रही है। अब तक 53.06 लाख मीट्रिक टन धान किसानों से सीधे क्रय किया गया है।

खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार इस योजना से अब तक लगभग 791693 किसानों को लाभान्वित करते हुए 11359.390 करोड़ रूपये का भुगतान उनके खातों में किया गया है। प्रदेश में इस वर्ष धान खरीद हेतु 70.00 लाख मी0टन क्रय लक्ष्य निर्धारित है। लक्ष्य के सापेक्ष लगभग 76 प्रतिशत खरीद की जा चुकी है।

# रविवार को मनाया जाएगा शबे-बरात का त्योहार

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** शबे-बरात का त्योहार रविवार को मनाया जाएगा। शबे-बरात को लेकर मुस्लिम समुदाय तैयारियों में जुट गया है। शबे-बरात का त्योहार इस्लामी महीने शाबान की 14 तारीख को मनाया जाता है। शबे-बरात पर मुसलमान अपने दुनिया जा से जा चुके रिश्तेदार, अजीज और दोस्तों की कब्रों पर जाकर उनके ईसाले सवाब के लिए तिलावते कलामे पाक और दुआएं पढ़ते हैं और मगफिरत की दुआएं मांगते हैं। शबे-बरात को लेकर शहर के कब्रिस्तानों में तैयारियां अपने आखिरी दौर में हैं। शहर के बड़े कब्रिस्तानों ऐशबाग, कर्बला मलका जहां, सुप्पा, कर्बला तालकटोरा, बालागंज स्थित मिस्त्री की बगिया, खदरा स्थित शाह दोसी की मजार, हसनगंज कब्रिस्तान, बारूदखाना मुसाहबगंज, गोमती नगर के उजरियांव कब्रिस्तान, आलमबाग, कपूरथला, इमामबाड़ा गुफरानमआब, इमामबाड़ा आगा बाकर, कर्बला इमदाद हुसैन खां, कर्बला अब्बास बाग, निशातगंज सहित अन्य कब्रिस्तानों में कब्रों की साफ-सफाई और रंगाई-पुताई का काम आखिरी चरण में है। लोग अपने पुरखों और रिश्तेदारों की कब्रों की मरम्मत आदि करा रहे हैं। शबे-बरात पर मुस्लिम समुदाय अपने पुरखों, रिश्तेदारों और दोस्तों के ईसाले सवाब के लिए हलवा-पूरी पर नज्र करेंगे। कब्रिस्तान प्रबंधन कमेटियां भी शबे-बरात को लेकर तैयारियों में जुटी हैं। कब्रिस्तानों में रात भर मुसलमानों की आवाजाही लगी रहती है, जिसे देखते हुए जगह-जगह रौशनी के इंतजाम के साथ ही पानी, शौचालय आदि की व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जा रही हैं।

# एनसीसी ने स्वच्छता अभियान चला कर आम जनों को किया जागरूक




- कर्नल रत्नाकर त्रिवेदी ने पुनीत सागर अभियान का शुभारंभ किया

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के देशव्यापी प्रमुख अभियानों में से एक 'पुनीत सागर अभियान' के तहत 20 यू पी गर्ल्स बटालियन के एनसीसी कैडेट्स द्वारा स्वच्छता अभियान चला कर आम जनों को जागरूक किया। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने हनुमान सेतू स्थित नदी के आसपास के इलाकों को सफाई कर स्वच्छ्ता का संदेश दिया। इस अवसर पर 20 यू पी गर्ल्स बटालियन के समादेशा अधिकारी कर्नल रत्नाकर त्रिवेदी ने पुनीत सागर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत और पुनीत सागर अभियान, स्वच्छता की ओर एक अद्भुत पहल हैं। यह पूरे देश मे एन सी सी के द्वारा की जा रही हैं। इस अभियान का उद्देश्य स्थानीय लोगों को स्वच्छ भारत के बारे में जागरूक करना और उन्हें संवेदनशील बनाना है। इसके अतिरिक्त कर्नल रत्नाकर त्रिवेदी ने कहा कि, राष्ट्रव्यापी पुनीत सागर अभियान जैसे कार्यक्रम राष्ट्र के मानस में सकारात्मक बदलाव को रूप देने में मददगार हैं। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक, पोस्टर द्वारा एवं सफाई के माध्यम से जल संरक्षण, प्लास्टिक और अन्य कचरे को हटाकर सहित अन्य जल निकायों को साफ करने का संदेश दिया गया। इस अभियान में 20 यू पी गर्ल्स बटालियन के सुबेदार मेजर बाल बहादुर राना, विभिन्न पी आई स्टाफ, सी टी ओ, जी सी आई एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस पीजी कॉलेज और महिला विद्यालय पीजी कॉलेज के 120 एनसीसी कैडेट्स ने अपनी सहभागिता निभाई।

## विशाल अपनो बुंदेली उत्सव कार्यक्रम का आयोजन 25 को

**भोपाल/लखनऊ।** बुंदेलखंड विकास परिषद के सहयोग से अपनो बुंदेली ट्रस्ट द्वारा 25 फरवरी को नई दिल्ली के ताल कटोरा में विशाल अपनो बुंदेली उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद डॉ महेश शर्मा के आवास परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बुंदेलखंड के प्रमुख संगठन, शासनिक-प्रशासनिक मंच के प्रमुख सदस्य व बुंदेलखंड 24×7 जैसे डिजिटल न्यूज़ प्लेटफॉर्म्स भी हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से बुंदेली धरा की सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक और राजनीतिक विरासत को देश व वैश्विक पटल पर पहचान दिलाने का प्रयास किया जायेगा। आयोजन समिति संयोजक महेश सक्सेना के आह्वान पर बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष और फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला ने भी एक वीडियो सन्देश जारी कर, बुंदेलखंड और देश के अन्य हिस्सों में रह रहे बुंदेली माटी से जुड़े लोगों को कार्यक्रम से जुड़ने का आग्रह किया है।

# युवा अग्निवीर अभ्यर्थियों के लिए पंजीकरण विंडो खोली

- युवाओं के लिये देश सेवा की दिशा में एक परिवर्तनकारी अवसर

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** भारत के गतिशील युवाओं की क्षमता को समाहित करने के लिए, भारतीय सेना ने 17 1/2 से 21 वर्ष की आयु के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए अपनी पंजीकरण विंडो खोलने की घोषणा की है। 13 फरवरी 2024 से 22 मार्च 2024 तक, युवा व्यक्ति सम्मानित भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के माध्यम से देश की सेवा की दिशा में एक परिवर्तनकारी अवसर का लाभ उठा सकते हैं। अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वीं और 10वीं), और अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट/स्टोर कीपर टेक्निकल सहित विभिन्न भूमिकाओं के लिए पंजीकरण अब खुला है। इच्छुक अभ्यर्थियों से आग्रह किया जाता है कि वे https://www.join Indianarmy .nic.in/BravoApplicantEligibility.htm लिंक के माध्यम से अपनी वांछित श्रेणी में आवेदन करने से पहले अपने पात्रता मानदंडों की अच्छी तरह से समीक्षा कर लें। नई भर्ती प्रक्रिया के तहत, अभ्यर्थियों को रैली में भाग लेने के लिए सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) मेरिट सूची में उत्तीर्ण होना और स्थान सुरक्षित करना होगा। इस प्रकार, सभी उम्मीदवारों के लिए जेआईए वेबसाइट पर पंजीकरण करना और ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) के लिए आवेदन करना अनिवार्य है, जो राष्ट्र की सेवा करने के उनके सपने की दिशा में महत्वपूर्ण पहला कदम है। पंजीकरण प्रक्रिया की रूपरेखा बताने वाला एक विस्तृत वीडियो जेआईए वेबसाइट पर उपलब्ध है, जो यह सुनिश्चित करता है कि अभ्यर्थी आवेदन प्रक्रिया को निर्बाध रूप से पूर्ण कर सके। सभी 13 जिलों औरैया, चित्रकूट, कन्नौज, बांदा, महोबा, हमीरपुर, बाराबंकी, गोंडा, कानपुर देहात, उन्नाव, कानपुर नगर, फतेहपुर और लखनऊ के इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील है कि वे आज ही जेआईए वेबसाइट पर पंजीकरण करके अग्निवीर बनने के इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएँ। अग्निवीर भर्ती सभी योग्य युवा अभ्यर्थियों को इस अवसर का लाभ उठाने और भारतीय सेना में शामिल होने की दिशा में पहला कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करती है। सभी योग्य युवा जेआईए वेबसाइट पर 13 फरवरी से 22 मार्च 2024 पंजीकरण करें। अधिक जानकारी और पंजीकरण के लिए, अभ्यर्थी कृपया लिंक https://www.join Indian army. nic.in पर जाएं या अपने भर्ती कार्यालय (मुख्यालय), लखनऊ से संपर्क करें।

# दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण के लिए 13.33 करोड़ की स्वीकृत

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में डेयरी विकास के लिए दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण एवं उन्हें पुनजर्ज्वित करने की योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 1333.33 लाख रूपये (तेरह करोड़ तैंतीस लाख तैंतीस हजार मात्र) की धनराशि स्वीकृत की है। यह धनराशि छठी किश्त के रूप में स्वीकृत की गई है। यह धनराशि आगरा, मैनपुरी, मेरठ, झांसी, जालौन (उरई), हमीरपुर, महोबा, बांदा, लखनऊ, लखीमपुर खीरी, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, रामपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, गोरखपुर, महाराजगंज, देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, मऊ, प्रयागराज, प्रतापगढ, कानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बहराइच, तथा गोंडा जनपदों के लिए स्वीकृत की गई है। इस संबंध में दुग्ध विकास विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए योजना के कियान्वयन के सम्बन्ध में सम्बन्धित जनपदों के दुग्धशाला विकास अधिकारी /उप दुग्धशाला विकास अधिकारी तथा आहरण वितरण अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिये गये हैं।

# 16 रो-हाउसेस भवनों व एक व्यवसायिक निर्माण को एलडीए ने किया सील

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बनाए जा रहे 16 रो-हाउसेस भवनों और एक व्यवसायिक निर्माण को सील किया। लविप्रा उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-5 की टीम ने चिनहट के पपनामऊ गांव में मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये जा रहे रो-हाउसेस भवनों को सील कराया। वहीं जानकीपुरम विस्तार में आवासीय भू-उपयोग में अवैध रूप से किये व्यवसायिक निर्माण को भी सील कराया। प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी राजकुमार ने बताया कि सौरव सिंह, सतपाल सिंह और अन्य की ओर से चिनहट के ग्राम पपनामऊ अनौरा कलां में वेदांता आश्रम के पीछे 1200-1200 वर्गफिट क्षेत्रफल के 16 रो-हाउसेस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये जा रहे निर्माण के खिलाफ विहित न्यायालय ने वाद योजित कर सीलिंग के आदेश दिये थे। इसके अलावा शैली श्रीवास्तव, निलभ, महेश कुमार व अन्य की ओर से जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर-3 में भवन संख्या 3/6 पर अवैध रूप से व्यवसायिक निर्माण कराया गया था। इसमें भी विहित न्यायालय ने कार्रवाई के आदेश दिये थे। शुक्रवार को सहायक अभियंता एन.एन. चौबे के नेतृत्व में सहायक अभियंता संजय मिश्रा व अवर अभियंता सुभाष शर्मा ने अवैध निर्माणों के सीलिंग की कार्रवाई कराई।

## थाईलैंड में 'कुशीनगर महापरिनिर्वाण स्थल' बना आकर्षण का केन्द्र

**लखनऊ।** थाईलैंड में 23 फरवरी से 3 मार्च तक आयोजित बुद्धभूमि कार्यक्रम के माध्यम से उत्तर प्रदेश पर्यटन थाईलैंडवासियों को कुशीनगर महा परिनिर्वाण स्थल के दर्शन करा रहा है। कार्यक्रम में भगवान बुद्ध के महा परिनिर्वाण स्थल थीम पर पवेलियन का निर्माण किया गया है। थाईलैंडवासीयों को इसके माध्यम से उत्तर प्रदेश के छह प्रमुख बौद्ध तीर्थ स्थलों की जानकारी दी जा रही है। पवेलियन में आने वालों को कुशीनगर, सारनाथ, श्रावस्ती, कपिल वस्तु, संकिसा और कौशांबी तीर्थ से जुड़ी जानकारी पुस्तक, यात्रा वृतांत और स्टॉल आदि के माध्यम से प्रदान की जा रही है।

# मुख्यमंत्री आवास योजना: 38 करोड़ की धनराशि स्वीकृति

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 के लिये कुल 38376 लाभार्थियों के आवास निर्माण हेतु तृतीय किश्त की धनराशि रूपये 3837.60 लाख (रुपये अड़तीस करोड़ सैंतीस लाख साठ हजार मात्र) स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी किया जा चुका है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि योजनान्तर्गत स्वीकृत की गई धनराशि स्टेट नोडल बैंक एकाउन्ट से पी.एफ.एम.एस. के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के खाते में अन्तरित की जाये। स्वीकृत धनराशि का आहरण एकमुश्त न करते हुए अपितु आवश्यकता के अनुसार किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का व्यय अनुमोदित परियोजना/योजना के दिशाः निर्देशों/ गाइड लाइन्स एवं संगत नियमों के अनुसार किया जायेगा। संबंधित जनपदों की मांग/ आवश्यकता का परीक्षण करते हुए धनराशि आवंटित की जायेगी।

# दस हजार से अधिक प्रतीक्षा सूची वाले तीर्थ यात्रियों को हज के लिए मंजूरी मिली

- रिक्त सीटों को भरने के लिए सूची को मिली मंजूरी

अवधनामा ब्यूरो



**नई दिल्ली/लखनऊ।** भारतीय हज समिति के तहत 2024 में हज पर जाने का इंतजार कर रहे 34,000 हजार तीर्थयात्रियों में से 10,000 से अधिक तीर्थयात्रियों को मंजूरी मिल गई है। हज कमेटी ऑफ इंडिया के सीईओ लियाकत अली अफाकी ने कहा कि सीटें रद्द होने और अग्रिम भुगतान जमा न होने के कारण रिक्त सीटों को भरने के लिए सूची को मंजूरी दे दी गई है। छत्तीसगढ़ से 82, दिल्ली से 440, गुजरात से 1594, हरियाणा से 1594, कर्नाटक से 23, केरल से 1380, मध्य प्रदेश से 1561, महाराष्ट्र से 558, मणिपुर से 2499, तमिलनाडु से 50, तमिलनाडु से 633 और तमिलनाडु से 1316 शव मिले। तेलंगाना। के लिए स्वीकृत अफाकी ने आगे बताया कि प्रतीक्षा सूची से अनुमोदित तीर्थयात्रियों के लिए हज खर्च की पहली किस्त और दूसरी किस्त की कुल राशि -/2,51,800 है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) या यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) की किसी भी शाखा में 10 मार्च 2024 तक या उससे पहले भारतीय हज समिति के खाते में जमा करें। जबकि मूल अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट (मशीन से पढ़ने योग्य), हज आवेदन पत्र, जमा की गई पे-इन स्लिप/ऑनलाइन रसीद की प्रति, मेडिकल स्क्रीनिंग और फिटनेस प्रमाणपत्र, शपथ पत्र/ संविदा और अन्य नियत तिथि तक आवश्यक दस्तावेज अपनी संबंधित प्रांतीय हज समिति को जमा करें। भारतीय हज समिति के मुख्य कार्यकारी लियाकत अली अफाकी ने तीर्थयात्रियों से किसी भी जानकारी के लिए भारतीय हज समिति या राज्य हज समितियों के कार्यालयों से संपर्क करने की अपील की।

# आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ का हुआ गठन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सौरभ दीक्षित मीडिया प्रभारी द्वारा अवगत कराया गया कि जलकल नगर निगम नियमित एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ लखनऊ की जोन 5 इकाई के पदाधिकारियो का गठन नितिन त्रिवेदी, अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से अनिल कुमार सोनकर जोनल अध्यक्ष, अजय त्रिपाठी जोनल महामंत्री प्रखर द्विवेदी वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी सम्मिलित हैं।

# 26 को रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण करेंगे प्रधानमंत्री

- गोमतीनगर, लखनऊ सिटी और डालीगंज स्टेशन पर कार्यक्रम का होगा आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**नई दिल्ली/लखनऊ।** पीएम नरेन्द्र मोदी 26 फरवरी को हो अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत संवर रहे रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण करेंगे। हालांकि गोमतीनगर रेलवे स्टेशन अमृत योजना में नहीं है। इसके बाद भी इसका लोकार्पण इसी तारीख को कर दिया जायेगा। गोमतीनगर रेलवे स्टेशन के लोकार्पण के बारे में शुक्रवार को पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 फरवरी को ऑनलाइन माध्यम से इसका लोकार्पण करेंगे। डीआरएम ने बताया कि इसके बाद स्टेशन यात्रियों के लिए खुल जायेगा। लखनऊ के गोमतीनगर, लखनऊ सिटी और डालीगंज स्टेशन पर कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। यहां से कई नई ट्रेनें चलाने का प्लान तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि गोमतीनगर टर्मिनल से देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस चलेगी। रेलवे बोर्ड को इसका प्रस्ताव भेजा गया है। इसके अलावा बिहार, बंगाल, दिल्ली, मुम्बई और नॉर्थ ईस्ट के लिए भी गोमतीनगर से नई ट्रेनों को चलाने की योजना है। वहीं, कटरा और जगन्नाथ पुरी के लिए भी गोमतीनगर टर्मिनल से ट्रेनें चलेंगी। गोमतीनगर स्टेशन का निर्माण 10 एकड़ क्षेत्रफल में किया गया है। स्टेशन की उत्तर दिशा की टर्मिनल बिल्डिंग भूतल के साथ दो तल की और दक्षिण टर्मिनल की बिल्डिंग भूतल के साथ एक तल की है। इसके अलावा 28 मीटर गुणे 85 मीटर का एयर कानकोर्स बनाया गया है। वेटिंग रूम, कैफेटेरिया और लाउंज की सुविधा भी होगी। नये टर्मिनल पर 14 लिफ्ट और 13 एक्सेलेटर यात्रियों के लिए होंगे। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने गोमतीनगर रेलवे स्टेशन के लोकार्पण की तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। यह उत्तर प्रदेश का पहला विश्वस्तरीय स्टेशन होगा। विश्वस्तरीय स्टेशन का निर्माण रेल भूमि विकास प्राधिकरण आरएलडीए कर रहा है।